e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 291
# प्रभात मंत्र
शनिवार
26.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

औकात से ज्यादा अगर बिना मेहनत के मिल जाए, तो आँखे अंधी और आत्मा बहरी हो जाती है!

## पूर्व सीएम चंपाई, सुदेश सहित कई दिग्गजों ने किया नामांकन

**शुक्रवार को पहले चरण के नामांकन की अंतिम तिथि थी**

**नामांकन के बाद चंपाई ने कहा**

मौके पर चंपाई सोरेन ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र और पूरे झारखंड में भाजपा की लहर है. मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करना पार्टी का काम है. यह कोई बड़ी बात नहीं है. इस बार झारखंड में भाजपा ही सरकार बनायेगी.





**सुदेश के नामांकन में मौजूद रहे असम के सीएम**

आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा सीट से नामांकन किया। पर्चा भरने के दौरान सुदेश के साथ असम के सीएम सह भाजपा झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा मौजूद रहे। नामांकन से पहले मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से समाहरणालय तक पदयात्रा का आयोजन किया गया।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को सरायकेला सीट से नामांकन दाखिल किया. पर्चा दाखिल करने से पहले उन्होंने अपने माता-पिता की तस्वीर को नमन किया. इसके बाद चंपाई सोरेन जिलिंगगोड़ा गांव गये और वहां जाहेरथान में माथा टेका. जाहेरथान और गोंसाडे में पूजा-अर्चना करने के बाद नामांकन दाखिल करने के लिए प्रस्थान किया. मौके पर चंपाई सोरेन ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र और पूरे झारखंड में भाजपा की लहर है. मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करना पार्टी का काम है. यह कोई बड़ी बात नहीं है. इस बार झारखंड में भाजपा ही सरकार बनायेगी. नामांकन के समय चंपाई के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह देव, आदित्यपुर नगर निगम के निवर्तमान मेयर विनोद श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री आप्त सचिव रहे गुरु प्रसाद महतो, पितोवास प्रधान मौजूद रहे.इधर आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा सीट से नामांकन किया। पर्चा भरने के दौरान सुदेश के साथ असम के सीएम सह भाजपा झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा मौजूद रहे। नामांकन से पहले मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से समाहरणालय तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में हिमंता विश्व सरमा, सुदेश महतो की पत्नी नेहा महतो समेत एनडीए के कई नेता और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। बता दें कि झारखंड में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होना है। पहला 13 नवंबर और दूसरा 20 नवंबर को। नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

**जेएमएम ने जामा से लुईस मरांडी को बनाया उम्मीदवार**



झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पांचवी लिस्ट जारी कर दी है. पांचवी लिस्ट में जामा सीट (एसटी) पर पार्टी ने लुईस मरांडी को उम्मीदवार घोषित किया है. हालांकि पहले से ही इस बात के कयास लगाये जा रहे थे. जिसपर अब लगाम लग गया है.इससे पहले झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की थी. चौथी सूची में सरायकेला और खूंटी से उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी. सरायकेला से पार्टी ने गणेश महली को उम्मीदवार बनाया है. वहीं खूंटी सीट से स्नेहलता कंडूलना को हटाकर राम सूर्या मुंडा को टिकट दे दिया है.

**भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची**

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की. इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान,असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,बाबूलाल मरांडी, अमर कुमार बाउरी, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, रवींद्र कुमार राय, धर्मेंद्र प्रधान, मोहन यादव, स्मृति ईरानी, नायब सिंह सैनी, मोहन चरण मांझी, विष्णुदेव साईं, अर्जुन मुंडा, नित्यानंद राय, केशव प्रसाद मौर्य, सम्राट चौधरी, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, चंपाई सोरेन, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, करिया मुंडा, दीपक प्रकाश, बिद्युत वरण महतो, निशिकांत दूबे, ढुल्लू महतो, सुवेंद्र अधिकारी, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सीता सोरेन, रामचंद्र चन्द्रवंशी, मनोज सिंह और घूरन राम का नाम शामिल है.

## 50 लाख का डोडा, 32 लाख का गांजा व 25 लाख नगद बरामद



**रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से पंजाब जा रहे एक ट्रेलर पर डोडा लादकर ले जाया जा रहा है। चुटूपालू घाटी में जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रेलर को रोकने का प्रयास किया लेकिन वह गाड़ी नहीं रुकी। ड्राइवर ने तेज गति से गाड़ी को भगाने का प्रयास किया और वह घाटी में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने जब ट्रेलर की तलाशी ली तो उसमें 28 बोरियों में 543 किलो डोडा छुपा कर ले जाया जा रहा था।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड पुलिस पूरी तरह से सचेत है। शुक्रवार को राज्य के कई जिलों से नशा के समान और नगदी बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बारियातू थाना क्षेत्र के बारियातू मध्य विद्यालय के पास स्थित नरेश प्रसाद और सनोज प्रसाद के घर में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया। बरामद गांजा की कीमत 32 लाख 42 हजार रुपये है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। रामगढ़ पुलिस ने 50 लाख के डोडा के साथ तस्करी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 543 किलोग्राम डोडा जब्त किया गया है। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से पंजाब जा रहे एक ट्रेलर पर डोडा लादकर ले जाया जा रहा है। चुटूपालू घाटी में जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रेलर को रोकने का प्रयास किया लेकिन वह गाड़ी नहीं रुकी। ड्राइवर ने तेज गति से गाड़ी को भगाने का प्रयास किया और वह घाटी में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने जब ट्रेलर की तलाशी ली तो उसमें 28 बोरियों में 543 किलो डोडा छुपा कर ले जाया जा रहा था। कोडरमा जिले के जवाहर घाटी में चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक कार से 25 लाख नकदी बरामद हुआ है। पुलिस ने इस मामले में मजीद खान को हिरासत में लिया है। चंदवारा थाने में उससे पूछताछ की जा रही है। नकदी के बारे में पुलिस जानकारी हासिल कर रही है। मजीद खान कोलकाता से बिहार जा रहा था। इसी दौरान चेक पोस्ट पर जांच के दौरान वह नकदी के साथ पकड़ा गया।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने बारामुल्ला में शहीद हुए सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर :** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले आरएफएन जीवन सिंह, आरएफएन कैसर अहमद शाह और रक्षा पोर्टर मुश्ताक अहमद चौधरी और जहूर अहमद मीर को पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धांजलि दी।उपराज्यपाल ने 24 अक्टूबर, 2024 को बूटापथरी सेक्टर में राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों और रक्षा पोर्टरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि भारत उनकी निस्वार्थ सेवा और उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। हम शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता में खड़े हैं।

### तिरुपति के कई होटलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**हैदराबाद :**आंध्र प्रदेश के तिरूपति जिले में कई होटलों को बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। लीला महल सेंटर के तीन होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। होटल के मालिक ने पुलिस को मामले की जानकारी दी है। होटल मालिक को मिले मेल में दूसरे होटलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस ने धमकी मिले होटलों में चेकिंग अभियान शुरू किया है।पुलिस की जांच में पता चला कि धमकी भरे मेल में कहा गया कि तमिलनाडु में आतंकी जफर सादिक को सजा दी गई है। सजा दिलाने में मुख्यमंत्री स्टालिन ने मदद की है। इसलिए आईएसआई धमाके करने की कोशिश करेगी।

### विलुप्त लोक एवं जनजातीय कला उत्थान महोत्सव में दिखी मध्य प्रदेश की आंचलिक झलक

**भोपाल :** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज एवं जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में 'विलुप्त लोक एवं जनजातीय कला उत्थान महोत्सव' का आयोजन शुक्रवार को मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय में किया गया। इस एक दिवसीय महोत्सव की शुरुआत दीप प्रज्जवलन एवं कलाकारों के स्वागत से की। इस दौरान विधायक, दक्षिण पश्चिम भगवान दास सबनानी, निदेशक जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी डॉ. धर्मेंद्र पारे, जोन के सहायक निदेशक शील द्विवेदी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ज्ञानवापी मूल वाद में शेष परिसर के सर्वे का आवेदन खारिज

**वाराणसी** : ज्ञानवापी के मूल 32 साल पुराने मामले में शुक्रवार को सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट युगुल शंभू की अदालत ने वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी का आवेदन खारिज कर दिया। न्यायालय के इस फैसले से वादी हिन्दू पक्ष को बड़ा झटका लगा है।फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि एएसआई सर्वे का शेष हिस्सा सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर संरक्षित है। इसके साथ ही वादी पक्ष ने सम्पूर्ण सर्वेक्षण करने की मांग के लिए ठोस कारण प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसलिए आगे का सर्वेक्षण आवश्यक नहीं है।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 7 शूटर्स गिरफ्तार, हरियाणा में करने वाले थे मर्डर

**नई दिल्ली** : लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ दिल्ली पुलिस लगातार शिकंजा कस रही हैं. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को गैंग के सात शूटर्स को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है. यह शूटर्स हरियाणा में एक मर्डर की वारदात को अंजाम देने वाले थे. हालांकि स्पेशल सेल ने समय रहते ही इनके मंसूबों को नाकाम कर दिया. आरोपियों के पास से पुलिस ने काफी संख्या में हथियारों की भी बरामदगी की है.



**रांची का तापमान**

अधिकतम 27°
न्युनतम 20°

## महागठबंधन में दरार, कई सीटों पर दोस्ताना संघर्ष




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय जनता दल का विरोध शुरू से रहा है। शुरुआत में सात सीट दिए जाने के बाद राजद नेता खफा हो गए थे। हालांकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और तेजस्वी यादव के बीच वार्ता के बाद छह सीटें राष्ट्रीय जनता दल को देने का निर्णय लिया गया था, लेकिन प्रथम चरण के नामांकन खत्म होते-होते बात बिगड़ गयी। बात अगर पलामू की करें तो यहां विश्रामपुर, छतरपुर और हुसैनाबाद से महागठबंधन के कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतर गए हैं। उनके बीच दोस्ताना संघर्ष होगा। राष्ट्रीय जनता दल द्वारा विश्रामपुर सीट से नरेश सिंह को टिकट दिए जाने के कुछ दिन बाद और नामांकन के एक दिन पहले कांग्रेस ने इस सीट से सुधीर कुमार चंद्रवंशी को अपना उम्मीदवार बना दिया। इसी तरह छतरपुर सीट कांग्रेस को देने के बाद नामांकन के अंतिम दिन राष्ट्रीय जनता दल द्वारा यहां से पूर्व प्रत्याशी विजय राम को उम्मीदवार बना दिया गया। कांग्रेस इस सीट से पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर को अपना उम्मीदवार बनाया है। 2019 के चुनाव में राधा कृष्ण किशोर आजसू पार्टी से उम्मीदवार थे, जबकि विजय राम राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ते हुए दूसरे स्थान पर रहे थे। इसी तरह हुसैनाबाद विधानसभा सीट पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के उम्मीदवार घोषित होने के बाद नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस नेता एम तौसीफ ने नामांकन पर्चा भर दिया। हालांकि उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है।

## मतदाता जागरूकता का हिस्सा बनेंगे महेंद्र सिंह धोनी : के रवि कुमार

*** 51 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त**

**आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज की गयीं हैं। उसमें सर्वाधिक 9 प्राथमिकी गढ़वा जिले में दर्ज हुईं हैं।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के रवि कुमार ने बताया कि मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का हिस्सा बनेंगे। इस आशय का पत्र उन्होंने निर्वाचन आयोग को दिया है। निर्वाचन आयोग उनकी तस्वीर का उपयोग स्वीप के कार्यक्रमों में करेगा। वहीं मतदाताओं को अधिकाधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करनेवाली उनकी अपील का उपयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने में होगा। उन्होंने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के कार्यालय से जुड़ कर मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करेंगे। कहा, नामचीन शख्सियत के जुड़ाव से मतदाता जागरूकता अभियान को बल मिलेगा। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार को हजारीबाग और रामगढ़ के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण किये और स्वीप की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम में कुछ त्रुटियां मिलीं, जिनके अविलंब निराकरण के निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रथम चरण के चुनाव के लिए नामांकन की अवधि खत्म हो गयी है। नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज की गयीं हैं। उसमें सर्वाधिक 9 प्राथमिकी गढ़वा जिले में दर्ज हुईं हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 51.17 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं।

## पूर्व सीएम मधु कोड़ा नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

*** सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक से किया इनकार**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : कोयला घोटाला मामले में दोषी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मधु कोड़ा की दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। उन्हें निचली अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई है। वे इस सजा पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अब वे विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।मधु कोड़ा ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई तीन साल की सजा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी थी। कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। मधु कोड़ा झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते थे। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने भी उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि याचिकाकर्ता केवल इस आधार पर फैसले पर रोक लगाना चाहता है कि वह चुनाव लड़ सके, जो उचित नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इस मामले में सीबीआई की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट आरएस चीमा से कहा कि वह कोर्ट के पहले के फैसलों पर गौर करे जिसमें यह कहा गया था कि सजा के निलंबन का दायरा बेल के मामलों में निर्धारित दायरे से अलग है। चीमा ने सुप्रीम कोर्ट के पहले फैसले पर गौर करने पर सहमति जताई।



## सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर-मनोहरपुर :** शुक्रवार को मनोहरपुर रांची मुख्य मार्ग बानो थाना के हाटिंगहोडे हुरपी के समीप सड़क हादसे में तीन युवक की दर्दनाक मौत हो गयी।यह घटना लगभग शाम 4 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक हाटिंगहोडे बजार से डुमरिया अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी हाटिंगहोडे हुरपी मोड के समीप विपरित दिशा से आ रही हाइवा ट्रक के चपेट मे आने से तीनों बाइक सवार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर बानो पुलिस घटनास्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे ले लिया है। पुलिस के मुताबिक़ मृतक तीनो युवक डुमरिया पंचायत के रहने वाले है। किंतु अभी तक तीनो मृतक युवकों के नाम का पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा हाइवा को जब्त कर लिया गया है। वहीं बानो थाना पुलिस मामले की जांच करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने में जुट गई है।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
कोई स्टेज, कोई लक्षण
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
Dr. Barath Raj Kumar.S
M.S., MRCS (Edin.), M.Ch (Surgical Oncology)
Consultant
Surgical Oncologist
Surgical Oncology
दिन :- प्रतिदिन सोमवार से शनिवार
समय :- सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

# बसपा प्रत्याशी पंकज चौबे ने किया नामांकन दाखिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बसपा प्रत्याशी पंकज चौबे ने अपना नामांकन निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। नामांकन के बाद शोभा यात्रा निकाला गया।बाद में शोभा यात्रा गोसाई बाग के मैदान में सभा मे तब्दील हो गया। इस नामांकन सभा मे लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि पॉवर प्लांट और सीमेंट फैक्ट्री झामुमो और भाजपा का जुमला है। पॉवर प्लांट और सीमेंट फैक्ट्री लगाना न तो पूर्व विधायक के बस की बात है न ही विधायक भानु प्रताप शाही के बस का है। ये लोग चुनाव जीतने के बाद चार साल आठ महीना तक किसी का हाल चाल नही पूछेगा। बाकी के दो महीने में दुनिया भर का सपना दिखायेगा। पैसा से भीड़ बटोरेगा और लोगो का ब्रेन वास् करेगा।उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि आप अपने अधिकार को समझे।प्रत्येक पांच साल में आपको सरकार को बनाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जो अधिकार आपको दिलाया है। उसका सही उपयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र में बेरोजगारी प्रमुख मुद्दा है।इसके साथ ही शिक्षा भी जरूरी है। आप सभी को सोचना होगा कि आप अपने मताधिकार का प्रयोग कहा करेंगे। पैसा लेकर अपने वोट को बेचेंगे या फिर जिसने आपको आपका अधिकार दिलाया उसे वोट करेंगे।

## हुसैनाबाद हरिहर गंज विधानसभा क्षेत्र से कुल बाइस प्रत्याशीयों ने नामांकन पत्र दाखिल किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज से कुल बाइस प्रत्याशीयों ने नामांकन पत्र दाखिल किया जिनमें मुख्य रूप से कमलेश कुमार सिंह भाजपा, संजय कुमार सिंह यादव आरजेडी, विनोद कुमार सिंह निर्दलीय, कर्नल संजय सिंह निर्दलीय, कुशवाहा शिवपुजन मेहता बहुजन समाज पार्टी, मोहम्मद तौसीफ निर्दलीय, अनीता देवी निर्दलीय, मुकेश चोधरी निर्दलीय, अवधेश सिंह निर्दलीय, अशोक कुमार मेहता राष्ट्रीय समानता दल, मनोज मेहता निर्दलीय, अमरजीत कुमार निर्दलीय, नरेश पासवान निर्दलीय, सुभादा कुमारी निर्दलीय, गौतम कुमार निर्दलीय, पभा देवी आजाद समाज पार्टी, बाबर अंसारी निर्दलीय, कमलेश कुमार यादव समाज वादी पार्टी, राजेन्द्र यादव निर्दलीय, ओमप्रकाश कुमार निर्दलीय, उमाशंकर शर्मा निर्दलीय, बब्लू कुमार निर्दलीय, ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

## शहर थाना पुलिस ने आबादगंज से जप्त किया 50 लीटर अवैध महुआ शराब



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू एसपी के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान ने शहर के आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास से 50 लीटर अवैध महुआ शराब को जब्त किया है।बताते चले की विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू एसपी के निर्देश पर पलामू जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध शराब का धंधा करने वाले के प्रति छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिला था की आबदगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास अवैध महुआ शराब की खरीद बिक्री की जा रही है। इसी गुप्त सूचना पर पुलिस जब वहां पहुंची तो शराब तस्कर शराब को छोड़कर वहां से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस के द्वारा शराब को जप्त कर उसे थाना ले जाया गया। शराब जप्त होने के बाद से पुलिस शराब की तस्करी करने वाले व्यक्ति की खोजबीन में जुट गई है। मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान इरफान खान,संतन कुमार मेहता, इसरार खान मुख्य रूप से मौजूद थे।

## एसपीडी कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा के निर्देशानुसार एनएसएस एवं एनसीसी के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, कार्यक्रम पर कार्यशाला आयोजित किया गया। साथ ही तंबाकु मुक्त युवा अभियान 2.0 एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम भी चलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. निकलेश चैबे ने कहा कि सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा आयोजित यह एक बेहतर कार्यक्रम है। बेहतर स्वास्थ्य सफल जीवन के सफलता की कुंजी है चाहे वह शारीरिक हो अथवा मानसिक। आज के युवा वर्ग को इस पर गौर करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर एनसीडी सेल, सदर अस्पताल गढ़वा के मनोवैज्ञानिक संजीव शरण ने मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में कॉमन मेंटल डिजॉडर, ड्रग एब्यूज्ड डिजाडर, टोबैको फ्री इंडिया कैम्पेन आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी रखी। उन्होने इसके निदान भी बताए। इस मौके पर मतदाता जागरुकता के संबंध में जानकारी रखी गयी। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. केके सिन्हा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी रखी। कार्यक्रम में एनसीडी सेल की शारदा कच्छप, राजकुमार वर्मा, प्रो. बिरेन्द्र पाण्डेय, प्रो. दिवाकर चतुर्वेदी, प्रो. शारदा कुमारी, प्रो. केबी अंसारी, प्रो. अरविन्द गुप्ता, प्रो. धीरेंद्र मिश्रा, प्रो. अर्जुन प्रसाद, विनीत चौबे, पुनीत चौबे, सिमरन आदि उपस्थित थे।

## छतरपुर किशोर सहित 14 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर पाटन विधानसभा से नामांकन का नामांकन का आखिरी दिन 25 अक्टूबर को बिभिन्न राजनीतिक दल और निर्दलीय से 11 प्रत्याशियों ने अपना अपना नामांकन दाखिल किया। सभी प्रत्याशियों ने अपने हजारों समर्थकों के साथ ढोल नगाड़े के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर अपना नामांकन दाखिल किया. जिसमे चंद्रमा कुमारी निर्दलीय, संदीप कुमार निर्दलीय, अनिल मांझी निर्दलीय, प्रति राज लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, चंचला देवी बहुजन समाज पार्टी, राधा कृष्ण किशोर कांग्रेस राजेश रोशन निर्दलीय, अवधेश राम लोकहित अधिकार पार्टी, ममता भुइया समाजवादी पार्टी, कन्हाई राम हम पार्टी, विजय राम राष्ट्रीय जनता दल से नामांकन दाखिल किया कांग्रेस के सिंबल पर नामांकन दाखिल करने के बाद राधा कृष्ण किशोर ने कहा लोगों से अपील करता हूं कि आप इलाज के लिए अच्छे डॉक्टर का चयन करते हैं बच्चों की पढ़ाई के लिए अच्छे शिक्षक का चयन करते हैं तो इस तरह 5 साल के लिए अच्छे प्रत्याशियों का चयन करें जो विधानसभा क्षेत्र का सही विकास कर सके। छतरपुर विधानसभा से भाजपा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, बसपा, निर्दलीय सहित कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया।

## बसपा विधानसभा सचिव बृजनाथ आर्य सहित सैकड़ो लोग भाजपा में शामिल



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भजपा मंडल कार्यालय में बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा सचिव बृजनाथ आर्य सहित सैकड़ो लोग लोग अन्य पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थामा। पार्टी छोड़ भाजपा में आये सभी लोगो को मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव ने पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया। उक्त मौके पर कामाख्या यादव, तारा देवी, कुलपति देवी, उर्मिला देवी, फुलेश्वरी देवी, लल्लू राम, विद्या उरांव, कल्पनाथ अगरिया, गीता कुंवर, दिलीप कुमार पासवान, जयराम पासवान, मोती भुइयां, लल्लू राम, शशिकांत यादव, सलीम अंसारी, अशफाक मोहम्मद, समीर आलम सहित अन्य लोगो ने विधायक की विकास और आम अवाम लोगो का विश्वास देख भाजपा में शामिल होने का निश्चय किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने कहा कि बसपा, झामुमो, और अन्य पार्टिया हमेशा सिर्फ और सिर्फ जनता को बर्गलाने का काम किया है, जबकि कोरोना काल में और अन्य समय जब जनता को जरूरत पड़ता है तब यह राजा और अन्य प्रत्याशी सब सो जाते हैं। जबकि अकेले भानु प्रताप शाही जनता के सेवा में शामिल रहता है, जनता के बीच में रहता है। और जब चुनाव आती है तो सब जाग जाते हैं और जनता को पर बर्गलाने का काम करते हैं। इसलिए आप सभी भाजपा से जुड़िए और भाजपा को मजबूत कीजिए।

## मुमताज खान ने नामांकन में दिखाया अपना दम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** विधानसभा क्षेत्र के आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज खान ने नामांकन कर दिया। नामांकन में उमड़ी हजारों की भीड़ से यह साबित हो गया कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में मुमताज खान का जलवा बरकरार है। अपना नामांकन दाखिल करने के बाद आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज खान ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। यहां अभी तक के किसी भी जनप्रतिनिधि ने समस्याओं को खत्म करने के बारे में नहीं सोचा। इस क्षेत्र में शिक्षा का घोर भाव है। जबकि आज के समय में शिक्षा सबके लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अगर वह विधायक बनते हैं तो पूरे विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति को मजबूत करेंगे। ताकि हर गरीब का बच्चा पढ़ लिखकर ऑफिसर बने। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का भी घोर अभाव है। क्षेत्र में किसी भी अस्पताल में डॉक्टर नहीं रहते हैं। इस कारण इस क्षेत्र के लोगों को अपना इलाज करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुमताज खान ने कहा कि किसी भी प्रखंड में अधिकारी और कर्मचारी अपने नियत समय पर कार्यालय नहीं आते हैं। इस कारण आम जनता को काफी परेशानी सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई की भी कमी है। यहां अगर खेत संचित होता तो किसान खुशहाल रहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर वह विधायक बनते हैं पांकी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा को मजबूत करेंगे।

# शिक्षक ने किया छात्र की बेरहमी से पिटाई, माता-पिता ने थाने में कराया मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव स्थित मिलेनियम पब्लिक स्कूल के एक शिक्षक ने छात्र को बेहरमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा कि स्कूल के शिक्षक शोभित कुमार ने गाली देने के आरोप में छात्र की इतनी बेहरमी से पिटाई की कि वह बेहोशी हालत में स्कूल के बेंच पर क्लासरूम में गिर गया। जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बदहवाश स्थिति में छात्र डरा सहमा घर पहुंचा। छात्र की पीठ और कान के पास छोटे के निशान आ गए। घर वालों ने आनन फानन में घायल छात्र को प्राथमिक इलाज कराया। इसके बाद बच्चे ने घटना की पूरी जानकारी घर वालों को दी। उसके बाद बच्चे के माता पिता ने स्कूल के निदेशक मुमताज रही से बातचीत किया लेकिन उन्होंने इस मामले को गंभीरता से ना लेते हुए संतोष जनक जवाब नहीं दिया। निर्देशक द्वारा मामले को रफा-दफा करने पर पड़े रहे। जिसके बाद स्थानीय थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। मामला थाना क्षेत्र के जंगीपुर स्थित ब्लॉक मोड निवासी शंभू कुमार के 14 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार मिलेनियम पब्लिक स्कूल में सातवीं कक्षा के छात्र का है।

**घायल बच्चे की जुबानी**

घटना के संबंध में पीड़ित दीपक कुमार ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह गुरुवार को स्कूल गए हुए थे। इसी बीच अपने क्लास के कुछ दोस्तों के साथ खेलकूद रहे थे। खेलकूद के क्रम में एक दोस्त ने दीपक कुमार को मार कर भागने लगा। इसी बीच दोनों दोस्त के बीच नोंकझोंक होने लगी। इसे देख स्कूल के शिक्षक शोभित कुमार आए और दोनों छात्रों की पिटाई कर अलग कर दिए। बाद में शिक्षक ने दीपक कुमार को थप्पड़, केहूनी, डंडा व लात घुसा से बेहरमी से पिटाई कर दिए। इतना ही नहीं शिक्षक शोभित कुमार ने छात्र को धमकी भरे शब्दों में यह भी कहा कि यह तो अभी ट्रेलर है फिल्म अभी बाकी है।

**क्या कहते है स्कूल के निदेशक मुमताज**

मिलेनियम पब्लिक स्कूल के निदेशक मुमताज राही ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि छात्र की पिटाई शिक्षक ने की है। इसकी जानकारी छात्र के परिजन व स्कूल में मिली है। घटना के वक्त में स्कूल में मौजूद नहीं था। सामाजिक स्तर पर समझौता कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक द्वारा छात्र की पिटाई करना गलत है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के एसपी के निर्देश पर धुरकी पुलिस एक्शन मोड में



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर धुरकी पुलिस एक्शन मोड में है। पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चलाकर शराब तस्करों, फिरारियो, वारंटियों एवं अन्य तस्करों पर शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में बुधवार की रात्रि में धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में धुरकी पुलिस ने टीम गठित कर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अभियान चलाकर गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया की विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रात्रि में अलग अलग टीम का गठन कर वारंटी, फिरारी की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया गया।इस क्रम में कटहर कला निवासी सुभाष गुप्ता, अजय उरांव, भण्डार निवासी सुरेंद्र कोरवा एवं शिवपूजन कोरवा सहित चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज गया है । थाना प्रभारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह सख्त है। गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे किसी भी वारंटी, फिरारी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। वे कहीं भी छिपे रहेंगे तो भी उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा। इसलिए वे अविलंब आत्मसमर्पण कर दें। आगे कहा कि इस तरह की छापामारी आगे भी जारी रहेगी। विदित हो कि एक सप्ताह के भीतर धुरकी पुलिस ने 25 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। छापामारी दल में धुरकी थाना के सब इंस्पेक्टर सुनील राम, बिकू रजक, एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव, संजय सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अंतर जिला प्रतियोगिता के लिये गढ़वा जिला फुटबॉल टीम धनबाद रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए गढ़वा जिला फुटबॉल टीम कप्तान आकाश दीप के नेतृत्व में धनबाद रवाना हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता चार ग्रुपों में खेला जा रहा है। गढ़वा जिले की टीम को ग्रुप बी में रखा गया है। ग्रुप बी का सभी मैच धनबाद जिला में धनबाद के सिजुआ मैदान में खेला जाएगा। ग्रुप बी मैं 6 टीम है जिसमें गढ़वा पलामू रामगढ़ चतरा धनबाद और गोड्डा शामिल है। गढ़वा का मैच 26 अक्टूबर को चतरा के साथ खेला जाएगा। इसके लिए गढ़वा जिला की टीम आज शक्तिपुंज एक्सप्रेस से धनबाद के लिए कप्तान आकाश दीप ऋषि के नेतृत्व में रवाना हुई। टीम में निरोज लकड़ा, सीबी सिंह, मनजीत तिर्की, आकाश कुमार, रमाकांत रजक, बबलू मुर्मू , सविंद्र लकड़ा, उमंग तिर्की, विजय सिंह, अंकित सिंह, आर्यन कुजूर, अमोस गीध, दीप रंजन बाखला, महेंद्र सिंह, मोहन सिंह शामिल है। टीम के कोच अमित सिंह, टीम मैनेजर कंचन कुमार को बनाया गया है। टीम को शुभकामना देते हुए गढ़वा जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने बताया की टीम काफी संतुलित है। सभी नए खिलाड़ी हैं और विगत एक सालों में इनका परफॉर्मेंस काफी अच्छा रहा। बधाई देने वालों में फुटबॉल संघ के कार्यकारी सचिव अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ राम, संरक्षक राकेश पाल, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी विजय केसरी मनीष केसरी पंकज केसरी ओमप्रकाश तिवारी उमेश सहाय सुशील तिवारी विकास पांडे अजय कांत राकेश पांडे किशोर कुणाल चंद्र बहादुर सिंह रमाशंकर सिंह कौशलेश तिवारी शमशाद अहमद प्रदीप कुमार ओम प्रकाश गुप्ता गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह आदि ने बधाई दी।

# विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधा एवं विधि व्यवस्था की जानकारी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास ने शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्थित बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस क्रम में बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय निमियां, राजकीय मध्य विद्यालय लादी, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरदा, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुदागा कला, राजकीयकृत नव उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरोह, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुरा खुर्द सेमरा, उत्क्रमित प्राथमिक करसो सहित अन्य विद्यालय बूथों का निरीक्षण किया साथ ही निरीक्षण कर संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मतदान केंद्र में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदानकर्मी और ग्रामीण जनता को मतदान के दौरान परेशानी न हो, जिसके लिए सभी मतदान केंद्रों में पेयजल, बिजली, शौचालय और दिव्यांग मतदाता के लिए रैम्प का व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। जहां कुछ मतदान केंद्र पर जिसमें पाया गया कि मूलभूत सुविधाओं में बिजली, पानी की व्यवस्था लगभग सभी जगहों पर थी। कुछ जगहों पर साफ सफाई आदि की आवश्यकता है जिस को सुदृढ़ किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पंचायत राज पदाधिकारी राधेश्याम राम, प्रखंड पंचायती राज समन्वयक अमित चौबे उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में विधायक के भतीजे सहित दो गंभीर रूप से घायल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर- श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर गुरुवार की रात्रि करीब साढ़े सात बजे नेपाल खोह के पास एक सड़क दुर्घटना में विधायक भानु प्रताप शाही के भतीजे हैप्पी प्रताप शाही और भवनाथपुर के अंकित राज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों विधायक भानु के नामांकन कार्यक्रम के बाद देर शाम भवनाथपुर लौट रहे थे।घायलों को तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अंकित राज सिंह को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया, और वहां से रांची रेफर कर दिया गया। हैप्पी प्रताप शाही ने बताया कि वे और अंकित श्री बंशीधर नगर से जनसभा के बाद बाईक से लौट रहे थे। इसी दौरान नेपाल खोह के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो वाहन, जिसमें जेएमएम का झंडा लगा था, लापरवाही से उनकी ओर आकर उनकी बाइक से टकरा गया। पीछे आ रहे अन्य बाईक सवार कार्यकर्ताओं ने बोलेरो को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक तेजी से श्री बंशीधर नगर की ओर भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ा। विधायक भानु प्रताप शाही स्वयं अस्पताल पहुंचे और घायल अंकित राज को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजवाया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, शनिवार, 26 अक्टूबर 2024 | पेज 3


## संक्षिप्त खबरें

### टिकट बेचने वाली पार्टी है कांग्रेस : हिमंत विश्व सरमा

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड के उप चुनाव प्रभारी हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की परंपरा रही है कि वह 20 प्रतिशत टिकट बेच देती है और उसी पैसे से चुनाव लड़ने की कोशिश करती है। यह कांग्रेस पार्टी की सामान्य कार्यशैली है। हिमंता ने कहा कि चूंकी वह कांग्रेस में रह चुके हैं, तो उसी अनुभव के आधार पर बोल रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि बरहेट और टुंडी विधानसभा से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि बरहेट को लेकर पार्टी प्रत्याशी तय कर चुकी है। बस टुंडी सीट को लेकर आजसू से वार्ता होनी है। जल्द ही इस सीट पर भी निर्णय हो जाएगा।

### जिला जुनियर बालक-बालिका खो-खो खुली चयन प्रतियोगिता सम्पन्न

**रांची :** जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राँची जिला जूनियर बालक- बालिका खो-खो खुली चयन प्रतियोगिता का आयोजन लीची बागान प्रांगण, धुर्वा,रांची में किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे राँची जिले से लगभग एक सौ बालक-बालिका खिलाड़ी ने भाग लिया। इस खुली चयन प्रतियोगिता के आधार पर राँची जिला बालक-बालिका टीम का चयन किया गया। राँची टीम दिनांक 3 से 5 नवम्बर तक आयोजित झारखंड राज्य-स्तरीय जुनियर बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 2 नवम्बर को राँची रेलवे-स्टेशन से प्रस्थान करेगी। प्रतियोगिता को सफल संचालन में वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार ,कौशल कुमार, संजय कुमार,सुभाष गांगुली, श्रीकांत कुमार, खुशबू कुमारी, निखिल कुमार ने अहम भूमिका निभाई। यह जानकारी राँची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

# डीजीपी ने सीमावर्ती राज्यों के साथ की अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय सभागार में पुलिस महानिदेशक, झारखंड अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में झारखंड के सीमावर्ती राज्य छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशकों एवं वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ विधान सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। इस अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की बैठक की शुरुआत में अपर पुलिस महानिदेशक अभियान, संजय आनंदराव लाठकर ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सीमावर्ती राज्यों के वरीय पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए विधान सभा चुनाव 2024 की तैयारी हेतु इस बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला। इस बैठक में पुलिस महानिदेशक, झारखंड ने मुख्य रूप से खुफिया जानकारियों को समय पर सक्रिय रूप से साझा करने, नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति करने, वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य के आलोक में की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर आपसी सहयोग, अवैध शराब, नशीले पदार्थ की तस्करी एवं नकदी की अवैध आवाजाही पर प्रभावी रोकथाम, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों/अपराधी तत्वों की गतिविधियों पर नकेल कसने एवं सभी स्तरों पर अंतर्राज्यीय समन्वय बैठकों के लिए तंत्र की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

**खुफिया जानकारी का वास्तविक समय में सक्रिय रूप से आदान-प्रदान और नोडल अधिकारियों की नियुक्तिः** पुलिस महानिरीक्षक, अभियान सह राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी, झारखंड ने झारखंड पुलिस की नक्सलवाद के खात्मे पर बनाई गई रणनीति के संबंध में अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें सीमा क्षेत्रों पर उग्रवादियों के भ्रमण एवं अन्य संदिग्ध गतिविधियों को अपने आसपास के थाना क्षेत्रों से साझा करने एवं सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने हेतु सुझाव दिए गए। चुनाव कार्य हेतु राज्य से विभिन्न पुलिस पदाधिकारियों को नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है।

**वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए खुफिया जानकारी का साझा करनाः** उन्होंने वामपंथी उग्रवाद से निपटने तथा नक्सलियों पर शिकंजा कसने हेतु सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता पर बल दिया। वैसे नक्सली जिन्होंने अवैध उगाही कर विभिन्न जगहों पर संपत्ति अर्जित की है, उनकी संपत्ति की जब्ती हेतु सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं आवश्यक कार्रवाई करने पर जोर दिया गया, जिससे त्वरित कार्रवाई और नक्सलियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सकेगा। पुलिस महानिदेशक, झारखंड ने संबंधित सीमावर्ती क्षेत्रों जैसे ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम



बंगाल एवं उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सीमा क्षेत्रों पर उग्रवादियों के भ्रमण एवं अन्य संदिग्ध गतिविधियों को अपने आसपास के थाना क्षेत्रों से साझा करने एवं सूचना-तंत्र को और मजबूत करने हेतु सुझाव दिए। वामपंथी उग्रवाद से निपटने हेतु राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों पर संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान/सर्च ऑपरेशन चलाने, सीमावर्ती नक्सल क्षेत्रों में चरण-बद्ध तरीके से नक्सलियों के खात्मे की सूची उपलब्ध कराते हुए संयुक्त अभियान चलाने संबंधी जानकारी दी गई।

**सीमावर्ती क्षेत्रों से संबंधित अन्य मुद्देः** सभी राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र जहां से अफीम, डोडा, नशीली दवाएं, अवैध शराब और अन्य नशीले पदार्थो की तस्करी की संभावना होती है, उन चिन्हित चेकपोस्ट को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समय-समय पर जिलों के पुलिस अधीक्षक द्वारा औचक निरीक्षण करने का सुझाव दिया गया। वैसे अपराधी जो फरार होकर दूसरे राज्य में रह रहे हैं, उनकी सूची साझा करते हुए वांछित कार्रवाई करने पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर आर.के. मल्लिक, पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, डॉ. संजय आनंद राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक अभियान, श्री साकेत कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, सी.आर.पी.एफ. झारखंड क्षेत्र, अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक, रांची, अमोल वीनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान सह-राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी, झारखंड, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अपर अनुसंधान विभाग, पंकज कंबोज, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, नरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, पलामू, माईकल राज एस., पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो, मयूर पटेल कनैयालाल, पुलिस उप महानिरीक्षक, झारखंड सशस्त्र पुलिस, इन्द्रजीत माहथा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, झारखंड-सह-राज्य सी.ए.पी.एफ. नोडल पदाधिकारी, धनंजय कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक, जंगल प्रशिक्षण विद्यालय, नेतरहाट, कार्तिक एस., पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, अश्विनी कुमार सिन्हा, पुलिस उप महानिरीक्षक, संचार एवं तकनीकी सेवाएं-सह-नोडल पदाधिकारी ई.ई.एम. झारखंड, तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओडिशा पुलिस के पुलिस महानिदेशक, वाई.बी. खुरानिया, छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक, अशोक जुनेजा, बिहार के अपर पुलिस महानिदेशक, विधि-व्यवस्था, संजय कुमार एवं अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, अमृत राज, पश्चिम बंगाल के अपर पुलिस महानिदेशक (विधि-व्यवस्था) जावेद शमीम, उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था, अमिताभ यश एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा को हराओ, हेमंत की सरकार बनाओ : शिबू सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जामताड़ा से कांग्रेस उम्मीदवार डा इरफान अंसारी ने कहा है कि झारखंड राज्य विधाता, हमारे अभिभावक दिशोम गुरु शिबू सोरेन से उनके आवास पर जा कर आशीर्वाद लिया । गुरुजी ने बड़े अंतर से जीत का आशीर्वाद देते हुआ कहा कि सीता सोरेन हमारा घर छोड़ने के बाद अब तुमको हराने के लिए जामताड़ा चली गई। दिशोम गुरु जी ने कहा कि सीता सोरेन बीजेपी मे जा कर हमारे परिवार सहित जेएम एम को बदनाम कर रही है। पूरा जेएम एम परिवार तुम्हारे साथ है , वह सीट सिर्फ़ तुम्हारा है, तुम मेरे बेटे हो। इरफ़ान हेमंत भाई हैं । दोनों मिल कर भाजपा को हराओ, दोबारा सरकार बनाओ । पुत्र कर्तव्य निभाते हुए मैंने काफ़ी देर तक उनकी सेवा की और पैर भी दबाया ।

## इंडी गठबंधन में बढ़ती दरारें : भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने प्रेस वार्ता के माध्यम से विपक्षी गठबंधन 'इंडी' में बढ़ती आंतरिक दरारों पर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन केवल नकारात्मक उद्देश्य से बना था, और जैसे-जैसे इसमें शामिल दलों के भीतर सत्ता की लालसा बढ़ रही है, वैसे-वैसे इनके बीच के मतभेद भी गहराते जा रहे हैं।

बरही विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उमाशंकर अकेला के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद, इस क्षेत्र में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आमने-सामने होंगी। इसी तरह धनवार विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा और माले आमने



सामने है। यह स्थिति कई विधान सभाओं में है। यह स्थिति दर्शाती है कि सत्ता के लोभ में ये दल किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री पद के रोटेशनल फॉर्मूले को लेकर भी में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस में मतभेद उभरे हैं, और अब विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भी इनके बीच की खाई बढ़ती दिखाई दे रही है। अजय साह ने लिट्टीपाड़ा के विधायक दिनेश विलियम मरांडी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका आक्रोश केवल उनका व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे झामुमो के कार्यकर्ताओं की भावनाओं को व्यक्त करता है। कार्यकर्ताओं को पार्टी में अनदेखा किए जाने का अनुभव हो रहा है, क्योंकि लगातार एक ही परिवार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे पार्टी में घुटन का माहौल बन गया है।

## छात्रों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर राज्यपाल ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला के विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें, जिससे समाज के साथ-साथ राज्य और राष्ट्र भी उन पर गर्व कर सके। यह उल्लेखनीय है कि डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला के इन विद्यार्थियों द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में लद्दाख के उप राज्यपाल को पेंटिंग भेजा गया था। लद्दाख के उप राज्यपाल द्वारा इन विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए राज भवन, राँची को एक पत्र प्रेषित किया गया। उक्त अवसर पर विद्यार्थियों ने राज्यपाल को अपनी पेंटिंग भेंट की, जिसका राज्यपाल ने अवलोकन कर उनकी कलात्मक कृति की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर एक छात्रा द्वारा राज्यपाल महोदय को स्वरचित पुस्तक की प्रति भी भेंट की गई। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला के प्राचार्य ने विद्यालय की गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने राज भवन उद्यान का भी भ्रमण किया।

## सीपीआई ने कांके से संतोष कुमार रजक को बनाया उम्मीदवार

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांके विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई के प्रत्याशी कॉम संतोष कुमार रजक ने अपना नामांकन दाखिल किया नामांकन दाखिल से पूर्व सीपीआई राज्य कार्याल से जुलूस सीपीआई के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक,राष्ट्रीय परिषद के सदस्य कॉम पीके पांडेय और जिला सचिव अजय सिंह के नेतृत्व में निकाला गया ।सभी कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ नारेबाजी करते हुए पहुंचे जुलूस में मुख्य रूप से कांके विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई के कार्यकर्ता शामिल हुए। सीपीआई कांके विधानसभा क्षेत्र में लोगो के जन समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करते आई है। इसीलिए इस बार सीपीआई ने युवा चेहरा संतोष कुमार रजक को अपना उम्मीदवार बनाया है।आज तक कांके विधानसभा में जितने में विधायक हुए है उन्होंने कांके क्षेत्र का विकास न कर के लोगो को ठगने का कार्य किया है इसीलिए सीपीआई ने कांके विधानसभा क्षेत्र के लोगो से अपील किया है कि सभी लोगों को अपने मौका दिया है इस बार सीपीआई को मौका दे क्षेत्र का विकास के लिए ।इस मौके पर मुख्य रूप से निरंजन कुमार,सुधा कुमारी, अमीरउल्लाह अंसारी, तार सिंह लिंडवार,उमेश रजक श्यामल फरजाना फारूकी,सैफ,जयंत पांडेय, जैनेन्द्र कुमार,डॉ अविनाश कुमार, डेविड खलको , आरती देवी, इम्तियाज अहमद खान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## स्वीप रांची ने रन फॉर चेंज, वोट फॉर द फ्यूचर थीम के तहत एक भव्य मैराथन का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर 25 अक्टूबर 2024 को मोरहाबादी मैदान रांची में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वीप रांची द्वारा रन फॉर चेंज, वोट फॉर द फ्यूचर थीम के तहत एक भव्य मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में बॉयज के लिए 7.5 किलोमीटर और गर्ल्स के लिए 5 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया गया।

### लोगों का उत्साह देखते बन रहा था

इस कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 700 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की गई।उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक शहर रांची, राज कुमार मेहता द्वारा मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस कार्यक्रम में परीक्ष्यमान सहायक दण्डाधिकारी सह सहायक समाहर्ता, रांची, आदित्य पांडेय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सुरभि सिंह, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडेय समेत अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारियों उपस्थित थे।

### पूरी ऊर्जा के साथ दौड़ लगाई

मैराथन का माहौल बेहद जोशीला और उत्साहवर्धक था। जहाँ युवा, बुजुर्ग, विद्यार्थी, और खेल प्रेमियों ने मतदाता जागरूकता का संदेश फैलाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ दौड़ लगाई। प्रतिभागियों ने इस मैराथन को सिर्फ एक प्रतियोगिता के रूप में नहीं बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में लिया। विजेताओं को सम्मानित करने के लिए कुल 36000 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि वितरित की गई। बॉयज कैटेगरी में प्रिंस राज ने पहला स्थान हासिल किया। विकास राय ने दूसरा और मनीष कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, गर्ल्स कैटेगरी में आशा कुमारी पहले स्थान पर रहीं, पूजा सिंह दूसरे और ममता कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पहले स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को 10000 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर 5000 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर 3 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

### वोट डालने के प्रति जिम्मेदारी का एहसास भी कराया

इस मैराथन ने ना सिर्फ खेल और सेहत के प्रति जागरूकता फैलाई बल्कि सभी वर्गों के बीच वोट डालने के प्रति जिम्मेदारी का एहसास भी कराया। विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित करते हुए मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

## डोरंडा खास महल जमीन लीज मुक्त होगा : अजय नाथ शाहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा छेत्र का मुख्य परेशानी जो खास महल जमीन (लीज) को हटिया के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने अपने मनुफेस्टो मे जोड़ लिया गया है । ईश्वर की कृपा से और आप सभी के साथ और सहयोग से झारखंड विधानसभा में डोरंडा खास महल जमीन (लीज) मुक्त आवाज उठा कर पारित (पास) करवाना पहला दायित्व होगा।डोरंडा वासियो से अपील है जाति, धर्म, पार्टी से ऊपर उठ कर डोरंडा की जमीन को बचाना है , अजय नाथ शाहदेव को हाथ छाप पर वोट देकर विजय बनाना है और डोरंडा खास महल जमीन को लीज मुक्त करवाना है।

### एआईएमआईएम से रांची सीट के लिए महताब आलम ने किया नामांकन

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में रांची विधानसभा सीट के लिए ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। एआईएमआईएम ने रांची, लोहरदगा, महागामा, जमशेदपुर पश्चिम, गढ़वा, चतरा, पाकुड़ और बड़कागांव से अपना उम्मीदवार उतारा है।एआईएम आईएम ने रांची सीट से महताब आलम को टिकट दिया है। एआईएमआईएम के उम्मीदवार महताब आलम ने अपनी जीत की दुआ मांगी और एसडीएम के सामने जाकर नामांकन किया।

## क्या सोरेन परिवार की दूसरी बहू कल्पना सोरेन पर भी इरफान के इस तरह का बयान देने पर झामुमो चुप रहता? : प्रदीप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला बोला। प्रदेश कार्यालय में 25 अक्टूबर को मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने सोरेन परिवार की बहू को लेकर बड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन कभी झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता हुआ करती थी। वह सोरेन परिवार की बहू है। उनके लिए जिस तरह से अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया गया, क्या इसी तरह का बयान दूसरी बहू कल्पना सोरेन के ऊपर इरफान अंसारी के देने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा चुप रहता। क्या सोरेन परिवार इरफान अंसारी के इस बयान का खंडन करेगा। उन्होंने कहा कि नामांकन के बाद इरफान अंसारी द्वारा दिया गया बयान घोर आपत्तिजनक जनक है। यह उनकी मानसिकता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उनका बयान औरत और लड़कियों के बारे में उनकी मानसिकता को उजागर करता है। उनके द्वारा कही गई बात सड़क छाप भाषा है। इस तरह की भाषा वही लोग इस्तेमाल करेंगे, जिनके संस्कार इस तरह के हैं। सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मानती है कि



झारखंड मुक्ति मोर्चा को इरफान अंसारी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, चुनाव आयोग को भी इस बयान का संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि चुनाव के दौरान भाषा की मर्यादा बनी रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव में कोई प्रतिपक्ष इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करेगा तो हमारे कार्यकर्ताओं से शालीनता वाली व्यवहार की अपेक्षा भी ना करें। क्योंकि आप अगर किसी को उकसाने की कोशिश करेंगे तो हमारे कार्यकर्ताओं ने चूड़ी नहीं पहन रखी है। इसका जवाब उन्हें सड़क पर भी देंगे जनता के बीच भी देंगे।प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव में उनके चेहरे को एक्सपोज करेंगे कि किस तरह से वे महिला विरोधी हैं। उनकी सोच क्या है। इस मामले में झामुमो की चुप्पी यह दर्शाती है कि किसी विशेष वर्ग के आने की वजह से उसकी घिग्घी बंध जाती है। कहीं ना कहीं सवाल के घेरे में झारखंड मुक्ति मोर्चा भी है। उसे स्पष्टीकरण देना होगा। सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी आपत्ति दर्ज कराकर इस भाषा के लिए कहीं ना कहीं संदेश देने की आवश्यकता है कि महिलाओं का सम्मान सुरक्षित रहे। महिलाओं के प्रति जो आदर का भाव समाज में विद्यमान है, उसको अगर कोई धूमिल करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## पदोन्नत किए गए पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड पुलिस मुख्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड, अजय कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) आर.के. मल्लिक द्वारा चयन में पदोन्नत किए गए पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, पलामू एवं रित्विक श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक, चतरा को बैज लगाकर शुभकामनाएं दी गई।समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

आर.के. मल्लिक, पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय), संजय आनंद राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान), प्रिया दुबे, अपर पुलिस महानिदेशक (झा0स0पु0), मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय), साकेत कुमार, पुलिस महानिरीक्षक (सीआरपीएफ), अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक (रांची); अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान); प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक (विशेष शाखा); नरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक (पलामू); माइकल राज एस., पुलिस महानिरीक्षक (बोकारो); राजकुमार लकड़ा, पुलिस महानिरीक्षक (जैप); एवं नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक (बजट) सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# करकट्टा-विश्रामपुर कॉलोनी में जगह-जगह कचरा का भरमार

## नियमित कचरा का उठाव नहीं होने से गंदगी का लगा ढेर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एनके एरिया के करकट्टा-विश्रामपुर कॉलोनी में नियमित कचरा का उठाव नहीं होने से गंदगी का ढेर लग गया है। दुर्गा पूजा जैसा बड़ा उत्सव के बाद अब दीपवाली एवं छठ पूजा भी नजदीक है। ऐसे में करकट्टा-विश्रामपुर कॉलोनी के लोगों को अब गंदगी के बीच रहकर दीपवाली और छठ पूजा मनाना पड़ेगा। कॉलोनी में डे-टू-डे नियमित कचरा का उठाव नहीं हो रही है। इस कारण बरसाती घास और झाड़ियों से कॉलोनी पटा है। पूर्व में बना डस्टबिन भी गायब हो चुका है। जगह-जगह कचरा का भरमार पड़ा है, जिससे कॉलोनी के कई स्थानों पर डंपिंग यार्ड बन गया है। वहीं बीते बारिश से बाद स्थिति और भी नारकीय हो गया है। कॉलोनी के आगे-पीछे और नालियों के इर्दगिर्द उगी झाड़ियां मुंह चिढ़ा रहा हैं। कॉलोनी में जहां-तहां कचरों की अंबार तो लगा ही है, नालियां भी गंदगी से बजबजा रही हैं। जिसके कारण मच्छरों का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे लोगों में बीमारी के फैलने की आशंका बढ़ गई है। बावजूद मच्छर के प्रकोप से निजात दिलाने की आज तक प्रयास नहीं किया गया। करकट्टा-विश्रामपुर के लोगों का मानना है कि बीते कई वर्षों से सीसीएल के एनके एरिया द्वारा करकट्टा कॉलोनी की उपेक्षित किया जाता रहा है। इसके कारण पूरा करकट्टा-विश्रामपुर क्षेत्र झाड़ियों से पटा है और सड़क जर्जर हो चुकी है। स्कूली बच्चों को भी गंदगी से होकर आना-जाना पड़ता है।

## हिंडाल्को सीएसआर विभाग द्वारा स्कूल के बच्चों को बैठने के लिए दिया गया डेस्क और बेंच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी के सीएसआर विभाग के द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर छाताटांड़ सिल्ली स्कूल में 90 बच्चों के बैठने के लिए डेस्क बेंच की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के सर्वप्रथम पूजापाठ कर हवन किया गया। इस तरह से शिक्षा विभाग से जुड़े रहने के लिए एच.आर हेड अरुण रॉय ने बताया कि मैं हेल्थ, लायलीवुड इंफ्रास्ट्रक्चर मे तो काम करते ही थे लेकिन शिक्षा पर यह मेरा पहला कदम है। हिंडाल्को सीएसआर विभाग के द्वारा इस स्कूल के बच्चों के लिए बेंच डेस्क देकर शुभांरभ की गई। आगे भी सीएसआर विभाग के तरफ से शिक्षा पर अत्यधिक काम किया जाएगा। हिंडाल्को कि तरफ से वैसे स्कूल है जो सामने आकर हमसे मदद मांगेंगे तो उसे पूरा करने की कोशिश की जाएगी। स्कूल के डायरेक्टर राजा पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय में 90 बच्चे हैं लेकिन आज हिंडाल्को के द्वारा बच्चों को बैठने के लिए बेंच और डेस्क की व्यवस्था की गई है इससे बच्चों में काफी खुशी कि लहर है। विद्यालय के तरफ से एचआर हेड को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल परमेश्वर कोइरी,बुध्देव कुशवाहा, राहुल रंजन, हिंडाल्को के सीएसआर विभाग के अनील सिंह, भरत सिंह समेत अधिकारी स्कूल परिवार के सदस्य एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी का मिलन समारोह, कई लोग हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेडो :** प्रखंड के केशा मोड में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता नवल किशोर सिंह ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधू तिर्की के उपस्थिति में कई लोग दूसरे पार्टी छोड़ कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। जिन्हें कांग्रेस पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर श्री तिर्की कहा कि जब से विधानसभा चुनाव की घोषणा हुई है, तब से दूसरे दलों के कई कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को आत्मसात करते हुए कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार ने मां बहनो के लिये मईया योजना लागू किया, किसानो की कृषि श्रण माफ किया, दो सौ युनिट बिजली बिल माफ किया साथ ही कई लाभ कारी योजनाये चलाये है। उन्होने ने दावा किया कि जीत इंडिया गठबंधन की होगी और हेमंत की पुनः सरकार बनेगी। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, बुधराम बाड़ा, नंदलाल महतो, राजेश साहु, राजेश सहाय, राजेश गोप, मो समशाद, संजय कच्छप व अर्जून मुंडा सहित कांग्रेस पार्टी के कई लोग उपस्थित थे।

## डेंगू से पीड़ित पूर्व शिक्षक मौलाना सज्जाद हुसैन का निधन, अंतिम यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** थाना क्षेत्र के टुरुगुरु टिकरा निवासी पूर्व शिक्षक मौलाना मो0 सज्जाद हुसैन (68) का गुरुवार की रात निधन हो गया। वे डेंगू बुखार से ग्रस्त हो गये थे उनका इलाज करीब दस दिनों से रांची बूटी रोड स्थित ग्लोबल हॉस्पीटल में चल रहा था। शुक्रवार को ढाई बजे नमाज ए जनाजा अदा करने के बाद स्थानीय कब्रस्तान में उन्हें सुपूर्द ए खाक किया गया। उनके जनाजे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। कांग्रेस के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी उनके अंतिम यात्रा में शामिल हुए। तथा दिवंगत शिक्षक के परिजनों से भेंट कर शोक व्यक्त किया और उनका ढाडस बंधाया। दिवंगत शिक्षक सेवानिवृति के बाद भी समाज सेवा के कार्य से जुड़े रहे। खास कर बच्चों की तालीम के लिए लोगों को जागरुक कर उनका मार्ग दर्शन करते रहना उनके दिनचर्या में शामिल था। वे अपने पिछे पत्नी सहित पुत्र- पुत्री और पोते पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गये।

## पटेल बीएड कॉलेज में निवेश जागरूकता कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** पटेल बीएड कॉलेज में निवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत पटेल बीएड कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ अनुराधा कुमारी ने अपने संबोधन से किया. उन्होंने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोजगार को लेकर अनिश्चितता के दौर में पैसों का महत्व बढ़ता जा रहा है. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के तत्वाधान से आयोजित कार्यक्रम में सेबी (सिक्युरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) के स्मार्ट ट्रेनर पवन कुमार पाण्डेय ने पैसों के सही निवेश के तरीके के उपायों के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कहा कि आज के दौर में बैंकों के अलावा शेयर बाजार, डेब्ट और गोल्ड सहित कई जगह है जहां निवेश कर अपने धन को बढ़ाया जा सकता है. उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को कम उम्र से ही इन सब चीजों की जानकारी होनी चाहिए, ताकि आगे जाकर जब वह प्रोफेशनल फील्ड में जाये तो कड़ी मेहनत से अर्जित धन का सही से उपयोग कर पाये. इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक नीरज कुमार एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## इटकी साहेब मोड़ पर लायंस डेन जिम का उद्घाटन, उप प्रमुख और थाना प्रभारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** इटकी साहेब मोड़ स्थित लायंस डेन जिम का उद्घाटन उप प्रमुख परवेज राजा और इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर जिम के संचालक निखिल केरकेट्टा ने बताया कि जिम में 1 महीने का 600रु और रजिस्ट्रेशन फीस 500रु है, साथ ही बताया कि तीन, छह और बारह महीने का प्लान लेने पर रजिस्ट्रेशन फीस नहीं लगेगा। इससे पूर्व सभी अतिथियों को जिम संचालक द्वारा पौधा भेंट किया गया।मौके पर मुखिया रमेश महली, मुखिया फ्रांसिस्का केरकेट्टा, भोला उरांव, अबुमाज, ताहीर अंसारी, हसन अंसारी, एजाज़ अंसारी,सोमरी देवी, सुनील केरकेट्टा, लक्ष्मण केरकेट्टा, शेखर केरकेट्टा, रोहित मनीष लकड़ा, पंचम तिग्गा अबरार इमाम सहित अन्य मौजूद थे।

## खिजरी जेएलकेएम से सरिता तिर्की को प्रत्याशी बनाया गया, कार्यकर्ताओं ने कहा खिजरी से होगी प्रचंड जीत



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधान सभा क्षेत्र से झारखंडी लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र से सरिता तिर्की को प्रत्याशी घोषित किया। वहीं पार्टी के रांची जिला उपाध्यक्ष जलेश्वर महतो उर्फ़ मार्शल ने उन्हे बधाई देते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि खिजरी से जेएलकेएम की जीत ऐतिहासिक होगी। और यह क्षेत्र 81 विधानसभा सीटों में सबसे बड़ी जीत का गवाह बनेगा। श्री महतो ने कहा कि सरिता तिर्की के नेतृत्व में खिजरी के विकास की नई दिशा तय होगी जनता का अपार समर्थन और पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत खिजरी में प्रचंड जीत सुनिश्चित करेगी। मौके पर परवेज खान, सूरज नरायन महतो , गौतम चौधरी , फलेद्र करमाली, जयराम महली, रंथा महली, पारस उरांव, प्रकाश लकड़ा जितवाहन महतो सुनील महतो छोटेलाल महतो मुकेश महतो सतीश महतो क़ासिद अंसारी उपस्थित थे।

# रोशनलाल चौधरी के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी के नामांकन एवं जनसभा कार्यक्रम में सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। जानकारी के अनुसार भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा और आजसु पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता बचरा चार नंबर चौक से एक साथ गाजे-बाजे के साथ रवाना हुआ।सभी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और एक साथ वाहनों पर सवार होकर रवाना हुए।वही कोयलांचल क्षेत्र के हेन्देगीर मंदिर के समीप पांच पंचायत बचरा दक्षिणी,बचरा उत्तरी, किचटो,बुण्डु और पताल पंचायत के भाजपा और आजसु कार्यकर्ता एकत्रित हुए और रोशन लाल चौधरी के पक्ष में जमकर नारेबाजी करते हुए विभिन्न वाहनों पर सवार होकर रवाना हुए। नामांकन एवं जनसभा कार्यक्रम में शामिल होने वालों में भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा,आजसु पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह,मोहन महतो, रविशंकर जायसवाल, संजय पासवान ,संजय ठाकुर,रमेश महतो, राजेश सिंह,उगन महतो, अश्विनी दराद,प्रमोद कुमार, अनिल यादव,अनिल पांडेय, अजय कुमार सिंह,उमेश मेहता सहित कई कार्यकर्ता का नाम शामिल है।

## पिपरवार में सीआईएसएफ फायरिंग रेंज का हुआ उद्घाटन

▶ सीआईएसएफ आईआरबी थ्री एवं सीसीएल अधिकारी हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया में बनाए गए सीआईएसएफ के फायरिंग रेंज का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआईएसएफ की आईजी शांति जी जयदेव ने फायरिंग रेंज का उद्घाटन किया। जानकारी के मुताबिक सीआईएसएफ आईजी शांति जी जयदेव के आगमन पर जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।इसके बाद सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस सहित अन्य अधिकारियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।इसके बाद उन्होंने शिला पट्ट से पर्दा हटाकर फायरिंग रेंज का उद्घाटन किया।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पिपरवार में सीआईएसएफ के फायरिंग रेंज का उद्घाटन होने के बाद यहां के अधिकारियों एवं जवानों को प्रशिक्षण के लिए लाभ मिलेगा।इस दौरान सीआईएसएफ आईजी ने स्थानीय सीआईएसएफ एवं सीसीएल प्रबंधन के अधिकारियों से मुलाकात कर कई बातों की जानकारी ली और जवानों की समस्या से भी अवगत हुई।वहीं उन्होंने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।इस मौके पर सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस, डिप्टी कमांडेड,आईआरबी थ्री के डीएसपी अजय कुमार केशरी,अशोका पीओ जेके सिंह,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो, सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार,संतोष नेगी, सुमन तिवारी,धर्मराज सिंह सहित काफी संख्या में सीआईएसएफ के पदाधिकारी जवान एवं सीसीएल के अधिकारी मौजूद थे।

## वाहन जांच के दौरान एक लाख नब्बे हजार रुपए बरामद

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुरी पुरुलिया बॉर्डर पर जांच के दौरान एक वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या- ङ्ख्क्च 55क्क 1735 के मालिक संतोष साव जो बंगाल झालदा के रहने वाले है उनके पास से 1,90,000 रुपया( एक लाख नब्बे हजार रूपया) बरामद किया गया।पैसे के बारे में वाहन मालिक से पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया गया और ना ही किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात उपस्थित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा बरामद पैसे को जप्त किया गया है। समाचार लिखे जाने तक कारवाई जारी थी।



# जेएलकेएम मायापुर पंचायत की महिला कमेटी गठित

▶ अध्यक्ष सुनीता कुजूर तथा सचिव नीतू देवी बनीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड लोकतान्त्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी का मायापुर पंचायत मे शुक्रवार को महिला मोर्चा का कमेटी गठित की गई। जिसमे महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता कुजूर, सचिव नीतू देवी, कोषाध्यक्ष रुकसाना खातून, संरक्षक जुबेदा खातून, सरिता देवी को मनोनोत किया गया। वहीं काफी संख्या मे महिलाएं जेएलकेएम में शामिल हुआ। जहां सभी शामिल लोगों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। शामिल होने वाले लोगों में परवेज् आलम, नानकु महतो, राजकुमार पाहन, रोहित मुंडा, प्रेम कुमार मुंडा, अवधेश यादव, बंसी मुंडा, शबनम खातून, नसीबन खातून, लैला खातून, जबिदा खातून, सानिया परवीन, तारा खातून, क्सहित दर्जनों महिलाओं का नाम शामिल है। इस मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष मुन्ना गंझू, रांची जिला कार्यकारणी संघठन मंत्री रतिया गंझू, महिला मोर्चा उपसचिव निशा देवी, खलारी प्रखंड अध्यक्ष पूर्वी तौहीद अंसारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष लखन कुमार महतो एवं नामराज मुंडा उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में गणित-विज्ञान मेला का भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में शुक्रवार को गणित विज्ञान मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि रोहिणी परियोजना के पदाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद एवं खलारी पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी के द्वारा संजुक्त रूप से किया गया। इससे पहले सरस्वती माता, ओम और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना के बाद कार्यक्रम का अवलोकन, कुल प्रदर्शनों का अवलोकन एवं छठ पूजा की झांकी का अवलोकन किया गया। विज्ञान और अध्यात्म की सराहनीय प्रस्तुति छात्र-छात्राओं द्वारा की गयी। मौके पर रोहिणी परियोजना के पदाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद, खलारी पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी, जिप सदस्य सरस्वती देवी, प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, संकुल संयोजक अवधेश सिंह, संकुल प्रमुख गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा, जिला समरसता प्रमुख उदय सिंह, खंड कार्यवाहक भोला चौहान, विद्यालय प्रबंधकारणी समिति की उपाध्यक्ष महेंद्र यादव आदि ने अपने विचारों से छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार को प्रोत्साहित किया। पूर्व आचार्या संध्या सिन्हा, पुरानी राय के विज्ञान आचार्य ओंकार तिवारी, डकरा के विज्ञान आचार्य आनंद जायसवाल ने निर्णायक की भूमिका निभायी। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र एवं वंदे मातरम के साथ हुआ। इस अवसर पर संजीव सिंह, गौरीशंकर कामिला, पूनम पाठक, नूतन सिंह, बसंती कुमारी, रीमा कुमारी, प्रिया कुमारी, अजय कुमार पाठक, गोविंद कुमार चौहान, सूरज कुमार, सियाराम सिंह, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, विक्रम कुमार पांडेय तथा उमेश कुमार सहित विद्यालय परिवार के अभिभावक एवं बड़ी संख्या में माताएं उपस्थित थी।

## प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी थानाक्षेत्र अंतर्गत खलारी सीमेंट कारखाना के निकट जाकिर अंसारी नाम के एक व्यक्ति को प्रतिबंधित मांस के साथ पकड़ लिया गया। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे खलारी बाजारटांड़ आजाद नगर निवासी जाकिर अंसारी (40 वर्ष) स्कूटी संख्या जेएच01सीजे/6698 से करीब 15 किलो प्रतिबंधित गौ मांस बेचने के लिए ले जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह लोहरदगा जिले के कुडू थाना अंतर्गत लापुर निवासी सद्दाम कुरैशी से यह मांस लेकर आ रहा है। खलारी थाना में संबंधित धाराओं में जाकिर अंसारी व सद्दाम कुरैशी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। वहीं प्राथमिकी अभियुक्त जाकिर अंसारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



# पोस्टल बैलट कोषांग की बैठक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा पोस्टल बैलट कोषांग के कार्यों एवं तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अनिवार्य सेवा के सभी नोडल पदाधिकारी से पोस्टल बैलट के विषय पर चर्चा करते हुए अनिवार्य सेवा में कार्यरत विभाग यथा पुलिस, मीडिया, पोस्ट ऑफिस, रेलवे, स्वास्थ्य समेत अन्य अनिवार्य सेवा से जुड़े विभाग के लोगों को पोस्टल बैलट से मतदान कराने एवं पोस्टल बैलट से मतदान संबंधित सम्पूर्ण तैयारियों की पूर्ण जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अनिवार्य सेवा अंतर्गत कार्य कर रहे मतदाताओं से फॉर्म 12ष्ठ भरवाने का निर्देश दिया। वहीं विभिन्न कोषांगों में निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी एवं कर्मी को फॉर्म 12 भरवाने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी निर्देशों एवं सभी एसओपी का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया को सुनिश्चित करें। वहीं पोस्टल बैलट से मतदान के लिए स्थान चिन्हित करने को लेकर भी विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त-सह-वरीय पदाधिकारी पोस्टल बैलट कोषांग, श्री श्याम नारायण राम, डीसीएलआर, पोस्टल बैलट कोषांग के सभी नोडल पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉन बॉस्को ऐकेडमी के प्राचार्य जोशी टी डी, आदर्श विद्यालय खलारी के प्राचार्य फादर ऑस्कर तथा उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी की प्राचार्या सिस्टर जयन्ती के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य जोशी टी डी ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने का कार्य करता है। साथ ही उनकी प्रतिभा, कल्पनाशीलता, निर्णय लेने की क्षमता तथा समग्र विकास में सहायक होता है। अतिथियों ने कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों जैसे आरक्षित प्रबंधन प्रणाली, पवन चक्की के द्वारा बिजली तैयार करना, हाइड्रोलिक एम्बुलेंस, भूकंप रोधी, सौर ऊर्जा चलित कार , हाइड्रोलिक वाहन, प्रकाश निष्ठा (लाइट फिडेलिटी) और ट्रैफिक टरबाइन आदि मॉडलों को देखा तथा इनकी प्रशंसा की। मुख्य अतिथि के साथ आदर्श विद्यालय के फादर ऑस्कर ने भी सभी मॉडलों को देखकर बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की तथा उनका उत्साह बढ़ाया। इस प्रदर्शनी में कक्षा केजी से कक्षा आठ के विद्यार्थियों ने भी अलग-अलग विषयों पर भी अनेक मॉडलों को प्रदर्शित किया जिसे आए हुए माता-पिता एवं अभिभावक देखकर अभिभूत हुए एवं काफी सराहना की। मंच संचालन मिस आरती प्रसाद के अलावा विज्ञान कमेटी के विद्यार्थियों सुहाना सैफी, प्रकाश कुमार , वी.सूर्या व महप्रीत कौर ने किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक मंडली की भूमिका विद्यालय के शिक्षक शशि चौधरी और सविता नंदन सिंह ने निभायी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने सभी लोगों को हार्दिक धन्यवाद दिया तथा कहा कि अपने बच्चों में कुछ नया करने के प्रति जिज्ञासा पैदा करें तथा उनका मार्गदर्शन करें। विद्यालय विद्यार्थियों को अलग अलग कार्यक्रमों के जरिए वो मंच प्रदान करने की चेष्टा करते हैं, जिसमें उनका समग्र विकास हो जो भविष्य में उनके लिए सहायक होता है। अतः एक सकारात्मक सोच के साथ अपने बच्चों के विकास में विद्यालय के साथ मिलकर काम करें। इस कार्यक्रम में शिक्षक मुकेश कुमार सिंह, अम्बुज कर्मकार, प्रभाकर शर्मा, विशाल शर्मा, विकास मिश्रा, जॉन डुंगडुंग, किशोर लकड़ा, आरती तिर्की, अल्बीना टोप्पो, रोजालिया टोप्पो, अनिमा कांसीर, अलका राही, कलबिन्दर कौर, रीता टोप्पो, रोज़ी मगदली टोप्पो आदि के अलावा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सीआईआई झारखंड सेफ्टी 2024 टॉक का आयोजन

# डिजिटल तकनीक से सुरक्षा में क्रांति लाने की संभावनाओं पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सीआईआई झारखंड द्वारा समान और सतत रणनीतियाँ : सभी के लिए एक सुरक्षित भविष्य की दिशा में विषय पर सीआईआई झारखंड सेफ्टी टॉक का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रख्यात नेताओं ने एआई/ एमएल और डिजिटल तकनीकों के माध्यम से सुरक्षा प्रक्रियाओं में क्रांति लाने की संभावनाओं पर चर्चा की। ऊँचाई पर काम करने के सर्वोत्तम अभ्यासों पर जोर दिया गया ताकि जोखिम कम किया जा सके। इसके अलावा, कर्मचारी स्वास्थ्य और कल्याण को सतत प्रथाओं और मानसिक स्वास्थ्य सहायता के माध्यम से बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही, सिटी गैस वितरण प्रणालियों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल पर चर्चा हुई ताकि सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।




मनीष सिन्हा, मुख्य निरीक्षक, फैक्ट्रियों, टाटा स्टील लिमिटेड, भारत सरकार ने कहा कि सुरक्षा दो चरणों में निर्भर करती है- इसकी प्रतिबद्धता और लक्षित, प्रभावी प्रयास। उन्होंने बताया कि 50-60 फीसदी दुर्घटनाएँ मजबूत एसओपी , प्रशिक्षण और मशीन रखरखाव के साथ रोकी जा सकती हैं। टाटा स्टील के अधिग्रहण के बाद से अब तक कोई भी घातक दुर्घटना नहीं हुई है, जो एक सुरक्षा केंद्रित संस्कृति के प्रभाव को दर्शाता है।

नीरज सिन्हा, संयोजक, सीआईआई झारखंड सेफ्टी पैनल एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी, टाटा स्टील लिमिटेड ने कहा कि सुरक्षा सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने सुरक्षा हस्तक्षेपों को लागू करने में मानव व्यवहार की समझ की जटिलता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा जागरूकता घर से शुरू होनी चाहिए, शैक्षणिक संस्थानों तक विस्तारित होनी चाहिए, और कार्यस्थल पर संपन्न होनी चाहिए।

तपस साहू, पूर्व अध्यक्ष, सीआईआई झारखंड राज्य परिषद एवं प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, हाईको इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड ने स्वागत भाषण के साथ सत्र का उद्घाटन किया।

सुवेंद्र कुमार बेहेरा, अध्यक्ष, सीआईआई पूर्वी क्षेत्र एवं उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लिमिटेड ने डिजिटल सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, और शहरी वातावरण में स्वास्थ्य और सुरक्षा पर जोर दिया।

सत्र में अपने विचार साझा करने वाले अन्य प्रमुख वक्ताओं में धरणेश कोगंती, पूर्वी क्षेत्रीय प्रमुख - नेत्राडाइन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड; सुनील अर्जुन भालेराव, कॉर्पोरेट प्रमुख - एसएचई, वोल्टास लिमिटेड; स्वाति तिवारी, संस्थापक, आर्कटुरस बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड; अनुप एस एस, प्रमुख ड्कवीडियो एनालिटिक्स एवं मशीन विजन एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, टाटा एलेक्सी लिमिटेड; और अन्य प्रमुख शामिल रहे। सीआईआई झारखंड सेफ्टी टॉक एक सम्मेलन और प्रदर्शनी दोनों के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें 250 से अधिक प्रतिनिधि और 40 से अधिक प्रदर्शक शामिल हुए।

## गणेश महाली की नामांकन जनसभा में उमड़ी भीड़, बन्ना गुप्ता ने युवाओं में भरा जोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** इंडिया गठबंधन से सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी गणेश महाली के नामांकन जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी। इससे पूर्व उन्होंने नामांकन दाखिल किया। सभा में मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिमी से कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि इस चुनाव में विचारधारा की लड़ाई है. झारखंड की संस्कृति, अस्मिता और झारखंडियों के सम्मान को बचाने की लड़ाई है. यह लड़ाई झारखंड के विकास के लिए है. यह लड़ाई धर्म और जात पात के नाम पर लोगों को लड़ाने वालों के विरुद्ध है. बन्ना गुप्ता ने कहा कि जो लोग हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों को रोकना चाहते हैं. जनता उन्हें इस चुनाव में बाहर का रास्ता दिखा देगी.

## 20 वर्षों से विश्वास का प्रतिक बना सोनी एण्ड सन्स ज्वेलर्स, बिग सेल्स ऑफर में भारी छूट



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ओल्ड पुरूलिया रोड, मानगो में अजवा सिटी सेंटर मॉल, सोनार लाईन, धतकीडीह एवं कदमा मार्केट स्थित रिवाजों का प्रतीक सोनी एंड संस ज्वेलर्स बिग सेल्स धनतेरस और दिवाली ऑफर पर दे रहे है सभी हॉलमार्क एचयूआइडी गोल्ड ज्वैलरी के मेकिंग पर अप टू 55 प्रतिशत और चांदी के मेकिंग पर अप टू 75 प्रतिशत ऑफ है । ये ऑफर सोनी एंड संस ज्वेलर्स के सभी शोरूम पर 3 नवम्बर तक उपलब्ध हैं। अत्याधुनिक शोरूम में सोने, चांदी एवं डायमंड के विशाल श्रृंखला की बेहतरीन कलेक्शन मुंबई, गुजरात, केरल के उच्च कोटी एवं कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित है जो कि विवाह एवं किसी भी त्यौहार के लिए अनुकूल है साथ ही गोल्ड की बढ़ती कीमत को देखते हुए यहां हल्के वजन में भी आभूषण की विशाल श्रृंखला ग्राहक के लिए बजट फ्रेंडली है। साथ ही ग्राहक अपने सहूलियत के अनुरूप रुपए 1,000 से लेकर 10,000 तक प्रतिमाह 10 महीने तक की आसान किस्त जमा करने पर 11वीं की सोनी सन ज्वेलर्स के द्वारा दी जाएगी।

## साइक्लोन से 33 केवीए के खंभे का इंसुलेटर खराब, घंटों गायब रही बिजली



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रवाती तूफान दाना का असर शुक्रवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड में भी देखने को मिला। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सही साबित हुआ और गुरुवार से ही क्षेत्र में बारिश हुई जो देर रात से तेज हवाओं के साथ जारी रही। शुक्रवार को भी सुबह से शाम तक रूक रूक कर बारिश होती रही जिसके कारण लोग अपने घरों में ही दुबके रहे, बहुत जरूरी काम पर ही लोग बाहर निकले। वहीं देर रात को बोड़ाम प्रखंड के पातीपानी गांव स्थित काली मंदिर के पास 33 केवीए के खंभे का कई इंसुलेटर खराब होने से करीब 14 घंटे तक बिजली गुल रही। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार बारिश की वजह से मरम्मत करने में बाधा उत्पन्न हो रही थी लेकिन देर शाम तक काम जारी रहा जिससे रात 8 बजे तक बिजली की आपूर्ति शुरू होने की संभावना है।

## ईचागढ़ से कल्याण चंद्र सिंह ने बहुजन समाज पार्टी से भरा पर्चा



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने बहुजन समाज पार्टी से नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन में काफी संख्या में उनके समर्थक और बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। नामांकन के बाद कल्याण चंद्र सिंह ने कहा ईचागढ़ की मूलभूत समस्या उनका चुनावी मुद्दा होगा जिसको लेकर वे जनता के बीच जायेंगे। उन्होने उपस्थित समर्थकों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया है।

## पोटका से निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध सरदार ने किया नामांकन दाखिल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर के झरिया निवासी सुबोध सरदार ने आज जमशेदपुर उपायुक्त कार्यालय में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पोटका विधान सभा के लिए नामांकन दाखिल किया। वहीं सुबोध सिंह सरदार 2009 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट लेकर प्रतिद्वंदी मेनका सरदार को चुनौती दिया था जिसमें सुबोध सिंह सरदार दूसरे नंबर पर थे। सुबोध सिंह सरदार ने कहा कि मेरा लक्ष्य पोटका विधानसभा क्षेत्र का विकास करना, जन-जन समस्या का निदान करना है अपने समर्थकों के साथ निर्दलीय नामांकन किया। इसकी जानकारी प्रस्ताव मोहम्मद अजहर खान ने दी।

## भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने जनसंपर्क अभियान किया तेज



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू का जनता एवं पार्टी नेताओं से मिलने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान की शुरुआत टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष शैलेश सिंह के घर से की, जहां उन्होंने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वह कार्यकर्ताओं व समर्थकों संग सीतारामडेरा मंडल के क्षेत्र विभिन्न इलाकों में लोगों से मुलाकात कर जनसमर्थन प्राप्त किया। वहीं, जनता से मिल रहे अपार समर्थन से उत्साहित पूर्णिमा दास ने लोगों को आश्वस्त किया कि जनता के आशीर्वाद से वे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा किए गए विकास कार्यों को नये सिरे से प्रारंभ करेंगी।पूर्णिमा का जनसंपर्क अभियान देर रात तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## कुचाई पुलिस के हाथों चढ़ा तस्कर, छापामारी कर विदेशी शराब के साथ तीन को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला खरसावां जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री तथा मादक पदार्थों की बरामदगी हेतु निरंतर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी छापामारी के तहत विगत दिनो कुचाई के लोपटा गांव से जंगली पहाड़ी क्षेत्र के एक कच्चे मकान से छापामारी कर पाँच व्यक्तियों को अवैध अग्रेजी शराब की बोतल एवं कार्टून में पैक करते हुए गिरफ्तार किया गया था। उक्त छापामारी में अवैध अंग्रेजी शराब करीब 4000 लीटर एवं 800 लीटर स्प्रीट एवं अन्य सामान बरामद किया गया था। उत्पाद अधिनियम, कॉपी राईट एक्ट अधिनियम की धारा- 63 के अतंर्गत 10 व्यक्तियों के विरूद्ध कांड दर्ज किया गया था। इस काण्ड के फरार अभियुक्त सह खुदीपीड़ी निवासी मधुसुदन प्रधान उर्फ मधु, खरसावां के पदमपुर निवासी अजय मण्डल तथा खरसावां के दलाईकेला निवासी श्याम सुन्दर मण्डल उर्फ शंभु मण्डल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया। शेष फरार अभियुक्तों के विरूद्ध छापामारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक सेंट्रो कार और दो मोबाईल जप्त किया। इस छापामारी अभियान में मुख्य रूप से कुचाई थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा,खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार,आमदा प्रभारी अविनाश कुमार,डील्सन बिरूवा आदि उपस्थित थे।

## हाथीखेदा मंदिर में पूजा कर नामांकन रैली के साथ हुये रवाना जेएलकेएम प्रत्याशी विनोद स्वांसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम दिन झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रत्याशी विनोद स्वांसी ने सुबह 9 बजे बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत लावजोड़ा स्थित प्रसिद्ध हाथीखेदा मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके पश्चात हजारों कार्यकर्ता व समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने हेतु रवाना हुए। साकची आमबागान मैदान में पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से जुटे कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा करते हुए विनोद स्वांसी जिला आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं का जत्था जयराम महतो जिंदाबाद, हमारा विधायक कैसा हो, विनोद स्वांसी जैसा हो, नारे के साथ पूरे जोश में दिखे। उनके समर्थन में पार्टी के जिलाध्यक्ष किशोरी हांसदा, प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, सुभाष महतो, गणपति करुआ, सुंदरी कुमारी, गोपाल कृष्ण कालिंदी, सुब्रत महतो, फणीभूषण महतो, हिमांशु महतो, यादव महतो, क्षेत्रमोहन गोप, सतीश महतो, मिहिर महतो, आशुतोष महतो, राजशेखर महतो आदि मौजूद थे।

## महिला, ट्रांसपर्सन कर्मचारी वुमन इन माइनिंग इंडिया संगोष्ठी में हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील को खनन क्षेत्र में महिलाओं और ट्रांसपर्सन को हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी (एचईएमएम) ऑपरेटर्स के रूप में शामिल करने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान 24 अक्टूबर को कोलकाता में वुमन इन माइनिंग इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। उद्योग निकाय वुमन इन माइनिंग इंडिया ने फ्यूचर रेडी माइनिंग- पीपल, प्लैनेट और प्रॉफिट का संतुलन विषय पर आधारित इस संगोष्ठी के लिए ऑस्ट्रेलियन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट कमीशन के साथ सहयोग किया। टाटा स्टील की मोज़ेक - डाइवर्सिटी और इंक्लूजन पहल को विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देने और खनन क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए हॉल ऑफ फ़ेम में सम्मानित किया गया। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (रॉ मेटेरियल्स) डी.बी. सुंदरा रामम ने अपने वक्तव्य में कहा, टाटा स्टील में, हम मानते हैं कि विविधता और समावेशिता नवाचार और सफलता के महत्वपूर्ण कारक हैं। एक समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता हमारे सभी कर्मचारियों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए सशक्त बनाती है, और हमें गर्व है कि हमारे प्रयासों को ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर सराहना मिली है। उल्लेखनीय है कि 2019 में टाटा स्टील ने खदानों में महिलाओं की भागीदारी की नींव रखी, ताकि महिला ऑपरेटरों को प्रशिक्षण और मेंटरशिप के माध्यम से सशक्त बनाया जा सके।

## शीतला मंदिर में पूजा व शहीदों को नमन कर विमल बैठा ने किया जुगसलाई से नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** साकची शीतला मंदिर में सुबह-सुबह पूजा-अर्चना करने व साकची स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा और उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो की समाधि पर माल्यार्पण के पश्चात शुक्रवार को करीब 11 बजे झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति (जेबीकेएसएस) के प्रत्याशी विमल बैठा ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में जुगसलाई (एससी) सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पूर्व साकची आमबागान मैदान में उनके समर्थकों की भीड़ पूरे विधानसभा क्षेत्र से जुटी थी और वहां समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत करने के पश्चात उन्होंने पदयात्रा करते हुए नामांकन को पहुंचे। मौके पर जेबीकेएसएस सुप्रीमो संजय मेहता जिंदाबाद, हमारा विधायक कैसा हो, विमल बैठा जैसा हो, नारे के साथ उत्साह दिखाते हुए शामिल हुए। मौके पर उनके साथ रेखा कालिंदी, संजीव दास, संजय दास, सुखमय डे, अजय महतो, देवेंद्र कुंभकार, विवेक सहिस, गुणधर दास, विमल रजक, सुनील रजक, बाबलू मिश्रा आदि मौजूद थे।

## बिरसानगर व बारीडीह बस्ती में डॉ. अजय ने चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा

# शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी डा. अजय कुमार शुक्रवार को बिरसानगर जोन नंबर 5 एवं 6 और बारीडीह बस्ती में जनसम्पर्क अभियान चलाया. इस दौरान लोगों ने डा. अजय कुमार को बस्ती नागरिक सुविधा की कमी के संबंध में जानकारी दी. लोगों ने बताया कि विगत पांच वर्षों में सड़क और नाली सहित अन्य नगारिक सुविधा पर कोई काम नहीं हुआ. जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं सबसे विकट समस्या पेयजल की है. मोहरदा जलापूर्ति योजना से जो पानी की सप्लाई की जाती है वह पीने योग्य नहीं है. बस्ती वासियों में डा. अजय कुमार से इस संबंध संबंधित पदाधीकारियों से बात कर समस्या के समाधान कराने की मांग की. मौके पर डा. अजय कुमार ने कहा कि लोग मूलभुत नागरिक सुविधा से वंचित है. जो उनका अधिकार है. उन्होंने कहा कि 25+5 वर्षों के बीजेपी एवं सरयू राय के कार्यकाल के दौरान लोगों को नरकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ा. लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. यदि जनता ने समर्थन दिया तो बेहतर नागरिक सुविधा के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बेहतर उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है. लोगों ने डा.अजय कुमार को सहयोग करने का संकल्प लिया.

## खरसावां से भाजपा प्रत्याशी सोनाराम बोदरा ने किया नामांकन, अर्जुन मुंडा रहें मौजूद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सोनाराम बोदरा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के उपस्थिति में सरायकेला खरसावां जिला कार्यालय में शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के पहले श्री बोदरा ने पूजा अर्चना कर घर से निकले। साथ ही अपने समर्थकों के साथ सरायकेला सीनी चौक पर के भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर नमन करते हुए जुलूस के रूप में कार्यकर्ताओं के जयकारों के बीच सरायकेला जिला मुख्यालय पहुंचे और नामांकन किया। मौके पर श्री मुंडा ने कहा कि खरसावां की जनता निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजय बनाएगी। साथ ही सोनाराम बोदरा जीत दर्ज करेंगे। श्री बोदरा ने जिला परिषद के अध्यक्ष के रूप में क्षेत्र का सेवा किया है। वहीं खरसावां की भाजपा प्रत्याशी सोनाराम बोदरा ने कहा कि भाजपा ने जो जिम्मेदारी खरसावां विधानसभा क्षेत्र के लिए दी है। उस जिम्मेदारी को निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उस क्षेत्र से नेतृत्व करते आ रहे हैं। उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ने का काम करेंगे।नामांकन किसके दौरान मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय,मंगल कांडाईबुरू, सुजीत प्रधान आदि उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने 6 स्कूलों में इंटरैक्ट क्लब किये स्थापित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने छह नए इंटरैक्ट क्लबों की स्थापना की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन शुभ्रजीत बसु ने की, जिसका उद्देश्य समुदाय में युवाओं को नेतृत्व के लिए सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ एक औपचारिक पौधारोपण से हुआ, जो क्लब की युवाओं के विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक था। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि पीडीजी रोटेरियन प्रतीम बनर्जी, एजी रोटेरियन निबा मिश्रा, और रोटरैक्ट की जिला चेयर सिमरन सग्गू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन अनिता पॉल, युवा सेवा निदेशक ने किया, जबकि रोटेरियन जयंती दत्त ने स्वागत भाषण देकर युवा नेतृत्व और सामुदायिक सेवा के महत्व पर जोर दिया। मुख्य आकर्षण 6 इंटरैक्ट क्लबों के नए अध्यक्षों, सचिवों, और कोषाध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसे रोटेरियन प्रतीम बनर्जी ने आयोजित किया। नए पदाधिकारियों और उनके शिक्षक प्रभारी को औपचारिक रूप से बैज प्रदान किए गए। नव-निर्वाचित नेताओं ने सामुदायिक पहल के माध्यम से रोटरी के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। समारोह में नए इंटरैक्ट्स की प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं, जो स्थानीय चुनौतियों के समाधान में उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। कार्यक्रम का समापन रोटेरियन मनीष जैन के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## झामुमो प्रत्याशी सुखराम उरांव ने किया नॉमिनेशन, नामांकन के बाद सभा को किया संबोधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सुखराम उरांव ने विशाल रैली के साथ चक्रधरपुर पोड़ाहाट अनुमंडल कार्यालय के समीप पहुंचे। जहां उन्होंने अनुमंडल कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पहले उन्होंने चक्रधरपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर फुलमाला अर्पण किया और विशाल रैली के साथ पदयात्रा करते हुए नामांकन करने अनुमंडल कार्यालय पहुंचे।नामांकन के बाद इन्होंने मारवाड़ी प्लस टू स्कूल के समीप चक्रधरपुर पोड़ाहाट स्टेडियम मैदान पर एक विशाल सभा को संबोधित किया। उन्होंने चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से क्षेत्र के विकास और प्रगति का वादा किया। उन्होंने चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम लाने का संकल्प भी लिया। झामुमो प्रत्याशी सुखराम उरांव का मानना है कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र को एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उनका दावा है कि अगर उन्हें समर्थन मिलता है, तो वे चक्रधरपुर और आसपास के क्षेत्रों में विकास की एक नई दिशा देने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## किसने दहलाई दिल्ली?

**दिल्ली** के सीआरपीएफ स्कूल के बाहर ऐसा विस्फोटक धमाका हुआ कि राजधानी दहल उठी और पूरी दिल्ली में 'अलर्ट' घोषित करना पड़ा। रोहिणी के प्रशांत विहार में यह धमाका हुआ। यह इलाका आउटर रिंग रोड से मात्र 800 मीटर दूर स्थित है और प्रमुख बाजारों में इसकी गिनती होती है। गनीमत है कि सुबह 7 बजे के करीब का वक्त था और रविवार छुट्टी का दिन था। हालांकि लोग 'करवा चौथ' पर्व मनाने को अपने-अपने घरों में मौजूद थे। सडक़ पर लगभग सन्नाटा था, क्योंकि आवाजाही नगण्य थी, लेकिन विस्फोटक धमाका इतना प्रचंड था कि स्कूल की वह दीवार ढह गई और वहां गहरा गड्ढा हो गया। करीब 15 बंद दुकानों की इमारतें, बोर्ड और शीशे क्षतिग्रस्त हुए। करीब 3 किलोमीटर तक धमाके की गूंज सुनाई दी। जो लोग आसपास के पार्क में टहल रहे थे, वे धमाके की आवाज सुनकर एकबारगी तो सुन्न हो गए। गनीमत है कि कोई हताहत या घायल नहीं हुआ, फिर भी इसे सामान्य घटना नहीं मान सकते। एक दिन पहले शनिवार को घटनास्थल के पास ही महिलाओं की भीड़ 'करवा चौथ' की मेहंदी रचा रही थीं। घटनास्थल पर लोग अपनी कारें खड़ी कर सामने पूड़ी-सब्जी की दुकान पर यह व्यंजन खाते थे। स्कूल आने वाले अभिभावक और अन्य लोग घटनास्थल की दीवार से सटा कर ही अपने वाहन लगाते थे। दीवार की तरफ ही स्कूल के भीतर प्रार्थना हुआ करती थी। यदि धमाके का दिन और वक्त कुछ और ही होता, तो भारी तबाही लगभग तय थी। यह महज दहशत पैदा करने अथवा कोई संदेश देने या शरारतपूर्ण घटना नहीं हो सकती। यह आतंकी हमला भी हो सकता है। जांच एजेंसियां इसी कोण से जांच कर रही हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल ने बहुएजेंसियों की जांच के आदेश दिए हैं। बम निरोधक दस्ते और विशेषज्ञ श्वान दस्ते ने भी जांच में अपनी भूमिका निभाई है। वैसे एनएसजी, एनआईए, दिल्ली पुलिस की स्पेशल शाखा, फोरेंसिक लैब, गुप्तचर ब्यूरो आदि ने शुरुआती जांच के लिए घटनास्थल से नमूने लिए हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई हैं। साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। यह विस्फोटक धमाका 7 सितंबर, 2011 के आतंकी हमले के बाद हुआ है, लिहाजा आश्चर्यजनक और खौफजदा भी है। यदि आतंकी हमले पर 'शक की सुई' टिकती है, तो आतंकी गुट कौनसा हो सकता है? अथवा इस साजिशाना हमले का मकसद क्या हो सकता है? दिल्ली में बीते 20 सालों के दौरान एक दर्जन विस्फोटक धमाके हुए हैं। उनमें से सिर्फ तीन ही ऐसे हमले थे, जिनमें जान-माल का नुकसान खूब हुआ। 2011 का आतंकी हमला दिल्ली उच्च न्यायालय के गेट नंबर 5 पर सुबह 10.15 बजे के करीब हुआ था। उस विस्फोट में 17 लोगों की मौत हुई और 76 लोग घायल हुए। उसके बाद दिल्ली में कोई बड़ी आतंकी घटना नहीं हुई। अब यह दीपावली का त्योहारी मौसम है। इस विस्फोटक धमाके ने दिल्ली की चिंताएं बढ़ा दी हैं। बाजारों में खरीददारी के लिए भीड़ उमड़ रही है, लिहाजा भीड़ की सुरक्षा सबसे अहम चुनौती है। सदर बाजार का ही उदाहरण लें, तो वहां 3-4 लाख लोग हर रोज खरीददारी करने आते हैं। दिल्ली के बाजारों पर आतंकी हमले किए जा चुके हैं। बहरहाल घटनास्थल से सफेद पाउडर जैसा रसायन मिला है। कुछ तारें भी बरामद की गई हैं। अभी तक की जांच में जो सामने आया है, वह घर पर बनाए बम की ओर संकेत कर रहा है, जिसकी तीव्रता कम थी और वह समय से पहले फट गया। हम किसी भी निष्कर्ष पर नहीं जाएंगे, क्योंकि बम वाले निष्कर्ष पर सभी एजेंसियां सहमत नहीं हैं। सवाल यह भी है कि क्या हमारे सुरक्षा बल आतंकियों के निशाने पर हैं? क्या इसीलिए सीआरपी के स्कूल को निशाना बनाया गया? बताया गया है कि सोमवार 21 अक्तूबर को इसी स्कूल में पीटीएम का आयोजन होना था, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों के आने की संभावना थी। यदि यह धमाका आतंकी हमला साबित होता है, तो एक बार फिर राजधानी आतंकवाद के निशाने पर आती लगती है।

राजधानी दहल उठी और पूरी दिल्ली में 'अलर्ट' घोषित करना पड़ा। रोहिणी के प्रशांत विहार में यह धमाका हुआ। यह इलाका आउटर रिंग रोड से मात्र 800 मीटर दूर स्थित है और प्रमुख बाजारों में इसकी गिनती होती है। गनीमत है कि सुबह 7 बजे के करीब का वक्त था और रविवार छुट्टी का दिन था। हालांकि लोग 'करवा चौथ' पर्व मनाने को अपने-अपने घरों में मौजूद थे। सडक़ पर लगभग सन्नाटा था, क्योंकि आवाजाही नगण्य थी, लेकिन विस्फोटक धमाका इतना प्रचंड था कि स्कूल की वह दीवार ढह गई और वहां गहरा गड्ढा हो गया। करीब 15 बंद दुकानों की इमारतें, बोर्ड और शीशे क्षतिग्रस्त हुए। करीब 3 किलोमीटर तक धमाके की गूंज सुनाई दी।

### उमर अब्दुल्ला ने सरकार बनते ही हिंदुओं में पैठ बढ़ाने का संदेश दे दिया

## जम्मू-कश्मीर में एनसी का बदलता सुर

प्रमोद भार्गव

विधानसभा चुनाव में यहां मतदान की प्रतिशत लगभग 65 रहा और नेकां और कांग्रेस गठबंधन ने बहुमत हासिल कर लिया। हालांकि नेकां राज्य की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर आई, किंतु कांग्रेस महज छह सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई। कांग्रेस का जनाधार जम्मू क्षेत्र में दिखाई दे रहा था, लेकिन वहां भी उसका सफाया हो गया। परिणाम के बाद उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पर छींटाकशी करते हुए यहां तक कह दिया कि कांग्रेस की वजह से नेकां को कम सीटें मिलीं।

**जम्मू** कश्मीर में बदलाव की धारा 2019 में धारा-370 और 35-ए के विलोपित होने के बाद ही दिखने लगी थी। इसी का परिणाम रहा कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में यहां मतदान की प्रतिशत लगभग 65 रहा और नेकां और कांग्रेस गठबंधन ने बहुमत हासिल कर लिया। हालांकि नेकां राज्य की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर आई, किंतु कांग्रेस महज छह सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई। कांग्रेस का जनाधार जम्मू क्षेत्र में दिखाई दे रहा था, लेकिन वहां भी उसका सफाया हो गया। परिणाम के बाद उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पर छींटाकशी करते हुए यहां तक कह दिया कि कांग्रेस की वजह से नेकां को कम सीटें मिलीं। गठबंधन को कुल 48 सीटों पर जीत मिली थी, जिनमें से 42 नेकां ने जीती हैं। कांग्रेस द्वारा कम सीटें जीतने के कारण मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शपथ लेने के बाद कांग्रेस के एक भी विधायक को मंत्री नहीं बनाया। कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका है। अतएव यह शंका भी उठने लगी है कि भविष्य में गठबंधन टूट भी सकता है। उमर अब्दुल्ला ने सरकार बनते ही हिंदुओं में पैठ बढ़ाने का संदेश दे दिया है। नौशेरा से भाजपा के प्रांतीय अध्यक्ष रविंद्र रैना को हराने वाले नेकां के ही सुरेंद्र चौधरी को उपमुख्यमंत्री बना दिया। शपथ ग्रहण समारोह में इंडिया गठबंधन के कई प्रमुख नेता मौजूद थे। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े भी उपस्थित थे। परंतु अपनी जानी पहचानी ठसक के विपरीत पूरे समय राहुल असहज दिखाई दे रहे थे। दरअसल उमर ने कांग्रेस को एक मंत्री पद देने को कहा था, लेकिन कांग्रेस दो विधायकों को मंत्री बनाना चाहती थी। उमर ने इस आग्रह को नहीं माना। नतीजतन राहुल के चेहरे पर बेबसी थी। कांग्रेस अब उमर सरकार को बाहर से समर्थन दे रही है, हालांकि उमर सरकार को स्पष्ट बहुमत मिल जाने के कारण कांग्रेस के समर्थन की कोई जरूरत नहीं है। इसीलिए उमर कांग्रेस का कोई दबाव झेलने को तैयार नहीं हुए। वस्तुतः कांग्रेस ने गठबंधन की मर्यादा का पालन करने और महाराष्ट्र व झारखंड के विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन बना रहे, इसलिए बाहर से समर्थन देकर अपनी लाज बचाने की कोशिश की है। फिलहाल जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त नहीं है। अतएव मुख्यमंत्री के पास दिल्ली की तरह उपराज्यपाल



से कम अधिकार हैं। इसलिए ऐसा भी अंदाज लगाया जा रहा है कि उमर ने कांग्रेस से दूरी दिखाने का यह खेल खेला है। यह शतरंज की चाल उनकी कूटनीति का हिस्सा है। हालांकि 19 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसमें केंद्र सरकार से पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का अनुरोध किया गया है। इस प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने सर्वसम्मति से मंजूर किया है। वैसे भी यदि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा जल्दी मिल जाता है तो सुधार प्रक्रिया में गति आने की उम्मीद की जा सकती है। इससे संवैधानिक अधिकार जो अभी उपराज्यपाल के पास हैं, उनमें से ज्यादातर मंत्रिमंडल को मिल जाएंगे। इससे जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा की गारंटी नवनिर्वाचित सरकार को मिल जाएंगे। संभव है, इस हेतु उमर अब्दुल्ला जल्दी ही प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से दिल्ली जाकर बात करें। उमर के सुर बदलने का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल ने 4 नवंबर को श्रीनगर में विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का निर्णय लिया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से इस सत्र को अनुरोध करने का आग्रह भी किया गया है। उमर ने कहा है कि 'प्रदेश के हर वर्ग और हर क्षेत्र का एक समान चहुंमुखी विकास किया जाएगा। हम किसी के साथ भी क्षेत्र, भाषा और राजनीतिक विचारधारा के आधार पर पक्षपात नहीं करेंगे।' कश्मीर में मुख्यमंत्री फारूक, मुफ्ती मुहम्मद, उमर और महबूबा मुफ्ती रहे हैं, किंतु सद्भाव और समरसता का ऐसा स्वर पहले कभी सुनाई दिया हो, याद नहीं आता। हालांकि नामुमकिन अनुच्छेद-370 की पुनर्बहाली की प्रतिबद्धता भी उन्होंने दोहराई। हालांकि अब अवाम को 370 की बहाली करने का सब्जबाग दिखाना असंवैधानिकता के साथ सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की अवमानना भी है। अनुच्छेद-370 हटने के बाद ही जम्मू-कश्मीर में 65 प्रतिशत मतदान संभव हुआ और दो निशान, दो विधान एवं दो प्रधान के प्रावधान खत्म हुए। इसलिए उमर अब्दुल्ला ने पहली बार मुखमंत्री की शपथ भारतीय संविधान के अनुसार ली है। सही मायनों में कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को भारतीय संविधान के कानूनी धागे में अब पुरो दिया गया है। क्योंकि अब यहां आधार, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नियंत्रक और महालेखक परीक्षक, मुस्लिम विवाह विच्छेद, शत्रु संपत्ति कानून, मुस्लिम महिला संरक्षण अधिनियम, भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, व्हिसल ब्लोअर समेत 108 केंद्रीय कानून अस्तित्व में आ गए हैं। साथ ही इस राज्य को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त होने के कारण जो 164 कानून यहां के लोगों को विशेष लाभ देते थे, वे रद्द हो गए है। इस राज्य के पुराने कानूनों में से 166 कानून ही अब जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लागू हैं। जो अधिकार देश की दूसरी ग्राम पंचायतों को प्राप्त थे, वे यहां भी लागू हो गए हैं। कश्मीर में अल्पसंख्यक हिंदू और सिखों को मिलने वाला आरक्षण लागू नहीं था, लेकिन नई व्यवस्था के तहत ये संवैधानिक प्रावधान प्रभावशील हो गए हैं। कश्मीर में सबसे बड़ा परिवर्तन यह भी हुआ है कि यहां की आधिकारिक भाषा उर्दु की जगह हिंदी हो गई है। जम्मू-कश्मीर देश का एकमात्र ऐसा राज्य था जहां आधिकारिक भाषा उर्दु थी। इसीलिए उमर को कहना पड़ा है कि भाषा के आधार पर किसी के साथ पक्षपात नहीं होगा। पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त होने के बाद इस राज्य को संविधान की समवर्ती सूची से संबंधित मामलों में कानून बनाने का अधिकार मिल जाएगा। साथ ही राज्य को आईएएस, आईपीएस तथा आईएफएस अधिकारियों के तबादले का अधिकार भी मिल जाएगा। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक-2019 के संसद से पारित हो जाने के बाद लद्दाख भारत का सबसे बड़ा केंद्र शासित प्रदेश बन गया है।

दृष्टि कोण

## जीवंत प्रजातंत्र कैसा हो?

**प्रजातंत्र** अब तक मानव मस्तिष्क द्वारा खोजे गए शासन के तरीकों में से बेहतरीन तरीका साबित होता है। आखिर शासन की जरूरत क्यों पड़ी होगी? जब मनुष्य कबीलों में रहता था तो भोजन-आवास की बुनियादी सुविधाओं को जुटाने के लिए आपस में मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत थी, जिसके लिए कुछ नियम चाहिए होंगे। क्योंकि मानव सहज वृत्तियों के चलते कोई टालमटोल करके मेहनत से बचने का प्रयास कर सकता है, कोई अपनी जरूरत से ज्यादा झपटने का प्रयास कर सकता है, इसलिए कबीले के भीतर मुखिया जैसी व्यवस्था खड़ी हुई। मुखिया की बात सब मानने के लिए प्रतिबद्ध थे। फिर दूसरे कबीले एक-दूसरे के संसाधनों पर कब्जा करने के लिए हमलावर हो सकते थे, उनसे सुरक्षा की जरूरत थी। तीसरी जरूरत प्रकृति की परिस्थितियों से बचाव की थी। आंधी, तूफान, ठंड, गर्मी, बाढ़ से बचाव अकेले संभव नहीं था। इसलिए धीरे-धीरे आपस में न्याय, दूसरों से सुरक्षा और प्रकृति से सुरक्षा के लिए ढांचागत निर्माण, वन उपज एकत्रण और शिकार के उपकरण आदि जरूरतों के लिए धीरे-धीरे कुछ नियमों द्वारा समाज के संचालन की शुरुआत हुई और इसी से शासन पद्धतियों का विकास हुआ। एक समय तक मनुष्य को यह समझ आ गया कि शक्ति हाथ में आ जाने के निजी लाभ भी हैं, इसलिए शासन को शक्ति द्वारा हथियाने के प्रयास शुरू हुए। छोटे-छोटे रजवाड़े और बाद में बड़े-बड़े साम्राज्य खड़े होते गए। जैसे-जैसे साम्राज्यों का विस्तार बड़ा होता गया, वैसे-वैसे शासन द्वारा आंतरिक और बाह्य स्तर पर लूट खसूट के अवसर भी बढ़ते गए। आधुनिकता के आगमन के साथ-साथ उद्योग और व्यापार में बढ़ोतरी हुई। अब समाज अपने जीवनयापन योग्य उत्पादों को पैदा करके आत्मनिर्भरता तक सीमित न रह कर, जरूरत से ज्यादा वस्तुओं का उत्पादन करके उनका व्यापार करके अतिरिक्त आय सृजन के अवसर तलाशने लगा, जिससे एशो-आराम के साधन जुटाने के साथ बड़ी-बड़ी सेनाएं भी रखने लगा। बड़ी सेनाओं के बूते दूसरे देशों पर कब्जा करके उनके साधनों को कब्जाने, अपनी धार्मिक मान्यताओं को जबरदस्ती दूसरे लोगों पर थोपने का क्रम आरंभ हुआ। इससे आंतरिक और बाह्य दोनों तरह का अन्याय बढ़ता ही गया। इसी कष्ट से मुक्ति के प्रयास के फलस्वरूप प्रजातंत्र के विचार का उदय हुआ। जिसके पीछे मूल भावना यह थी कि कोई एक राजा नहीं होगा, जो जब चाहे तब तक मनमाने फैसले करके जनता और विश्व समाज का शोषण करता रहे, बल्कि समाज सामूहिक रूप से अपने लिए स्वयं निर्णय करके निश्चित अवधि के लिए सरकार चुनेगा। भारतवर्ष में इस तरह के प्रयोग स्वतंत्र जनपदों के माध्यम से हुए जिन्हें संघ या गण कहा जाता था। फिर यूरोप में वर्तमान प्रजातंत्र के विचार का उदय हुआ। यूनान के एथेंस को वर्तमान प्रजातंत्र का जनक माना जाता है। लंबे समय तक कई बदलावों और संघर्षों के बाद ब्रिटेन में पहली पार्लियामेंट 1707 ई. में बनी। हालांकि तब तक प्रजातंत्र का स्वरूप सीमित अभिजात वर्ग तक ही उपलब्ध था। संयुक्त राज्य अमेरिका ने सीमित प्रजातंत्र की अवधारणा को अमान्य करके 1776 में अमेरिकन स्वतंत्रता की उद्घोषणा में कहा कि, 'सभी मनुष्य समान बनाए गए हैं, उन्हें पैदा करने वाले ने कुछ अधिकार दिए हैं जिनका उल्लंघन नहीं किया जा सकता, जिनमें से जीवन, स्वतंत्रता और प्रसन्नता प्राप्त करने के प्रयास करने का अधिकार मुख्य हैं।' कालांतर में अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने प्रजातंत्र को 'लोगों की, लोगों के द्वारा, और लोगों के लिए सरकार' के रूप में परिभाषित किया। यदि संक्षेप में प्रजातंत्र को समझने का प्रयास करें तो प्रजातंत्र में सबके मानवाधिकारों की रक्षा करते हुए व्यक्तिगत और सामाजिक रूप से विकास करने का वातावरण बनाते हुए लोग स्वयं अपने लिए जब शासन व्यवस्था का संचालन कानून के अनुसार करते हैं, तब प्रजातंत्र फलीभूत होता है। प्रजातंत्र का आधार मौलिक अधिकार हैं। और समानता को चरितार्थ करने के लिए कानून का शासन मुख्य उपकरण है। कानून का सर्वोच्च प्रकार संवैधानिक कानून है, जिसके दायरे में रह कर बाकी कानून बनाए जाते हैं। कोई कानून ठीक नहीं है तो उसको संशोधित करने की व्यवस्था होती है किन्तु जब तक है तब तक उसको मानना ही होगा। कानून सब पर बराबर लागू होगा। इसी को काानून का शासन कहा जाता है। शासन के मुख्य काम न्याय करना, कानून बनाना, प्रशासन संभालना और विकास की नीतियों और कार्यों को लागू करना होते हैं। यदि एक ही व्यक्ति काानून बनाएगा, न्याय करेगा, और प्रशासन चलाएगा तो वह तानाशाह बन सकता है, इसीलिए इन तीनों शक्तियों को अलग-अलग संस्थाओं के हाथ में रखा जाता है जिसे हम शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत कहते हैं।

कुछ अलग

## वर्क फ्रॉम जेल...

**आज़ादी** के अमृत काल में शायद ही कोई ऐसा क्षण गुजरता हो जब किसी को अपने भारतीय होने पर गौरव न होता हो। बाबा सिद्दिकी को मारने के बाद जब पुलिस हिरासत में बिश्नोई गैंग के शूटर ने पत्रकारों को सम्बोधित किया तो समझ में आया कि पिछले ग्यारह सालों में विश्व गुरू ने किसी पत्रकार वार्ता को सम्बोधित क्यों नहीं किया? ऐसे छोटे-मोटे कामों के लिए तो किसी गैंग के शूटर्स ही काफी हैं। चुनावी रैलियों में लोगों से बतियाने के लिए विश्व गुरू के पास पहले से ही मटन, मछली, भैंस, मंगलसूत्र जैसे कई अहम मुद्दे मौजूद हैं। फिर देश के अहम मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए पक्षकारों को थोथे राष्ट्रवाद या प्राचीन गौरव की चाशनी ही तो चाहिए। ऐसे में क्या ज़रूरी कि विश्व गुरू हर ऐरे-ग़ैरे पक्षकार से बात करें या किसी पक्षकार वार्ता को सम्बोधित करें? वह तो हिन्दी फिल्मों के मशहूर अभिनेता राजकुमार की तरह केवल अपनी पसन्द के पक्षकारों से बात करना पसन्द करते हैं, वह भी अपनी पसन्द के डिज़ायनर कपड़ों में अपनी पसन्द की लोकेशन, मुद्दों और अपनी पसन्द के वक्त के हिसाब से। सौदागर फिल्म में राजकुमार का मशहूर डायलॉग है-'जानी...हम तुम्हें मारेंगे और ज़रूर मारेंगे, पर बंदूक भी हमारी होगी और गोली भी हमारी होगी और वह वक्त भी हमारा होगा...।' इसी तरह विश्व गुरू भी अपना सारा काम अपनी पसन्द के हिसाब से करना पसन्द करते हैं। हां, लॉरेंस बिश्नोई गैंग का कोई शूटर, क्षमा करें माननीय भाई पुलिस हिरासत में भी पक्षकारों से मुख़ातिब हो सकता है। पुलिस की कोई पाबन्दी नहीं। अभी तक यह समझ में नहीं आया कि भाई को पुलिस ने पकड़ क्यों रखा है? जबकि भाई का कहना है कि उसने केवल बाबा सिद्दीकी जैसे बुरे आदमी को मारा है। बाबा सिद्दीकी के दाऊद इब्राहिम की गैंग से सम्बन्ध थे। लेकिन अगर उसके सम्बन्ध बिश्नोई गैंग से होते तो फिर उसे कौन मार सकता था। लेकिन लॉरेन्स भाई को लाख सलाम। नहीं, नहीं लाख नमस्कार। सलाम से आतताई धर्म की बू आती है। 'वर्क फ्रॉम जेल' की इससे बेहतर मिसाल नहीं मिल सकती। अरविंद केजरीवाल चाह कर भी तिहाड़ जेल से दिल्ली के मुख्यमंत्री का कामकाज नहीं देख पाए। लेकिन लॉरेन्स भाई की शान निराली है। खालिस्तानियों की हत्या में कनाडा और अमेरिका तक उसका नाम ले रहे हैं। भाई का नाम भी गजब है। लॉरेन्स, लॉरेन्स बिश्नोई। इसे कहते हैं देसी गधा और मुलतानी काठी। भाई 2015 से जेल में है। लेकिन जलवों की वही चमक बरक़रार है। अगर विश्वास नहीं तो फ़िल्मी भाई, मेरा मतलब है कि सलमान ख़ान से पूछ कर देखिए। सुनने में आया है कि जान के डर से फ़िल्मी भाई ने दो करोड़ की बुलेट प्रूफ गाड़ी ख़रीदी है। 'वॉटेन्ड' फ़िल्म में फ़िल्मी भाई ने बड़ी ठसक के साथ पुलिस अधिकारी के साथ-साथ भाई का रोल भी निभाया था। लेकिन असल ज़िंदगी का भाई इतना भारी पड़ा कि बेचारे को बुलेट प्रूफ गाड़ी ख़रीदनी पड़ी। फिर भी ज़रूरी नहीं कि जान बच जाए। मौसम चुनावी है और अगर बादशाह सलामत को लगा कि फ़िल्मी भाई के जाने से चुनाव में फायदा मिल सकता है, तो फिर उसकी जान बचाने की ज़िम्मेवारी ख़ुदा भी नहीं ले सकते। हां, लॉरेन्स की गैंग ने फ़िल्मी भाई की जान बख्शने की क़ीमत पांच करोड़ मांगी है। ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सऐप पर मैसेज भेज कर। पांच करोड़ में सौदा बुरा नहीं। पुलिस और भाइयों के बीच अमर प्रेम का यह बेहतरीन उदाहरण है। कोरोना के दौरान आपदा में अवसर का कितनों ने लाभ उठाया? पीएम केयर्स फंड के अलावा इसका कोई बड़ा उदाहरण सामने नहीं आया।

देश दुनीया से

## स्वर्णऋण के प्रति बढ़ता भारतीयों का रुझान

भारत में ऋण : सकल घरेलू अनुपात अन्य विकसित एवं कुछ विकासशील देशों की तुलना में अभी बहुत कम है। परंतु, हाल ही के समय में भारत का सामान्य नागरिक ऋण के महत्व को समझने लगा है एवं भौतिक संपति के निर्माण में अपनी बचत के साथ साथ ऋण का भी अधिक उपयोग करने लगा है। कुछ बैंक सामान्यजन को ऋण प्रदान करने हेतु प्रतिभूति की मांग करते है। भारत में सामान्यजन के पास स्वर्ण के रूप प्रतिभूति उपलब्ध रहती है अत: स्वर्ण ऋण बहुत अधिक चलन में आ रहा है। विशेष रूप से गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा ऋण की प्रतिभूति के विरुद्ध स्वर्ण ऋण आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। भारत में तेजी से बढ़ रहे स्वर्ण ऋण के कारणों एवं कारकों का वर्णन इस लेख में किया गया है।

**किसी** भी देश के आर्थिक विकास को गति देने हेतु पूंजी की आवश्यकता रहती है। तेज आर्थिक विकास के चलते यदि किसी देश में वित्तीय बचत की दर कम हो तो उसकी पूर्ति ऋण में बढ़ौतरी से की जा सकती है। भारत में ऋण : सकल घरेलू अनुपात अन्य विकसित एवं कुछ विकासशील देशों की तुलना में अभी बहुत कम है। परंतु, हाल ही के समय में भारत का सामान्य नागरिक ऋण के महत्व को समझने लगा है एवं भौतिक संपति के निर्माण में अपनी बचत के साथ साथ ऋण का भी अधिक उपयोग करने लगा है। कुछ बैंक सामान्यजन को ऋण प्रदान करने हेतु प्रतिभूति की मांग करते है। भारत में सामान्यजन के पास स्वर्ण के रूप प्रतिभूति उपलब्ध रहती है अत: स्वर्ण ऋण बहुत अधिक चलन में आ रहा है। विशेष रूप से गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा ऋण की प्रतिभूति के विरुद्ध स्वर्ण ऋण आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। भारत में तेजी से बढ़ रहे स्वर्ण ऋण के कारणों एवं कारकों का वर्णन इस लेख में किया गया है। भारत में वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही में विभिन्न गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा 39,687 करोड़ रुपए के स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए गए थे, स्वीकृत की जाने वाली यह राशि वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में बढ़कर 62,835 करोड़ रुपए हो गई एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में और आगे बढ़कर 79,218 करोड़ रुपए हो गई। गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में स्वर्ण ऋण के मामले में 26 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर हासिल की है जबकि अन्य प्रकार के ऋणों में इसी अवधि के दौरान औसत वृद्धि दर 12 प्रतिशत की रही है। भारतीय नागरिक स्वर्ण ऋण के प्रति बहुत अधिक आकर्षित हो रहे हैं। आज भारत के विभिन्न गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों एवं विभिन्न बैंकों द्वारा भारी मात्रा में स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए जा रहे हैं। अगस्त 2024 माह में बैंकों एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों ने मिलकर 41 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुए 1.4 लाख करोड़ रुपए के स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए हैं। आज गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों के कुल ऋण में स्वर्ण ऋण का प्रतिशत में हिस्सा सबसे अधिक है, दूसरे स्थान पर स्कूटर एवं चार पहिया वाहनों के लिए प्रदान किए गए ऋणों का ऋण हैं, इसके बाद तीसरे स्थान पर व्यक्तिगत ऋण 14 प्रतिशत के भाग के साथ है एवं इसके बाद जाकर गृह ऋण का नम्बर आता है जो कुल ऋण का 10 प्रतिशत भाग है। बैकों एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्वर्ण ऋण पर पूंजी पर्याप्तता सम्बंधी शिथिल नियमों का पालन करना होता है। अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में स्वर्ण ऋण पर जोखिम का भार (रिस्क वेट) तुलनात्मक रूप से कम रहता है। इससे बैंक एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियां भी स्वर्ण ऋण प्रदान करने की ओर आकर्षित होते हैं। यहां स्वाभाविक रूप से प्रशन्न उभरता है कि पिछले लगभग 3 वर्षों के दौरान भारत के नागरिकों में स्वर्ण ऋण के प्रति इतना रुझान क्यों बढ़ा है? भारतीय रिजर्व बैंक के पास स्वर्ण के भंडार बढ़कर 822 मेट्रिक टन से भी अधिक हो गए हैं परंतु विश्व स्वर्ण काउन्सिल के एक अनुमान के अनुसार, भारतीय नागरिकों के पास स्वर्ण के भंडार बढ़कर 25000 टन से भी अधिक के हो गए हैं, जिनकी बाजार कीमत वर्ष 2020 में 109 लाख करोड़ रुपए की थी। भारत में नागरिकों के पास स्वर्ण भंडार विश्व के कुल स्वर्ण भंडार का 11 प्रतिशत है। भारत में प्रतिवर्ष 750 से 800 टन स्वर्ण का आयात होता है और पिछले 25 वर्षों के दौरान भारत में 17,500 टन स्वर्ण का आयात हुआ है और मार्च 2019 से मार्च 2024 के दौरान भारत में स्वर्ण भंडार 40 प्रतिशत से बढ़ गए हैं। दरअसल, भारत में दीपावली (धन तेरस) के शुभ अवसर पर स्वर्ण की खरीद को शुभ माना जाता है एवं मध्यमवर्गीय परिवार भी धन तेरस के दिन स्वर्ण की खरीद प्रति वर्ष करते हैं। इससे भारत के करोड़ों परिवारों के पास स्वर्ण का स्टॉक उपलब्ध रहता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों द्वारा स्वर्ण ऋण प्रदान करने के सम्बंध में नियमों को बहुत सरल बनाया है एवं अब भारतीय नागरिकों को स्वर्ण के स्टॉक के विरुद्ध ऋण बहुत ही आसान शर्तों पर उपलब्ध होने लगा है। भारत में प्रचिलित परम्पराओं के अनुसार मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा स्वर्ण को बेचना शुभ नहीं माना जाता है जबकि स्वर्ण की खरीद को शुभ माना जाता है। अतः स्वर्ण को बाजार में बेचने के स्थान पर स्वर्ण को बैंक में गिरवी रखकर उसके विरुद्ध बैंक से आसानी से स्वर्ण ऋण प्राप्त करना ज्यादा उचित माना जाता है। और फिर, हाल ही के वर्षों में भारतीय शेयर बाजार बहुत ही तेज गति से आगे बढ़ रहा है और विभिन्न कम्पनियों के शेयरों में किए गए निवेश पर 12 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की आय प्रतिवर्ष होने लगी है। इससे बहुत बड़ी मात्रा में भारतीय नागरिक (खुदरा निवेशक) शेयर बाजार में निवेश करने हेतु आकर्षित हुए हैं। चूंकि स्वर्ण ऋण बहुत ही आसानी से उपलब्ध होने लगे हैं अतः मध्यमवर्गीय परिवार स्वर्ण ऋण लेकर पूंजी बाजार में निवेश अथवा चार पहिया वाहन खरीदने एवं गृहों का निर्माण करने लगे हैं।

आप का नजरीया

## शानन सियासी पलड़ा नहीं

**राजनीति** पार्टी के दायरों के बाहर भी मुकम्मल हो सकती है, यह पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कई बार साबित किया है। मौजूदा दौर में वह वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के तमाम फैसलों के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। वह प्रदेश के अर्थतंत्र में किसी भी मुख्यमंत्री की दिक्कतों को समझते हैं, इसलिए सार्थक समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ हो जाते है। यह दीगर है कि प्रदेश की सियासत में भाजपा वर्तमान सरकार को आर्थिकी के हर मोर्चे पर कोस ही नहीं रही, बल्कि सुधार के हर फैसले का विरोध भी कर रही है। समर्थन की तहरीर में शानन विद्युत परियोजना है जिससे हिमाचल का खजाना राहत प्राप्त कर सकता है। पंजाब पुनर्गठन की भावना के विरोध में खड़े वातावरण में हिमाचल के वैधानिक अधिकार आज भी तिरोहित हैं, तो इस हमाम में हर तरह की राजनीति दोषी है। बड़े राज्यों के सियासी हितों के कारण पहाड़ी राज्य के आत्मसम्मान पर चोट लगी है। अगर पंजाब पुनर्गठन की आत्मा जिंदा रहती तो हिमाचल आज आत्मनिर्भर होता। आश्चर्य यह है कि जब पंजाब के पर्वतीय इलाके हिमाचल में शामिल हो रहे थे तो इसे सियासी चुनौती मानकर देखा गया, वरना यह एक बसी बसाई आर्थिकी का हस्तांतरण भी था। तत्कालीन मुख्यमंत्री वाई एस परमार व उनके सियासी सलाहकार अगर सियासत के बजाय हिमाचल से स्थानांतरित अधिकारों को अपनी ढाल बनाते, तो बीबीएमबी विद्युत परियोजना के आर्थिक लाभ अब तक एक स्थायी आकार ले चुके होते। पौंग बांध परियोजना में हिमाचल के नाम आईं सिसकियां तब अपने पुनर्वास व आर्थिक उत्थान की पैरवी करतीं। पंजाब पुनर्गठन से चंडीगढ़ में हरियाणा-पंजाब की हिस्सेदारी में संपत्तियां बंट सकती हैं, तो 7.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी में हिमाचल को भी अपना क्षेत्रीय वजूद हासिल होता। इसी संदर्भ में अगर हिमाचल की कई संपत्तियों पर तत्कालीन पंजाब राज्य का उत्तराधिकार मौजूदा पंजाब को मिल रहा है, तो साडा हक चंडीगढ़ की विरासत में क्यों नहीं। शानन की पेचीदगी में यह जख्म और भी गहरा तथा अन्याय का प्रतीक बन रहा है। एक लीज अनुबंध के तहत मंडी के राजा ने ब्रिटिश शासन को बिजली का घर बनाने की इजाजत दी थी, जो अब अपनी अवधि व वैधता पूरी करके नई स्लेट पर स्वाभाविक अधिकार का मसौदा लिख रहा है। एक सौ दस मेगावाट की इस परियोजना का मालिकाना हक अब न्याय की ऐसी कसौटी है, जहां यह मसला केवल दो राज्यों का नहीं केंद्र की पैरवी का भी है और यहां शांता कुमार सरीखे नेता का मुख्यमंत्री के साथ खड़ा होना वास्तविक परख है। जाहिर तौर पर वरिष्ठ नेता के बयान ने भाजपा को याद दिलाया है कि शानन कोई राजनीतिक पलड़ा नहीं, बल्कि राज्य का अस्तित्व है जिसे कभी पहाड़ी रियासतों के गठबंधन से एक स्वरूप, एक संस्कृति और पर्वतीय अस्मिता का प्रतीक बनाया गया था। यह पर्वतीय इतिहास का दस्तावेज है, जिसका अधिकार हिमाचली खजाने के सरोकार को बुलंद करता है।

# गिद्धौर पैक्स में हुहा है लाखों का घोटाला, कर्मियों की मिलीभगत से किया गया बन्दरबांट

## बिसीओ ने अपना पल्लाझाड़ा कहा उच्च अधिकारी से होगी जांच




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित गिद्धौर पैक्स बैंक कर्मियों के मिली भगत से लाखों की घोटाला किया गया है।बताते चलें कि बैंक का उद्घाटन 2004 ई.में की गई थी।और उस वक्त से 2023तक लगभग 5560 खाता धारी इस बैंक के माध्यम से अपनी राशि आदान-प्रदान कर रहे थे। तथा अन्य सरकारी काम भी किया जा रहा था। 2024 ई.में अचानक से सैकड़ो बैंक खाता धारकों का खाता बंद कर दिया गया।जिसमें 4710 खाता बताई जा रहे हैं।और इन सभी के खातों से 28 लाख 16 हजार 8सौ50पचास रु. कर्मियों के मिली भगत से गमन किया गया है। इसकी जानकारी लाभुकों ने जिला उपयुक्त एवं माननीय मंत्री तथा झारखंड सरकार को लिखित आवेदन के द्वारा दिया गया है। आवेदन में लिखा गया है। कि 2023 में 5560 खाता था। और 2023-24में बिना आदेश के अब 850 खाता बचे हुए हैं। जिसमें 2022-23 में 5560 खाताधारियों का शेष राशि अंकेक्षण के अनुसार एक करोड़ 64 लाख 16हजार8सौ 85रु. देय था। 2023-24 में 4710 खाता बंद करने के बाद अंकेक्षण के अनुसार एक करोड़ 36 लाख देय बचा। 2023 -24 एवं 2024 में अंतर 28 लाख 16हजार 8सौ85 रुपया मिला।जो उपरोक्त प्राधिकारियों द्वारा मिली भगत से बंदर बांट किया गया है।इसके पूर्व में 2009-10 में अंकेक्षण के द्वारा गिद्धौर पैक्स के प्रबंधक सुरेश कुमार के द्वारा आईसीडीपी के माध्यम से 29 लाख 50000 पजास हजार का गाय बैल मुर्गी बकरी ट्रैक्टर एवं सहायता समूह के नाम से पैसे लिए जो कागजी सो करके प्रबंधक के द्वारा गमन किया गया।उस समय अध्यक्ष एवं किसी भी कर्मचारी को पता नहीं चलने दिया।और राशि का गमण कर लिया गया। आगे बताते चलें कि 2018 ई.में प्रधानमंत्री फसल बीमा करवाने के नाम से भी लगभग 165000 की गमन किया गया था। इतना ही नहीं पैक्स अध्यक्ष एवं शाखा प्रबंधक एवं सहायक के द्वारा मुर्दा का थेपा लगवा कर 4925 निकाला गया।जिसका खाता 1276 एल एफ5/32 से 20 जून 2024 को निकाल कर उपरोक्त लोगों के द्वारा आपस में बंदर बांट कर लिया गया।वह भी बिना मृत्यु प्रमाण पत्र लगाए हुए। कृषि ऋण माफी में भी घोर अनीयता बरती गई है।100 किसानों का कागजाति शो करके बंदर बांट कर लिया गया। गिद्धौर पैक्स बैंक में ऑफलाइन कार्य होने के वजह से प्रबंधक द्वारा रोकर पाल को कभी भी कैसे बुक को लाल पेन की जगह पेंसिल से तोड़ा जाता था जो जांच का विषय है। इन सभी से संबंधित जानकारी के बारे में खाताधारकों ने पूछा तो सहायक रामकुमार पांडे के द्वारा बतलाया गया कि वर्तमान बचो एवं अंकेक्षण अधिकारी के आदेश से खाता बंद कर दिया गया है जिससे खाता धारकों में आक्रोश है। इन सारी घटनाओं से संबंधित पैक्स संचालक सुरेश दांगी ने बताया कि कोई खाता बंद नहीं किया गया है। जितना खाता बंद की बात कही गई है। वह खाता अंक्टिव है।जिसे खाताधारी के आने पर चालू किया जा रहा है।पैक्स अध्यक्ष चिंतामन दांगी ने कहा सारा आरोप गलत है।पैक्स का कार्य नियमानुसार किया जा रहा है। कोई खाता बंद नहीं किया गया है।खाताधारी बैंक में आयेंगे खाता शुरू हो जाएगा।

# नामांकन के अंतिम दिन 9 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया विधान सभा अज 26 से नामांकन के अंतिम 8 वें दिन 9 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस तरह नामांकन के अंतिम दिन कुल 11 प्रत्याशियों ने सिमरिया विधान सभा चुनाव 2024 के चुनावी समर में कूदा है। जिसमें जेएम एम सह महागठबंधन के मनोज चंद्रा, एनडीए भाजपा गठबंधन के उज्वल दास, बहुजन समाज पार्टी से रामोतार राम, शंकर रजक निर्दलीय, जितेंद्र कुमार जेएलके एम पार्टी, सीपीआई पार्टी सुरेश कुमार, सदानंद भुइंया निर्दलीय, बिनोद कुमार निर्दलीय, विकाश कुमार निर्दलीय, विनय कुमार निर्दलीय, लालकिशोर दास झारखंड पार्टी ने अपना अपना नामांकन दो दो सेट में निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस तरह कुल सिमरिया विधान सभा अज 26, 2024 के लिए 11 प्रत्याशी किस्मत आजमाएंगे। अब देखना यह होगा कि कुर्सी एक दावेदार अनेक किसके सर पर सजेगी सेहरा। यह ताजपोशी सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के मतदाता 13 नवंबर को अपना कीमती वोट देकर किसी एक को अपना अपना मत देकर ताजपोशी करेंगे।

## स्वीप के तहत बीडीओ के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत मझगांवा पंचायत के बूथ नंबर 164,165,166 में मतदाता जागरूकता अभियान शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में किया गया। जहां जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को बतलाया गया।कि मतदान आपकी पहचान एवं आपकी मत है। आप स्वतंत्र तरीके से मतदान कर सकते हैं।किसी के बहकावे एवं दबाव में मतदान नहीं करें। अदि कोई आपको दबाव बनाता है।तुरंत प्रखंड प्रशासन को सूचना करें।मौके पर उपस्थित दिगंबर पांडेय उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा के साथ बिएलओ रिंकू कुमारी रेणु देवी सुनीता देवी एवं दर्जनों मतदाता उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका के बच्चियों ने बैंड बाजा में किया टॉप



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड बाजा प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया है। विजेता प्रतिभागियों को उपविकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिसे लेकर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय वार्डेन बिंदु पोद्दार समेत विद्यालय परिवार के साथ-साथ प्रखंड के लोगों ने बधाई दिया है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर राजद की प्रखंडस्तरीय बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड के घोरीघाट स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर (घोरीघाट) राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड कार्य समिति की एक बैठक शुक्रवार की आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष खेदु यादव के द्वारा की गई। जबकि संचालन मेराज अंसारी के द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी बूथ पर 15 सदस्य बूथ कमेटी का निर्माण,विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार करना था।कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए राजद प्रखंड अध्यक्ष खेदू यादव ने कहा कि हमें आपसी गिले शिकवे को भुलाकर दल के लिए समर्पित भाव से काम करना है एवं चतरा विधानसभा के राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश को भारी मतों से विजय बनाना है। वही राजद कार्यकर्ताओं ने लालू यादव जिंदाबाद, तेजस्वी यादव जिंदाबाद, राशि प्रकाश जिंदाबाद का खूब नारे लगाए, वही मेराज अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जनता फासिस्ट मोदी सरकार के गलत नीतियों से आजिज आ चुकी है। परिवर्तन चाहती है, यह हमारे लिए सुनहरा अवसर है।बैठक को संबोधित करने वालों में राजद नेता सलाहुद्दीन खान, युवा राजद के जिलाध्यक्ष प्रतीक प्रकाश अंगार, युवा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप यादव,प्रमिल साव, राजद नेता भोला प्रसाद, विशाल यदुवंशी, पवन यादव, परमेश्वर कुमार यादव, संदीप यादव, संदीप कुमार सोनी, संकेत यादव, आशीष कुमार, अरुण यदुवंशी, मुकेश यादव, नजीब खान समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# नामांकन के अंतिम दिन तक चतरा विधानसभा अज 27 से 12 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा विधानसभा अज 27, 2024 के लिए कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। जिसमें राष्ट्रीय जनता दल से रश्मि प्रकाश, लोजपा से जनार्दन पासवान, बीएसपी से चंद्रशेखर कुमार, एआईएमआईएम से सुबोध पासवान, निर्दलीय से अशोक गहलोत, उमेश भारती, मनोज भुइयां, सीपीआई एम से पुन भुइयां, सीपीआई से डोमन भुइयां, जेएलकेएम से अशोक भारती, अखिल भारत हिन्दू महासभा से सागर राम, लोकहित अधिकार पार्टी से अशोक कुमार डोम ने अपना नामांकन पत्र अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम के समक्ष सौंपा है। अब चतरा विधान सभा के लिए 12 प्रत्याशी अपना अपना किस्मत आजमा रहे हैं। सियासत की कुर्सी एक दावेदार अनेक किनके सर पर सजेगी सेहरा यह तय चतरा विधान सभा क्षेत्र के मतदाता 13 नवंबर को अपना अपना मतदान कर ताजपोशी करेंगे।

## बीडीओ ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिये कई दिशा निर्देश



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिले में पहले चरण में होने वाले मतदान को लेकर जिले के बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों में शौचालय बिजली पानी की स्थिति को जाना। मौके पर बोलते हुए बीडीओ सोमा उराँव कहा कि मतदान केदो में सभी समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि यहां पर मतदान कर्मियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों एवं संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र में साफ सफाई स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था शौचालय की व्यवस्था सुदृढ़ करें ।मौके पर बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# मनिका विस से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में मुनेश्वर उरांव ने किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में मुनेश्वर उरांव ने महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नामांकन किया। उनके नामांकन में कोने कोने से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। मुनेश्वर उरांव ने कांग्रेस का जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर अपनी पार्टी से अलग चुनाव लड़ने का निर्णय लेते हुए क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर जोर दिया, जिसमें विशेष रूप से बेरोजगारी का मुद्दा सामने रखा। नामांकन के बाद श्री उरांव ने कहा कि मनिका विधानसभा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की कमी के चलते युवा वर्ग को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी एक गंभीर समस्या है, जिसके समाधान हेतु ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और रोजगार के साधनों का विस्तार कर इस चुनौती का समाधान किया जा सकता है। इस मौके पर उरांव ने जनता को विश्वास दिलाया कि अगर उन्हें जनता का समर्थन प्राप्त होता है, तो वह क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# मनिका विस से सपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने मनिका विधानसभा सीट से आगामी चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर औपचारिक रूप से पर्चा भरा। इस मौके पर सपा के कई कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे, जो पार्टी के प्रति उत्साह दिखा रहे थे। यह नामांकन दाखिल करने का कदम सपा के चुनावी तैयारियों का हिस्सा है, जहां पार्टी ने अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारकर आगामी चुनाव में जीत हासिल करने का लक्ष्य रखा है। रघुपाल सिंह ने नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए जनहित के कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यदि वे चुनाव जीतते हैं, तो क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने खासकर गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों के विकास पर जोर दिया और बताया कि उनकी पार्टी समाज के हर तबके के हित के लिए काम करेगी।

# लातेहार से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में धीरेंद्र कुमार ने किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी धीरेंद्र कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन पत्र अनुमंडल अधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक उपस्थित रहे, जो उत्साह और जोश के साथ उनके समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, धीरेंद्र कुमार ने अपने समर्थकों के साथ मीडिया से बातचीत की और अपने चुनावी एजेंडे तथा उद्देश्यों पर चर्चा की।धीरेंद्र कुमार ने कहा कि वे किसी भी राजनीतिक दल के बंधनों से मुक्त होकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लेकर मैदान में उतरे हैं। उनका मानना है कि लातेहार क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ता है, जिस पर ध्यान न देने के कारण उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने अपने एजेंडे में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, और अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी है, ताकि क्षेत्र का हर नागरिक इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि उनका प्रमुख उद्देश्य लातेहार के विकास को नई दिशा देना और हर वर्ग की आवाज़ को मजबूती से उठाना है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी आशा है कि इस बार लातेहार क्षेत्रवासी मुझे विजयी बनाएंगे ताकि मैं इस क्षेत्र का समृद्ध भविष्य बना सकूं।

## मनिका विधानसभा सीट के लिए 12 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव 2024 का विगुल बजते ही मनिका विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में कई दिग्गजों ने अपने भाग्य की आजमाइश और चुनाव में उतरने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है जिसमें मनिका विधानसभा क्षेत्र से कुल 12 प्रत्याशियों ने निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम विपिन कुमार दुबे को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसमें महागठबंधन और इंडियन नेशनल कांग्रेस के सिंबल से विधायक रामचंद्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी के सिंबल से पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, समाजवादी पार्टी से रघुपाल सिंह,हम पार्टी से अतुल कुमार सिंह, जेकेएलएम पार्टी से बलवंत सिंह वहीं कांग्रेस संगठन से नाराज़ चल रहे बागी तेवर दिखाते जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कई जाने पहचाने कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं विजय सिंह, राकेश कुमार सिंह,कामेश सिंह, गोपाल परहिया,पौलिकार्प खाखा,प्रभुदास मिंज ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना पर्चा दाखिल कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बताते चलें कि पिछले तीन दिनों से नामांकन पत्र दाखिल किया गया है वहीं आगामी 28 को प्रत्याशियों के द्वारा दिए दस्तावेजों की जांच की जाएगी ।वहीं दिनांक 30 अक्टूबर को प्रत्याशियों का अपना पर्चा वापस लेने का समय निर्धारित किया गया है।

# सामान्य प्रेक्षक ने विभिन्न कोषांगों में किये जा रहे कार्यों का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सामान्य प्रेक्षक कुमार प्रशांत के द्वारा विधानसभा चुनाव के निमित्त गठित कार्मिक कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग, EDC-cum-Postal Ballot कोषांग, एमसीएमसी कोषांग, वाहन कोषांग में भ्रमण कर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया गया।इस दौरान कोषांग के कार्यों की जानकारी ली गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने की बात कही गई। इस दौरान कार्मिक कोषांग एवं निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के निरीक्षण के क्रम में विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया गया। निर्वाचन व्यय के सतत निगरानी सहित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। पोस्टल बैलेट कोषांग के निरीक्षण के क्रम में सामान्य प्रेक्षक ने कोषांग के अधिकारियों व कर्मियों से पोस्टल बैलेट से जुड़े नियमों के अनुपालन, बैलेट बॉक्स, होम वोटिंग आदि की जानकारी ली गई। इसके साथ ही उन्होंने मतदान कार्यों में लगे सभी कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करते हुए फॉर्म 12 डी के माध्यम से मतदान करने के लिए आए आवेदनों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा सूचना भवन के जिला जनसंपर्क कार्यालय में संचालित एमसीएमसी कोषांग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने एमसीएमसी के तहत किए जा रहे मॉनिटरिंग, प्रतिदिन के प्रेस कतरन, सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग, पेड न्यूज की मोनेटरिंग सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में सामान्य प्रेक्षक द्वारा वाहन कोषांग का निरीक्षण कर कोषांग में पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। इसके अलावे सामान्य प्रेक्षक द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए ब्रजगृह एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर चुनाव के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन समेत संबंधित कोषांग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# बारियातु पुलिस ने 32 लाख 42 हजार का गांजा सहित दो तस्कर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 64 किलो 8.10 ग्राम गांजा सहित दो तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं प्रेस वार्ता कर बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि बारियातू ब्लॉक मार्ग मिडिल स्कूल के पास सनोज प्रसाद व नरेश प्रसाद पिता स्व बैजनाथ साहू द्वारा गांजा की खरीद बिक्री कि जाती है।दोनों के घर में गांजा होने की भी सूचना है। त्वरित कार्रवाई करने पर उसके घर से भारी मात्रा में अवैध गांजा की बरामदगी हो सकती है।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें पुअनि देवेन्द्र कुमार थाना प्रभारी बारियातु, पुअनि रितेश तिग्गा, पुअनि निर्मल कुमार मंडल, सअनि सुरेश कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल के द्वारा सनोज प्रसाद व, नरेश प्रसाद के घर की विधिवत तलाशी करने पर घर के कमरों में पलंग, छज्जा, बक्सा में छुपाकर रखे गये आसमानी रंग के भारतीय जन उर्वरक परियोजना अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 8.300 किग्रा, पिला रंग के भारतीय जन उर्वरक परियोजना अंकित बोरा में भरा हुआ।वजन 10.730 किग्रा, सफेद रंग के पायोनियर अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 13.950 किग्रा, सफेद रंग के किसान यूरिया अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 11.120 किग्रा सफेद रंग के एलएलडीपीई अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 11.250 किग्रा, ब्लू एवं, पीला, रंग, सिग्नेचर का पान मसाला अंकित थैला जिसमें प्लास्टिक के 10 पैकेट में गांजा भरा हुआ थैला में रखे गांजा का कुल वजन 64.810 किलो ग्राम पाया गया। इसके साथ गांजा एवं ड्रग्स को भरकर पिने के लिये प्रयोग में लाये जानेवाले बॉन्गचिए परफेक्ट रोल 09 कार्टुन प्रत्येक कार्टुन में 10 पैकेट (रिजला पेपर) 55=550 अदद, कुल 550म9= 4,950 अदद बरामद हुआ। जिसका बाजार मूल्य 32 लाख 42 हजार रुपया है जिसको विधिवत जप्ती सुची बनाकर जप्त किया गया तथा दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया बारियातु थाना कांड संख्या-64/2024, दिनांक-25/10/2024, धारा 20 (बी ) (II) सी /22 (सी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## हर्ष अजमेरा के नामांकन सह आशीर्वाद यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

# चौक चौराहों पर विभिन्न समाज के प्रतिनिधि एवं नारी शक्ति के द्वारा किया गया स्वागत व अभिनंदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** युवा नेता हर्ष अजमेरा ने शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया जिसके बाद हजारीबाग स्टेडियम से भव्य शोभायात्रा निकली गई वहीं स्टेडियम परिसर में आशीर्वाद जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें सदर विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहें। एक विशाल और रंगारंग शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष जोश और उत्साह के साथ शामिल हुए। यह शोभायात्रा सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनी, जहां विभिन्न आयु वर्ग के लोग अपनी अनूठी वेशभूषा और जोशपूर्ण समर्थन के साथ एकत्र हुए। इस भव्य शोभायात्रा की शुरुआत कंचन ग्राउंड से हुई। यात्रा से पूर्व हर्ष अजमेरा ने नरसिंह स्थान मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा में आकर्षक और पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए युवा विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। इनके अलावा, यात्रा में ढोल-नगाड़े और पारंपरिक संगीत ने वातावरण को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। वही शोभायात्रा में बंगाल की धरती से पधारे छऊ नृत्य का विशेष प्रस्तुति रहा।

**समर्थकों का जनसैलाब**

इस शोभायात्रा में हर्ष अजमेरा के समर्थकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सड़कों पर उपस्थित लोगों के हाथों में हर्ष अजमेरा नामक तख्तियां और झंडे थे, जो उनके समर्थन और विश्वास को दिखा रहे थे। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी एक साथ कदम से कदम मिलाते हुए यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में अजमेरा के समर्थन में जोरदार नारेबाजी और जयकारे गूंजते रहे। यह नजारा पूरे क्षेत्र में उत्साह और उम्मीद का संदेश दे रहा था।

**शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। व्यापारियों, किसानों, युवाओं और महिलाओं का जोश देखते ही बन रहा था।**

हर्ष अजमेरा ने इस मौके पर कहा की यह केवल एक नामांकन नहीं है, यह जनता के विश्वास और समर्थन का प्रतीक है। मैंने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी है, और अगर मुझे इस चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिला, तो मैं विकास और पारदर्शी प्रशासन के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। मेरा उद्देश्य हर व्यक्ति की आवाज को सशक्त बनाना है, और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। अजमेरा ने यह भी कहा कि वह बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और महिलाओं की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने अपने समर्थकों को



आश्वासन दिया कि उनकी जीत जनता की जीत होगी, और वह सभी के हित में काम करेंगे।

**शोभायात्रा में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रतीकों का झलक नजर आया**

हर्ष अजमेरा के भव्य शोभायात्रा में विभिन्न सांस्कृतिक और ऐतिहासिक प्रतीकों का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस शोभायात्रा में समाज के अलग-अलग वर्गों से जुड़े लोगों ने महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के रूप में हिस्सा लिया,जो हमारी समृद्ध धरोहर और देशभक्ति का संदेश दे रहे थे. गुलशन कुमार ने बिरसा मुंडा का रूप धारण कर आदिवासी समाज के साहस और संघर्ष की कहानी को जीवंत किया। शशि सोनी ने महात्मा गांधी के वेश में अहिंसा और सत्याग्रह का संदेश दिया, जो समाज में शांति और समरसता का प्रतीक है। आदर्श कुमार ने सिद्धू मुर्मू का रूप धारण कर आदिवासी वीरता और शौर्य को उजागर किया। अरविंद कुमार ने कान्हू मुर्मू का वेश धारण कर साहसिक और स्वाभिमानी जीवन के प्रतीक बने। पूजा कृति ने रानी लक्ष्मीबाई के रूप में महिलाओं की शक्ति, साहस और स्वतंत्रता के प्रति समर्पण को प्रस्तुत किया। सुरभी कुमारी ने भारत माता का रूप धारण कर मातृभूमि के प्रति प्रेम और निष्ठा का प्रतीकात्मक संदेश दिया। रोहित सिंह गौतम ने मेकअप मैन के रूप में प्रतिभागियों के रूपांतर को सजीवता दी, जिससे उनके किरदार प्रभावी ढंग से उभर कर सामने आए। इस शोभायात्रा में हर एक व्यक्ति ने अपने किरदार के माध्यम से न केवल ऐतिहासिक नायकों की स्मृतियों को संजोया, बल्कि देशभक्ति, साहस, सत्य और न्याय के सिद्धांतों को भी जीवंत किया। यह आयोजन हर्ष अजमेरा के चुनाव अभियान को सिर्फ एक राजनीतिक यात्रा से ऊपर उठाकर सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बना गया। इस शोभायात्रा के माध्यम से हर्ष अजमेरा और उनके समर्थकों ने यह संदेश दिया कि वे केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और देश की भलाई के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द्र का प्रतीक बना। शोभायात्रा के मार्ग पर विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने हर्ष अजमेरा का पुष्प वर्षा, माला और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ स्वागत किया, जिससे यह यात्रा और भी भव्य और अद्वितीय बन गई। हर्ष अजमेरा ने जनता जनार्दन का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह स्वागत केवल मेरा नहीं, बल्कि उस जनता का सम्मान है जो मेरे साथ खड़ी है। मैं आप सभी के विश्वास के प्रति समर्पित हूं और आपके समर्थन से क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और सशक्तिकरण का कार्य करूंगा। शोभायात्रा में मिले इस समर्थन और नारी शक्ति के विशेष सहयोग ने हर्ष अजमेरा के अभियान को मजबूत किया है।

## बोलेरो गाड़ी चोरी करने के आरोपी को भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित पगार ओपी पुलिस ने बोलेरो गाड़ी के चोरी में शामिल एक अपराधी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर ने बताया कि जयप्रकाश कुमार पिता शोभी प्रजापति ग्राम बेंगवरी थाना केरेडारी जिला हजारीबाग के लिखित आवेदन के आधार पर केरेडारी थाना पगार ओपी कांड संख्या 185 /24 दिनांक 24 अक्टूबर 2024 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध वादी का बोलेरो वाहन रजी न. छ्व ॥ 02ङ्क 8038 चोरी होने का मामला दर्ज कराया गया था, तत्पश्चात एसडीपीओ बड़कागांव द्वारा चोरी गए गाड़ी का बरामदगी और घटना में शामिल अपराधियों के गिरफ्तारी को लेकर छापामारी दल का गठन



किया गया। दल में शामिल पुलिस कर्मियों ने 24 घंटे के अंदर चोरी करने वाले अभियुक्त जगदीश साव उम्र 30 वर्ष पिता स्व शिवनाथ साव ग्राम जोरदाग ओपी पगार जिला हजारीबाग के निशानदेही के आधार पर चोरी गए बोलेरो गाड़ी को बरामद किया गया। तत्पश्चात गाड़ी को जब्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक सह पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर पुलिस अवर निरीक्षक हेमराज कुमार सहायक अवर निरीक्षक नौशाद अंसारी सहायक अवर निरीक्षक मिथलेश राम हवलदार अमित सिंह आरक्षी दिलीप कुमार समेत पगार ओपी के पुलिस जवान शामिल थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने अपना नामांकन पत्र किया दाखिल, कहा : जनता दे आशीर्वाद बेटा बनकर करूंगा सेवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले उनकी मां साबी देवी ने मां भद्रकाली की पूजा कर व मजार पर चादर चढ़ा कर अपने बेटे की जीत की आशीर्वाद मांगा। साथ में उनके छोटे पुत्र मेघनाथ साहू भी उपस्थित थे। वहीं पूजा अर्चना करने के बाद नामांकन के लिए कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर वहां से निकले, जहां जगह-जगह पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं रांची से सीधे चलकर कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और वहां अपना नामांकन दर्ज करवाया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने पत्रकारों को बताया कि बरही की



जनता ने दोनों जनप्रतिनिधियों को मिलकर छः बार विधायक बनाया, फिर भी बरही वासियों को मूलभूत सुविधाओं से उपेक्षित रखा है। दशकों से बरही में पेयजल उपलब्ध नहीं करा सका। जब मेरा पिताजी बरही में विकास को गति देने का कार्य किए, तो उसकी हत्या करा दी। मैं अपने पिता की सोच को आगे बढ़ाएंगे और उनके अधूरे कार्य को पूरा करेंगे। मेरी जीत सुनिश्चित होगी तो विधानसभा के पहले सत्र में बरही वासियों को पानी देने का मांग विधानसभा में उठाऊंगा, तिलैया जलाशय से सिंचाई की व्यवस्था कराऊंगा। इसके साथ ही सुदूरवर्ती इलाकों में विकास की गति देने का काम करूंगा, बेटा बनकर बरहीवासियों का सेवा करूंगा। वही नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करवाने के बाद बरही चौक व उनके चारों मुख्य मार्गों में भव्य बाइक रैली निकल गई, जिसमें काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## मानशी लाल के सहयोग से होगा दिवाली धमाका




**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दीपावली के शुभ अवसर पर 28 अक्टूबर को डी एम इवेंट्स और हो एंटरटेनमेंट के संयुक्त प्रयास एवं इवेंट पार्टनर मानशी लाल के सहयोग से शानदार दिवाली धमाका सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्टेशन क्लब कैनरी इन होटल के सामने किया जायेगा। इसको लेकर आज आयोजनकर्ताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। आयोजकों ने बताया कि देश के मशहुर व जाने माने सिंगर रेहान रोक्ज् एवं उनकी बैंड के द्वारा लाइव म्यूज़िक कंसर्ट के माध्यम से जबरदस्त गीत संगीत का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही साथ उक्त कार्यक्रम में दिल्ली के मशहूर डीजे प्लेयर राहुल डीजे भी लाइव डीजे का आनंद देने के लिए आ रहे हैं। कार्यक्रम संध्या 5ः00 बजे मुख्य अतिथि के द्वारा उद्घाटन करने के बाद आरंभ किया जाएगा जो आचार सहिंता को ध्यान में रखते हुए रात्रि 10 बजे तक चलेगा। रेहान देशभर में अनगिनत शो कर चुके हैं जैसे द राइजिंग स्टार शो एवं इंडियन आइडल शो में भी अपनी कला को बिखरे है एवं उनकी प्रस्तुति देखने के लिए दर्शक लालायित रहते हैं, दिल्ली मुंबई जैसे महानगरों में उनके शो के लिए हज़ारों रूपए खर्च करने पड़ते हैं। वहीं कम खर्च पर हजारीबागवासियों के लिए उक्त दिवाली धमाका कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में जिला प्रशासन के स्वीप सेल द्वारा उपस्थित दर्शकों को मतदान के लिए जागरुक भी किया जायेगा। कार्यक्रम हेतु पास प्राप्त करने के लिए +91-7481927683 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को किया जागरूक



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग आदेशानुसार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 अक्टूबर से लेकर 4 नवंबर तक किया जाना है।जिसमें मुख्य रूप से 24 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता, 25 को मेहंदी प्रतियोगिता, 26 को पेंटिंग प्रतियोगिता, 28 को साइकिल रैली, 29 को मतदान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं 30 अक्टूबर को प्रभात फेरी तथा 4 नवंबर को मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रश्नोत्तरी / रंगोली / मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में गुरुवार को रंगोली एवं शुक्रवार को प्रखंड के कई विद्यालयों में मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने स्वयं अपने हाथों में मेहंदी लगाकर मतदान से संबंधित कई शब्दों को लिखकर छाप बनाई। जैसे वोट फॉर 2024, वोट देश का गर्व है, मतदान हम सब का अधिकार आदि लिख कर मेहंदी लगाई गई। मेहंदी एंव रंगोली कार्यक्रम मुख्य रूप से बड़कागांव प्रखंड के आंगो पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ , उत्क्रमित मध्य विद्यालय साढ़, मझलीडाड़ी, गोसाई बलिया, राजकीय मध्य विद्यालय जरजरा सहित प्रखंड के कई विद्यालयों में आयोजन किया गया।

## एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने किया नामांकन प्रपत्र दाखिल, नामांकन रैली में उमड़ा समर्थकों का जनसैलाब





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी बड़कागांव स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा बुढ़वा महादेव में पूजा अर्चना कर नामांकन प्रपत्र दाखिल के लिए रवाना हुए। इस दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं ने बड़े गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात नामांकन के बाद रोशन लाल चौधरी ने अपने हजारों समर्थकों के साथ रोड शो करके घुटुवा मैदान में आयोजित महासभा में पहुंचे। नामांकन कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता एवं संचालन अनिल राय और हरि रत्नम ने संयुक्त रूप से किया। नामांकन कार्यक्रम में रोशन लाल चौधरी के समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में समर्थक नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए।

नामांकन सभा के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रोशन लाल ही कर सकते हैं बड़कागांव को रोशन। बड़कागांव में एक ही परिवार का राज होने के बावजूद भी बड़कागांव में कोई ऐसा काम नहीं हुआ है जिस राज्य स्तर तक पेश किया जा सके।

इस दौरान एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि एनडीए की सरकार ही राज्य और देश का समुचित विकास कर सकती है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य खनिज संपदाओं से परिपूर्ण होने के बावजूद काफी पीछे है। इसके पीछे का मुख्य कारण जेएमएम, कांग्रेस व राजद की वर्तमान सरकार है। आप लोगों का एक बार आशीर्वाद मिला तो 5 सालों में विधानसभा क्षेत्र में विस्थापन, सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा से जुड़ी सभी समस्याओं का निदान करके दिखाऊंगा और बड़कागांव विधानसभा को झारखंड में सबसे विकसित विधानसभा बनाने का काम करूंगा।

वही हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखते हुए कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया है।उन्होंने पूरे देश के विकास में पार्टी के योगदान का हवाला देते हुए कहा कि अगर झारखण्ड राज्य में भाजपा की सरकार सत्ता में आती है, तो विकास की गति तेज़ होगी।

मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो , हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, आजसू केंद्रीय सचिव विजय साहू सहित दर्जनों नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया।

मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष वारिस खान, रमन सिंह बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, पूनम साहू , राजाराम प्रजापति संजय कुमार, बड़कागांव उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया रंजीत मेहता, मुखिया अनिकेत नायक, मुखिया वासुदेव यादव, पंसस कृष्णा राम, पतरातू मंडल अध्यक्ष गणेश ठाकुर, प्रदीप महतो, केंदीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, मोबिन अंसारी, गीरेंद्र प्रसाद,उपेंद्र महतो, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस से टिकट कटने के बाद सपा से उमाशंकर अकेला ने किया नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शुक्रवार को उमाशंकर अकेला अपने समर्थकों के साथ सपा से नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने से पहले मां भद्रकाली की पूजा अर्चना किया। वहीं माता के आशीर्वाद लेने के बाद वहां से निकले जहां पर विभिन्न जगहों पर भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान भारी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। नामांकन करवाने के बाद पत्रकारों के बीच उमाशंकर अकेला ने कहा कि पिछले 45 साल से में बरही वासियों का सेवा कर रहा हूं। जिसके बदले बरही विधानसभा की जनता ने हमें दो बार प्रतिनिधित्व करने मौका भी दिया। इस दौरान मेंने बरही में शोषित, वंचितों के साथ की जा रही



अत्याचार को खत्म करने का काम किया। वहीं प्रत्येक गांव में पक्की सड़के बनवाने का कार्य किया, कई पुल पुलिया मैने इस दौरान बनने का कार्य किया। वहीं कांग्रेस से टिकट ना मिलने की बात पूछे जाने पर बताया कि हमने निस्वार्थ भाव से पार्टी के कार्य को हर बार किया, पार्टी के हर निर्णय को हमने माना, उसके बाद भी टिकट काट दिया। वहीं कहा कि जनता कांग्रेस को इस बार जरूर जवाब देंगी। वही कहा कि जिस तरह हमने विकास की गंगा बहाई है, उसी विकास की गंगा के नाम पर हम वोट मांगेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि, एक बार फिर बरही की जनता तीसरी बार बरही विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका देंगी। वही नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करवाने के बाद प्रखंड मैदान में आयोजित नामांकन सभा को संबोधित किया।

## एआईएमआईएम प्रत्यासी शमीम अंसारी ने नामांकन किया दाखिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लेमीन पार्टी के मोहम्मद शमीम अंसारी ने अपने सैकड़ों समर्थक के साथ बड़कागांव विधानसभा से अपना नामांकन दाखिल किया। मोहम्मद शमीम अंसारी ने कहा कि आज हमारे क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या विस्थापन को लेकर है लेकिन इस पर कोई भी अभी तक मुखर होकर नहीं आवाज उठा सका। इसीलिए आज हमारे क्षेत्र बड़कागांव में जो कि कोल माइंस क्षेत्र है बाहरी लोग यहां आकर नौकरी ले रहे हैं और यहां के लोग बाहर जाकर काम कर रहे हैं। हमेशा इस क्षेत्र में दलित मुस्लिम पे अत्याचार होता



रहता है जिससे निजात पाने के लिए इस क्षेत्र की जनता मजलिस ए इत्तेहाद मुसलमीन को पूर्ण समर्थन कर रही है और हमारे सदर बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब के हाथों को मजबूत कर रही है। नामांकन कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष रकीब खान, बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद प्रतिनिधि मो. इब्राहिम, समाजसेवी सोनू इराकी, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष शमशेर अलम, केरेडारी प्रखंड सचिव हसनैन रज़ा, प्रखण्ड सचिव अफरोज अंसारी, महासचिव अमजद अंसारी, इकरार अंसारी, विधानसभा सह सचिव गुलाम मुस्तफा, सचिव मुसरफ अंसारी, यासीन अंसारी, मौलाना रहमतुल्लाह, जुल्फिकार ,मो. जहुर,मो. आरयन, तबरेज, मो. तफ़रेज, मो. रब्बानी, मो.बरकत परवेज सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया। इस जागरूकता रैली कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीटीटी, सहीया साथी एवं सहीया दीदीयों ने भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मतदाता जागरूकता पोस्टर वितरण कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप प्लान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता में जागरूकता लाना है। प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम



के तहत स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। वही सहीया साथी आशिया खातून ने बताया कि हम सब स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा रैली में स्लोगन बोली गई जिसमें छोड़े अपने सारे काम पूरा दिन करें मतदान, अबकी बार पूरा दिन मतदान, जन-जन का यह नारा है मतदान अधिकार हमारा है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, युवा हो तुम देश कि शान जागो उठो करो मतदान आदि स्लोगन बोले गए। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव से शुरू होकर बड़कागांव थाना मुख्य सड़क होते हुए अंचल कार्यालय बड़कागांव तक पहुंचकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीपीएम नवीन कुमार, आशीष कुमार, अशोक कुमार, संगणक संजय कुमार, बीटीटी रोहित कुमार एवं गोपी महतो, स्वास्थ्य सहीया साथी आशिया खातून एवं बिना देवी, स्वास्थ्य सहीया दीदी शबाना खातून, राधिका कुमारी, अनिता कुमारी, शकुंतला देवी, किरण देवी, अमरीन सबा, लीलावती देवी एंव सालको देवी सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## बरही प्राचीन छठ घाट पर शांति समिति की हुई बैठक संपन्न, कमिटी का किया गया गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरहीडीह स्थित प्राचीन छठ घाट पर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम ने किया। मौके पर बरही थाना प्रभारी आभास कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल में छठ पर्व मनाने का दिशा निर्देश दिए। वहीं उपस्थित लोगों ने छठ घाट की साफ सफाई और लाइट बत्ती की व्यवस्था पर चर्चा किया गया। वहीं सर्वसम्मति से शांति समिति का गठन किया गया। मौजूद लोगों के निर्णय के अनुसार कहा गया कि इधर कुछ असामाजिक तत्वों के लोगों के द्वारा शांति व सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास चल रहा है, इसलिए यहां कमिटी गठन किया गया जो असमाजिक तत्वों पर नजर रखेगी और धार्मिक स्थलों को सुरक्षा का ख्याल रखा जाएगा। कमिटी में अध्यक्ष राजसिंह चौहान, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार दिव्य, विजय सिंह, सचिव राजवंशी सिंह, विनोद साव, उपसचिव कृपाल राणा, संदीप केशरी, कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, पंचम चंद्रवंशी, इंद्रदेव भुईयां, राजकुमार केशरी, संरक्षक में शमशेर आलम, कैलाशपति सिंह, रमेश ठाकुर आदि को बनाया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# रामगढ़ में विधानसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के रवि कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन के निमित मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल रामगढ़ में दिए जा रहें प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार ने प्रशिक्षण हॉल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें कर्मियों के साथ बैठक कर मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहें प्रशिक्षण को बारीकियों से सुने इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं पदाधिकारी व मतदान कर्मियों को मतदान के दौरान हो रही गलतियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताई गई साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कर्मियों की दुविधाओं को भी दूर किया गय। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, आपूर्ति पदाधिकारी रंजीत टोप्पो सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

*रामगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए समन्वय समिति की हुई बैठक*

# बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, चंद्र प्रकाश चौधरी और सुनीता चौधरी हुई शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर अब गठबंधन दलों की बैठक शुरू हो गई हैद्य रामगढ़ में आज 25 अक्टूबर को पटेल चौक के निकट स्थित पटेल छात्रावास में भाजपा और आजसू नेताओं,कार्यकर्ताओं के बीच संबंध स्थापित करने को लेकर बैठक का आयोजन किया गयाद्य इस बैठक में भाजपा के प्रवासी सुभाष ओ कश्यप, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल,गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के अलावा भाजपा और आजसू के वरिष्ठ नेता मौजूद थेद्य गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है झारखंड में भाजपा के नेतृत्व एनडीए की सरकार बनाना। हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ काम करते हुए गर्व महसूस होता हैद्यउन्होंने पंचायत स्तर पर आजसू के कार्यकर्ता के साथ समन्वय स्थापित करते हुए चुनाव में लगने का निर्देश दिएद्य उन्होंने हेमन्त सरकार पर बदले के भाव के साथ काम करने का इल्ज़ाम लगाया. और बताया कि राज्य में भ्रष्टाचार और आपराधिक घटनाओं को रोक पाने में हेमन्त सरकार नाकाम रही है. उन्होने कहा कि बरकागांव, मांडु और रामगढ़ विधान सभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे।वहीं विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि जितने पर उनकी पहली प्राथमिकता रामगढ़ जिला को अव्वल जिला बनाना हैद्य सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए को क्यों जीतना जरूरी हैद्य आज देश जल रहा है। झारखंड जल रहा हैद्य उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों पर झारखंड सरकार के नाकामियों पर चोट करते हुए सबको चेताया और कहा की अगर इस ओर हम ध्यान नहीं देंगे तो हमारी अस्तित्व मिटा दिया जाएगा. जात पात की करो विदाई हिन्दू हिन्दू भाई भाई। झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए इससे निजात के लिए झारखंड विधानसभा में होने वाले चुनाव में अपने मत से एनडीए की सरकार बनाना है. उन्होंने तुष्टीकरण पर भी चोट करते हुए कहा कि अब समय आ गया है की हम अपने ताकत को पहचानने की जरूरत है। उन्होंने सभी से सुनीता चौधरी को भारी मतों से जीतने का आह्वान कियाद्य छात्रावास के सभागार में संध्या 4 बजे भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बैठक बुलाई गई।

## बड़कागांव विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने किया नामांकन दाखिल



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर बड़कागांव विधानसभा में एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने शुक्रवार को अपना नामांकन अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ में नामांकन फार्म दाखिल किया । इस मौके पर रौशन लाल चौधरी के साथ नामांकन दखील करने के समय उनके साथ गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवाह विवेकानंद रामगढ़ जिला भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं भाजपा पतरातु मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति एवं नीरज मंडल उपस्थित थे । इस मौके पर इस मौके पर एनडीए प्रत्याशी राशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़का गांव विधानसभा में भाजपा की जीत इस बार सुनिश्चित है भारी मतों से हम विजई होंगे

## अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग द्वारा चलाया गया छापेमारी अभियान



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शुक्रवार को उत्पाद विभाग रामगढ़, उत्पाद विभाग राँची, उत्पाद विभाग पुरुलिया (पश्चिम बंगाल), बरलंगा थाना एवं सिल्ली थाना के सहयोग से रामगढ़, राँची एवं पुरूलिया से सटे सीमावर्ती इलाकों रामगढ़ थाना अंतर्गत स्वर्ण रेखा नदी के किनारे बरलंगा, नावाडीह, कोराम्बे, पुरुलिया जिला अंतर्गत झालदा, तुलिन, बरजोपुर एवं सिल्ली थाना अंतर्गत हलमाद, सिल्ली आदि जगहों में सघन एवं व्यापक उत्पाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान से 20 अवैध शराब की भट्ठियां को ध्वस्त किया गया वहीं 5000 किलोग्राम जावा महुआ एवं 500 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही संबंधित घटनास्थल पर पदाधिकारियों द्वारा संबंधित जिले में कई अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से कांग्रेश कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद रामगढ़, अमित मड़की अवर निरीक्षक उत्पाद रामगढ़,अनंत कुमार सिंह बरलंगा थाना,रजनीश कुमार, निरीक्षक उत्पाद राँची, रूपेश कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद, राँची, दिलीप कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद राँची,स्नेहाशीष सेन, अवर निरीक्षक उत्पाद रांची, रवि कुमार, अवर निरीक्षक सिल्ली थाना, रबिन्द्रनाथ जीत क्षेत्रिय उत्पाद पदाधिकारी, पुरूलिया जिला बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाकपा-माले रामगढ़ कमिटी की हुई बैठक



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा-माले रामगढ़ कमिटी की बैठक शुक्रवार को माले कार्यालय में सचिव सरयू बेदिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सुरेश बेदिया, जगेश्वर प्रजापति, रसीद अंसारी, शैलेन्द्र बेदिया,रुदल राय,चेतलाल बेदिया, लालकुमार बेदिया, चंन्द्रिका राम और भाकपा-माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया व देवकीनंदन बेदिया उपस्थित थे। झारखंड विधानसभा के चुनाव में भाकपा-माले ने झारखंड को बचाने के लिए सबसे पहले भाजपा को ध्वस्त करने के संकल्प के साथ सभी विधानसभा में राजनीतिक अभियान चलाएगी। भाजपा के खिलाफ भाकपा-माले ही मजबूती के साथ खड़ा है। भाकपा-माले ने ही केन्द्र में विपक्ष को मजबूत करने के लिए एकजुट किया और इंडिया गठबंधन बना। लेकिन झारखंड में भाजपा के खिलाफ मजबूती से लड़ने वाली भाकपा-माले के साथ इंडिया गठबंधन में अभी तक उचित सीट नहीं दिया गया है फिर भी भाकपा-माले सिर्फ और सिर्फ भाजपा के खिलाफ पुरी ताकत के साथ राजनीतिक अभियान चलाएगी।

## जेएलकेएम जिला अध्यक्ष पर गाली गलौज व जान से मारने का आरोप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो पिता कौलेश्वर राम दांगी चट्टी बाजार रामगढ़ निवासी ने गोला थाना में शुक्रवार शाम को एक आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि मैं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ गोला प्रखंड क्षेत्र के चाड़ी कुष्टेगढ़ा का दौरा कर रहा था। इस बीच जेएलकेएम के जिलाध्यक्ष रामगढ़ के कांकेबार निवासी देवानंद कुमार महतो पिता सुरेश महतो का मेरे मोबाइल पर कॉल आया। कॉल रिसीव करने पर कहने लगा कि हम डीवीसी चौक गोला आये हुए हैं, तुम जहां कहीं भी हो जल्दी मेरे पास पहुंचों। इसके अलावा भद्दी भद्दी गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि अगर तुम चुनाव लड़ोगे तो जान से मार देंगे। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की छानबीन करते हुए आरोपी पर कार्रवाई करने की बात कही है। पुलिस को कॉल रेकॉर्डिंग भी दिया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

## रामगढ़ नगर आजसू पार्टी आदिवासी महासभा के नगर अध्यक्ष ने दर्जनों युवाओं के साथ कांग्रेस पार्टी का थामा दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ रामगढ़ वार्ड नंबर 2 से आदिवासी महासभा आजसू पार्टी के नगर अध्यक्ष रिंकू करमाली ने आजसू पार्टी छोड़ कर दर्जनों युवाओं के साथ पूर्व विधायक ममता देवी के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर तथा कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत पर आस्था व्यक्त करते हुए पूर्व प्रत्याशी श्री बजरंग महतो के उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने पर रिंकू करमाली सहित सभी कार्यकर्ताओं को पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो जी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर पार्टी में शामिल करवाएं। साथ ही बजरंग महतो जी ने सभी को अस्वस्थ किया कि आपके मान सम्मान के साथ किसी भी प्रकार से कोई समझौता नहीं किया जाएगा साथ ही आपकी भावनाओं को कांग्रेस पार्टी में हमेशा कदर किया जाएगा। पार्टी में शामिल हुए पूर्व आजसू पार्टी आदिवासी महासभा के नगर अध्यक्ष रिंकू करमाली ने कहा कि आजसू पार्टी में कार्यकर्ताओं का कोई मान सम्मान नहीं किया जाता है इस कारण हम आजसू पार्टी छोड़ कर आज कांग्रेस पार्टी में पूर्व विधायक ममता देवी के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर शामिल हुए हैं। और 2024 के इस विधानसभा चुनाव में पूरी निष्ठा से पार्टी का काम करते हुए पूर्व विधायक ममता देवी को हर हाल में जीत दिलाने का काम करूंगा। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वालों में रोहित करमाली, मुकेश मुंडा, कन्हैया करमाली, राजेंद्र जैसवाल, बिशु करमाली, बालक राम करमाली, रितिक करमाली, सुभम करमाली, अमर करमाली, करण करमाली, वरुण करमाली, बलवीर करमाली, सहित दर्जनों युवा शामिल थे।

## विकास को लेकर आजसू कृतसंकल्पित : चंद्रप्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने शुक्रवार को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मारंगमरचा पंचायत का चुनावी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सोंढ़, तेबरदाग, मारंगमरचा आदि गांवों में लोगों से मिलकर एनडीए प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। मौके पर सांसद ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य वासियों के साथ जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया गया। पांच लाख युवाओं को नौकरी, बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही गयी थी। लेकिन सरकार के इस झूठे आश्वासन से लोगों ठगा महसूस कर रहे है। केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्य सरकार के उदासीन रवैया के कारण धरातल पर नहीं उतारा जा सका। उन्होंने आगे कहा कि अगर झारखंड में एनडीए की सरकार बनी, तो राज्य वासियों के लिए बालू फ्री किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं से अवगत होकर इसे दूर करने का आश्वासन दिया। मौके पर पूर्व मुखिया डोमन महतो, सुबीन तिवारी, संतोष महतो, रजनी राज, भागीरथ कुमार, बढ़न राम करमाली, दिवाकर महतो, राजू महतो, अंजू देवी, शेखा देवी, रीमा देवी, अजय कुमार, मुकेश कुमार, सुरेश रविदास सहित कई मौजूद थे।

# सामजसेवी ज्वाला सिंह आजसू पार्टी में शामिल, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया जोरदार स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के आवास में आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी मौजूद थे। आयोजित मिलन समारोह में सामजसेवी ज्वाला सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगो को गिरिडीह सांसद ने पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि आजसू पार्टी युवाओं के हित मे हमेशा से ही कार्य करती हैं और आगे भी करते रहेगी। उन्होंने कहा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगो को मान सम्मान देना आजसू की पहली प्राथमिकता हैं। मौके पर विभावि के प्रभारी अनुराग भारद्वाज, आजसू युवा मोर्चा के जिला सह प्रभारी सुबिन तिवारी, सामजसेवी अजय बंगाली, राज गिरी आदि थे।



**पार्टी के हित मे हर तरह का करूंगा कार्य : ज्वाला सिंह**

समाजसेवी ज्वाला सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी सभी लोगो को सम्मान देने का काम करती हैं। आजसू पार्टी जात नही जमात की पार्टी हैं। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी द्वारा जनहित में कई विकास कार्य किये गए हैं। बेहतर काम से प्रभावित होकर आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया हूँ।

**इन लोगो ने ली पार्टी की सदस्यता**

आयोजित मिलन समारोह में सैकड़ो लोगो ने पार्टी की सदस्यता ली। सदस्यता लेने वालों में प्रभु सिंह, आशीष सिंह, अभय सिंह, मोतीलाल महतो, लेता महतो, रंजीत महतो, अजेश कुमार महतो, पवन तिवारी, तरणजीत सिंह, मुकेश मुर्मू, बलकु महतो, करन सिंह, अनिल सिंह, पृथ्वी कुमार, जितेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, रूपेश कुमार, लोकनाथ कुमार, हरिनाथ कुमार, ऋषि राज सिंह, मिथलेश पासके, विशाल सिंह, संजय किस्कू, दीपक हांसदा, शानू टुड्डू, राम चन्द्र कुमार, सेबधर महतो, राहुल सोनी, निखिल चक्रवर्ती, अमित सिंह, पिंटू कुमार, रोशन कुमार, बंटी कश्यप, बादल कुशवाहा, संतोष कुमार आदि सैकड़ो युवाओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ली।

*चितरपुर प्रखंड के सांडी गांव के दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का थामा दामन*

## कांग्रेस परिवार में शामिल कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा उचित मान सम्मान : ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** गोला में पूर्व विधायक कार्यालय मठवाटांड़ में चितरपुर प्रखंड सांडी गांव के करमाली टोला के दर्जनों युवाओं के साथ पूर्व विधायक ममता देवी जी के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर तथा कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत पर आस्था व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक ममता देवी व पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी में शामिल सभी कार्यकर्ताओं को पूर्व विधायक ममता देवी जी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर व पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो जी ने माला पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर पार्टी में शामिल करवाएं। साथ ही पूर्व विधायक ममता देवी और बजरंग महतो ने कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी को कहा कि सभी पार्टी में इमानदारी से काम कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का की बात कही साथ ही अस्वस्थ किया कि कांग्रेस पार्टी में आप सभी को उचित सम्मान दिया जाएगा और आपकी भावनाओं को कांग्रेस पार्टी में हमेशा आदर किया जाएगा। सभी युवाओ ने पूर्व विधायक ममता देवी के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं और सभी युवाओं ने एक स्वर में 2024 के इस विधानसभा चुनाव में पूरी निष्ठा से पार्टी का काम करते हुए पूर्व विधायक ममता देवी जी को विजय दिलाने का संकल्प लिया । कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप में रवि करमाली, उमेश करमाली, पवन करमाली, क्रांति करमाली, रमेश करमाली, सुखराम करमाली, लालप्रसाद करमाली, छोटू करमाली सहित दर्जनों युवा शामिल थे।

## बालू खनिज के अवैध खनन व परिवहन पर 5 वाहनों को किया गया जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर गुरुवार देर रात को रामगढ़ अंचल अंतर्गत बालू खनिज के अवैध परिवहन/ खनन के विरुद्ध जिला खनन पदाधिकारी के आदेशानुसार रामगढ़ थाना के द्वारा ग्राम गोबरदाहा दामोदर नदी से अवैध बालू का उत्खनन में पावर ट्रैक 434 ब्लू रंग जिनका इंजन नंबर श्व 3100394,2. लाल रंग का महिंद्रा 275 ट्रैक्टर इंजन नंबर RFN103817,3. ब्लू रंग का सोनालिका 734 ट्रैक्टर इंजन नंबर -3100DL83G7F5 4893F3,4. लाल रंग का महिंद्रा 265 ट्रैक्टर इंजन नंबर -RENWO 4181,5. लाल रंग का महिंद्रा 265DI ट्रैक्टर इंजन नंबर -RENB 01759 के द्वारा प्रत्येक वाहन ट्रॉली पर करीब 100 घन फिट बालू लदा हुआ पाया गया। जांच के क्रम में वाहन में किसी भी प्रकार का चालान नहीं पाया गया जिसके उपरांत वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की छति, माननीय राष्टीय हरित न्यायधिकरण के आदेश का उल्लंघन तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के धारा 4/21, झारखंड लघु खनिज नियमावली 2004 यथा संशोधित के नियम 4/54 एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining Transportation and Storage) Rule 2017 के नियम 9/13 के तहत जिला खनन पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

## रामगढ़ पुलिस ने 543 किलो डोडा लोड ट्रेलर किया जब्त, चालक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस वार्ता किया। एस पी ने पत्रकारों को बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले रामगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रामगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रेलर को जब्त किया है, जो डोडा से लोड है। बताया कि यह सूचना मिली थी कि रामगढ़-रांची हाइवे पर एक ट्रेलर डोडा लोड कर जा रहा है। मिली सूचना के आधार पर एसपी ने पुलिस टीम का गठन कर, ट्रेलर को रोकने की कोशिश की। लेकिन पुलिस को देख ट्रेलर चालक तेजी से गाड़ी को लेकर रामगढ़ की ओर भगाने लगा। तभी भागने के क्रम में चुटूपालू घाटी गण्डके मोड़ के पास ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जब पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर की जांच की तो पता चला कि लोड लोहा के ऊपर में कुछ भरी हुई बोरी रखी हुई हैं। उन बोरियों को खोल कर देखने पर पाया गया कि उसमें सुखा हुआ डोडा है। इस दौरान पकड़ाए चालक ने अपना नाम बालकरण सिंह बताया, जो पंजाब के भटींडा का रहने वाला है। इस तलाशी में वाहन से 28 प्लास्टिक की बोरियों में भरा डोडा मिला है। इस दौरान गिरफ्तार चालक ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी गाड़ी पर सिमडेगा से बोरियों में डोडा लोडकर पंजाब के विभिन्न जगहों पर बिक्री करता है।

## अगर अमित साहू को मिला अटल विचार मंच का साथ तो का बिगड़ सकता है राजनीतिक पार्टियों का समीकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर रामगढ़ विधानसभा में अभी नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले ही रामगढ़ विधानसभा का राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गया है। सूत्रों की माने तो रामगढ़ के समाजसेवी अमित साहू से अटल विचार मंच के वरिष्ठ नेता संपर्क में है। अगर अमित साहू को अटल विचार मंच का साथ मिल जाता है तो जितने भी राजनीति पार्टी के पुराने एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता जो अपने ही पार्टी से रुष्ट हैं। उन सभी कार्यकर्ताओं का अमित साहू को पूरा साथ मिलेगा। और अमित साहू को जितना भी वोट आएगा लगभग वोट सभी पार्टियों का ही कटेगा। कुल मिलाकर अमित साहू का चुनाव लड़ना रामगढ़ विधानसभा में एनडीए गठबंधन एवं इंडिया गठबंधन के लिए खतरे की घंटी हो गई है। अगर सूत्रों की माने तो राजनीतिक पार्टियों के कई वरिष्ठ नेता अमित साहू को मनाने में लगे हुए हैं लेकिन अभी तक



अमित साहू ने अपना पत्ता नहीं खोला है। अमित साहू का कई वरिष्ठ नेताओं से बहुत दिनों से मधुर संबंध है। हो सकता है कि सभी वरिष्ठ नेता अमित साहू को समझाने में और उनको चुनाव लड़ने से रोकने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं। सूत्रों की एक बात और माने तो अमित साहू को चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ रामगढ़ के कई गणमान्य वरिष्ठ समाजसेवी का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। अमित साहू का नाम वैश्य समाज के बड़े नेता का रूप में है। और रामगढ़ विधानसभा में वैश्य समाज की अच्छी खासी आबादी है। कुल मिलाकर अमित साहू रामगढ़ विधानसभा से एनडीए के लिए सिर दर्द साबित हो रहे हैं।

## उद्योग जगत के संगठनों ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय पर राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति के उल्लंघन का लगाया आरोप




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएचडी चैम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और एसोसिएशन आफ इंडियन मेडिकल डिवाइसेज़ ने मैनुफैक्चरर्स आफ इमेजिंग, थेरेपी एण्ड रेडियोलोजी डिवाइसेज़ एसोसिएशन एसोसिएशन आफ डायग्नॉस्टिक मैनुफैक्चरर्स आफ इंडिया तथा मेडटेक उद्योग के हितधारकों के सहयोग से पीएचडी हाउस में एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया। जहां पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में गंभीर विषयों पर चर्चा की गई। ये ज्ञापन नवीकृत एवं पहले से इस्तेमाल किए जा चुके चिकित्सा उपकरणों के आयात की अनुमति देते हैं, बावजूद इसके कि इसी तरह की डिवाइसेज़ का निर्माण भारत में किया जाता है। उद्योग जगत के लीडरों का मानना है कि यह भारत को चिकित्सा उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा खतरा है, साथ ही यह प्रधानमंत्री जी के 'मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में बाधा भी उत्पन्न करता है। यह देश की स्वदेशी निर्माण क्षमता में रूकावट उत्पन्न करता है। इसके अलावा मरीज़ों की सुरक्षा के संबंध में भी गंभीर मुद्दों की संभावना उठाई गई है, क्योंकि हो सकता है कि नवीकृत किए गए चिकित्सा उपकरण, नव निर्मित उपकरणों की तरह गुणवत्ता के मानकों पर खरे न उतरें, जो मरीज़ों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का कारण हो सकता है।उद्योग जगत के दिग्गजों ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह ज्ञापन स्वदेशी मेडटेक सेक्टर को कमज़ोर बनाता है, जो हाल ही के वर्षों में 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत निवेश के चलते तेज़ी से विकसित हुआ है। भारत द्वारा उच्च गुणवत्ता की मेडिकल डिवाइसेज़ बनाने की क्षमता के बावजूद नवीकृत डिवाइसेज़ के आयात की अनुमति देना, घरेलू सेक्टर की प्रगति में बड़ी बाधा बन सकती है। पहले से इस्तेमाल की जा चुकी और नवीकृत मेडिकल डिवाइसेज़ के आयात को बढ़ावा देकर यह पॉलिसी भारतीय उद्यमियों के लिए इनोवेशन और निवेश में बाधा उत्पन्न करती है, तथा भारत के प्रतिस्पर्धी मेडकटेक उद्योग के विकास में रूकावट है।

## टाटा एआईजी ने महिलाओं, मानसिक स्वास्थ्य और कैंसर देखभाल पर ध्यान केंद्रित करते हुए राइडर्स लॉन्च किए

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में एक प्रमुख सामान्य बीमा प्रदाता, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने आज 60 से अधिक लाभ प्रदान करने वाले पांच नए राइडर्स के लॉन्च की घोषणा की, जिसका उद्देश्य अपने खुदरा स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की लचीलापन और व्यापकता को बढ़ाना है। चूंकि चिकित्सा लागत में वृद्धि जारी है और स्वास्थ्य सेवा की ज़रूरतें विकसित हो रही हैं, इसलिए इन राइडर्स को अनुकूलित सुरक्षा प्रदान करने, उभरती हुई स्वास्थ्य चिंताओं और जीवनशैली में बदलावों को संबोधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह लॉन्च अपने ग्राहकों के लिए अभिनव और प्रासंगिक समाधान प्रदान करके स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाने के लिए टाटा एआईजी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।नए राइडर्स- मेंटल वेलबीइंग, एम्पावरहर, ओपीडी केयर, कैनकेयर और फ्लेक्सी शील्ड- मानसिक स्वास्थ्य, महिला स्वास्थ्य और कैंसर कवरेज जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं। एम्पावरहर राइडर महिलाओं के व्यापक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, जैसे बांझपन, पीसीओएस और अन्य स्त्री रोग संबंधी चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करता है, जबकि मेंटल वेलबीइंग उद्योग में पहली बार मानसिक स्वास्थ्य निवारक जांच और पुनर्वास कवरेज पेश करता है। कैनकेयर बेहतर कैंसर सुरक्षा प्रदान करता है, ओपीडी केयर और फ्लेक्सी शील्ड सुनिश्चित करता है कि ग्राहक बढ़ती चिकित्सा लागतों और रोज़मर्रा के स्वास्थ्य खर्चों से सुरक्षित रहें।

**दावा प्रक्रिया में सुधार-:** टाटा एआईजी ने अपने दावों के निपटान की प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, जो ग्राहकों का भरोसा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। कंपनी का कैशलेस दावों का उपयोग वित्त वर्ष 2022-23 में 67.7त्र से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 76.95त्र हो गया है, जिसमें 96त्र कैशलेस दावों को चार घंटे के भीतर संसाधित किया गया और 85त्र प्रतिपूर्ति दावों का निपटान पांच दिनों के भीतर किया गया।

## विधानसभा चुनाव पर चर्चा कर कर्मठ प्रत्याशियों को मत देने की अपील

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी उदय प्रताप सिंह के आवासीय कार्यालय में दिलीप सिंह के उपस्तिथि में अपने युवा साथियों के साथ राजनीतिक और आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में चर्चा किया गया। दोनों नेताओं ने कहा की इस चुनाव के महापर्व पर अपना-अपना मताधिकार आवश्यक रूप से सभी को करना चाहिए और जो प्रत्याशी पांचों साल मतदाताओं के समस्याओं के समाधान के बारे में सोच रखें, उसी को अपना मत देना चाहिए।देखा गया है कि चुनाव में प्रत्याशी अपने फायदा के लिए आपको प्रलोभन देता हैं, उस से सावधान रहना चाहिए। और जों आप सभी के मत से जीतकर आपका और अपने क्षेत्र के जनसमस्याओं का समाधान कर सके, क्षेत्र का विकास करा सके और युवाओं को रोजगार मुहैया करा सके उसी कों अपना मत देना है। दोनों नेताओं ने कहा कि अगला बैठक में यह निर्णय लिया जाएगा की किस प्रत्याशी को समर्थन करना है। चुनावी चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उदय प्रताप सिंह को अंग वस्त्र, गुलदस्ता और माला पहना कर स्वागत किया। चुनावी चर्चा में अमित सिंह, बृजेश शर्मा, सचिन महतो, पिंटू मोदी, राजू कुशवाहा, मनोज यादव आदि उपस्थित थे।

## पाकुड़ डीसी की बनाई फेक व्हाट्सएप आईडी

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त मनीष कुमार के नाम पर तस्वीर वाली फेक व्हाट्सएप आईडी बनाकर जिलें के अन्य अधिकारियों से राशि की मांग करने का है। अपराधियों द्वारा उपायुक्त की आइडी से जिले के अधिकारियों से उपहार भी मांगे जा रहे है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।साइबर अपराधियों द्वारा जिले के कई अन्य गणमान्य लोगों से भी संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।इन तमाम बातों की पुष्टि आधिकारिक रूप से उपायुक्त कार्यालय से की गयी है।फेक व्हाट्सएप आईडी का नंबर +9779847416160 है और इसी नंबर से साइबर अपराधियों द्वारा अधिकारीयों या अन्य लोगों से संपर्क किया जा रहा हैं।इस संबंध में उपायुक्त ने अपने अधिकारियों, शुभचिंतकों व आमजनों से अपील की है कि अगर इस व्हाट्सएप नंबर या किसी भी अन्य नंबर व अन्य किसी भी अनाधिकृत सोशल मीडिया के माध्यम द्वारा आपसे संपर्क किया जाता है, तो उनके झांसे में न आए और किसी भी प्रकार की कोई भी वार्तालाप न करें। इससे आपको वित्तीय जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा इस मामले की विधिवत सूचना पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ को उपलब्ध करवाई गई है। पुलिस भी इस मामले की जांच में जुट गई है।

## गंगा जमुनी तहजीब का संदेश लेकर जनता के बीच जाएंगे : तनवीर आलम

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने कहा कि हम गंगा जमुनी तहजीब का संदेश लेकर जनता के बीच जाएंगे। कांग्रेस पार्टी भाईचारा और सौहार्द के बीच सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। तनवीर आलम गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में मीडिया कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं पंद्रह सालों से कांग्रेस पार्टी से जुड़ा हुआ हूं। मैंने ज्यादातर समय आम जनता के बीच बीताया। मैं जनता की भावना को समझ सकता हूं। जनता की भावना को साथ लेकर आगे बढ़ूंगा। कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने कहा कि जनता के बीच हम अपनी उपलब्धियों को रखेंगे। राज्य सरकार ने जितने भी काम किया है, उसे हम लोगों के सामने रखेंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी व्यवस्थाओं को सही ढंग से लागू करने की बातों को रखेंगे।

# आयुक्त ने चुनावी तैयारियों की ली जानकारी, चेकपोस्ट पर कड़ी निगरानी का निर्देश, मतदान से 48 घंटे पहले सीमाओं को किया जाएगा सील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में अंतर्राज्यीय बॉर्डर सीलिंग एवं विधि व्यवस्था संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संथाल परगना, दुमका के आयुक्त लालचंद डाडेल शामिल हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने सभी वरीय अधिकारियों, अन्य जिला के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए कहा कि यह बैठक अंतर्राज्यीय व अंतर जिला की बैठक विधानसभा आम चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने व शांतिपूर्ण मतदान को लेकर मुख्य रूप से आयोजित की गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए निगरानी व सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रबंध के बारे में बात रखते हुए विस्तार से जानकारियां साझा की गई। जिस पर सभी जिलों के डीसी, एसपी एवं उनके प्रतिनिधियों ने आवश्यक कार्रवाई हेतु सहमति देते हुए अपनी-अपनी बात रखी। चेकपोस्ट पर विशेष निगरानी रखने की बात कही गई। बैठक के दौरान सीमा पर जांच बिंदुओं तथा सीलिंग प्वाइंट के साथ आदतन अपराधियों व निगरानी बदमाशों की




सूची उपलब्ध कराए गए। इस मौके पर सीमावर्ती राज्यों के नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत संपर्क बनाने व आवश्यक सूचना के आदान-प्रदान को लेकर प्रत्येक जिले में व्यवस्था बनाने की बात रखी गई। वहीं नक्सल विरोधी अभियान, कानून व्यवस्था एवं अपराधिक गतिविधियों के ऊपर प्रभावी नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। इसके अलावा बैठक के दौरान डीआईजी दुमका, उपायुक्त साहेबगंज, वीरभूम पुलिस अधीक्षक, आसनसोल पुलिस अधीक्षक, मालदा पुलिस अधीक्षक, मुर्शीदाबाद पुलिस अधीक्षक, कटिहार पुलिस अधीक्षक, भागलपुर पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में सीमावर्ती वाले इलाकों में पड़ने वाले बूथों पर विशेष चौकसी बरतने, चेकनाका पर विशेष चेकिंग अभियान चलाने, बॉर्डर वाले जंगली क्षेत्रों में संयुक्त रूप से एलआरपी चलाने, सूचनाओं का आदान प्रदान करने सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं वैसे अपराधियों की सूची का आदान प्रदान किया गया, जो अपराध एक राज्य के क्षेत्र में कर दूसरे राज्य में भागे हुए हैं। वैसे अपराधियों को गिरफ्तार करने को लेकर अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा विधानसभा आम चुनाव को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर बिंदू वार चर्चा की गई। ताकि विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जा सके। चुनाव के दरम्यान विभिन्न सीमावर्ती जिलों के बॉर्डर पर क्या समस्याएं है एवं इसके निदान पर बिंदूवार चर्चा करते हुए सीमावर्ती इलाकों में विशेष चौकसी भी बरती जाएगी। इसके अलावा चुनाव के दौरान अशांति फैलाने वाले असमाजिक तत्वों पर सयुंक्त रूप से कार्रवाई की जाने की बात कही गई। आगे चेकपोस्टों पर सीसीटीवी कैमरें का अधिष्ठापन व एकसाइज चेकपोस्ट बनाये जाने के अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम के साथ नकस्लियों गतिविधियों पर पैनी नजर रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान संथाल परगना आयुक्त लालचंद डाडेल ने कहा कि सोशल मीडिया पर निगरानी के अलावा संचार की व्यवस्था के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए काम करना होगा। इसके अलावा उन्होंने बिहार राज्य में शराब बंदी के मद्देनजर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। साथ हीं उन्होंने नशीली पदार्थ व जाली नोट जैसे तस्करी पर सख्ती से निपटने की बात कही। साथ ही अपराधियों व अभियुक्तों के सीमावर्ती दूसरे जिले में आवागमन पर रोक के साथ ऐसे असामाजिक तत्वों का ब्यौरा साझा करने की बात कही गयी। इसके अलावा मतदान के 48 घंटा पूर्व से हीं चुनाव क्षेत्र में बाहरी मतदाता एवं बाहरी नेता को क्षेत्र से बाहर रखने के साथ-साथ बॉडर सिलिंग पर चर्चा की गई। इसके अलावा विधानसभा चुनाव के दरम्यान सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी के साथ शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातारण में चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी, ताकि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को सम्पन्न कराया जा सके। वहीं आयुक्त ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक डिस्ट्रिक आईकान, पांच कैम्पस एंबेसेडर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा सभी उपस्थित लोगों को मतदान करने हेतू शपथ ग्रहण कराया गया। बैठक में उपायुक्त जामताड़ा, उपायुक्त पाकुड़, पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा, पुलिस अधीक्षक, साहेबगंज, पुलिस अधीक्षक, पाकुड़, परियोजना निदेशक, आईटीडीए दुमका, उप विकास आयुक्त, पाकुड़, परियोजना निदेशक, आईटीडीए पाकुड़ संबंधित विभागों के अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम ने बोरियो विधानसभा से किया नामांकन दाखिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे व अंतिम चरण के नामांकन प्रक्रिया के तहत चौथे दिन शुक्रवार को ज़िला के बोरियो व बरहेट विस क्षेत्र से कुल तीन प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम ने अपने एक प्रस्तावक के साथ सदर अनुमंडल कार्यालय स्थित सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। बरहेट विस से एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। निर्दलीय प्रत्याशी सेवास्टियन हेंब्रम ने समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता कार्यालय में अपर समाहर्ता सह निर्वाची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत के कक्ष में उनके समक्ष नामांकन दाखिल किया। जबकि बोरियो विधानसभा से दो नामांकन दाखिल हुआ। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी मंडल हांसदा ने भी नामांकन किया।

**लोबिन पर दर्ज है एक केस**

साहिबगंज। बरहेट विस से नामांकन करने वाले निर्दलीय प्रत्याशी सेवास्टियन हेंब्रम (62) माइनिंग इंजीनियर हैं। आय का स्रोत पेंशन से है। उनकी चल संपत्ति 1785000, अचल संपत्ति 3285000 रुपये की है। पत्नी के पास 490000 रुपये की चल व 2290000 रुपये की अचल संपत्ति है। बोरियो से भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम (73) की शिक्षा मैट्रिक तक है। इनके ऊपर एक केस है। उनकी चल संपत्ति 10550748 रुपये जबकि अचल संपत्ति 8500000 रुपये की है। पत्नी की चल संपत्ति 3030000 रुपये व अचल संपत्ति 1000000 रुपये की है।

## प्रेसवार्ता के बहाने एनडीए ने दिखाई एकता, आजसू प्रत्याशी की जीत में भागीदारी निभाने का वायदा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** एनडीए के घटक दलों ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के बहाने एकता दिखाई और आजसू प्रत्याशी की जीत में सभी ने भागीदारी निभाने का वायदा भी किया। आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम के बस स्टैंड स्थित फार्म हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में आजसू केंद्रीय महासचिव अजय कुमार सिंह तथा जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय, उपाध्यक्ष हिसाबी राय, पवन भगत, अनिकेत गोस्वामी, जदयू जिलाध्यक्ष गौतम मंडल आदि शामिल हुए। अजहर इस्लाम ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने एनडीए में शामिल सभी दलों से समर्थन और सहयोग की उम्मीद जताई। अजहर इस्लाम ने कहा कि पाकुड़ के विकास और झारखंड में एनडीए की सरकार बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। एनडीए के साथियों के सहयोग से ही चुनावी रण को फतह किया जा सकता है। अजहर इस्लाम ने




कहा कि सभी दल मिलकर पाकुड़ को कांग्रेस मुक्त करना है। उन्होंने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम पर निशाना साधा और कहा कि पाकुड़ के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। आज भी पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदतर है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि गठबंधन के तहत इस बार पाकुड़ विधानसभा सीट आजसू पार्टी को मिली है। एनडीए का सहयोगी दल होने के नाते भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता आजसू पार्टी के साथ खड़ी है। प्रत्याशी के रूप में अजहर इस्लाम को जीत दिलाने के लिए एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर लोगों को राज्य सरकार की विफलताओं को बताएंगे। आगामी 20 नवंबर को जब वोट डाले जाएंगे तब बारह बजते बजते विरोधियों के भी बारह बजा देंगे। भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता अजहर इस्लाम के साथ खड़ी है। अमृत पांडेय ने कहा कि राज्य में जब एनडीए की सरकार बनेगी, तो निश्चित रूप से सहयोगी दल आजसू पार्टी को भी बड़ी जिम्मेवारी मिलेगी। जदयू जिलाध्यक्ष गौतम मंडल ने कहा कि सहयोगी दल होने के नाते जदयू पार्टी एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम के समर्थन में मजबूती के साथ खड़ी है। अजहर इस्लाम की जीत ही एनडीए की जीत है। इसलिए उनकी जीत में सहभागिता हमारा कर्तव्य बनता है। निश्चित रूप से एक-एक कार्यकर्ता अजहर इस्लाम को जीताने के लिए तन मन धन से काम कर रहे हैं और करेंगे।

## मुझे टिकट नहीं देकर झामुमो ने नाइंसाफी की है : दिनेश मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** झामूमो नेतृत्व ने मुझे पार्टी से टिकट नहीं देकर नाइंसाफी की है। जबकि मैं हमेशा से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित पार्टी के लिए वफादार सिपाही रहा हूं। उक्त बातें शुक्रवार को हिरणपुर स्थित आवास में पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक दिनेश मरांडी ने कहा है। विधायक ने कहा कि वर्ष 1980 में पिताजी स्वर्गीय साइमन मरांडी की सक्रिय भागीदारी से झामूमो का गठन हुआ था। उस वक्त पिताजी एक मात्र निर्दलीय विधायक थे। रामगढ़ नेमरा गांव से गुरुजी को संथाल क्षेत्र में लाकर पहचान दिलाई थी। दोनों के अलावा अन्य लोगों ने मिलकर पार्टी को मजबूत करने में कठिन संघर्ष किया। पर आज पार्टी नेतृत्व के आसपास बाहरी तत्वों का जमावड़ा हो गया है। जो मनमानी ढंग से कार्य कर रहा है। ऐसे लोग,



जिसे पार्टी से कोई नाता नहीं रहा है। मुझे पार्टी की टिकट से वंचित किया गया। वहीं क्षेत्र के बाहर के व्यक्ति को टिकट दी गई। जबकि इसका कारण तक मुझे नहीं बताया गया। उधर बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य को लेकर छह वर्ष के लिए निलंबित चमरा लिंडा को पुनः विशनपुर से टिकट दे दी गई। आखिर ये दोहरा मापदंड क्यों? मेरे टिकट कटवाने के बरहेट के विधायक प्रतिनिधि की अहम भूमिका रही है। जिसे मैं जेल में रहने के दौरान उससे भेंट नहीं किया। इसका खामियाजा मुझे भुगतना पड़ रहा है। इसके पूर्व वर्ष 2019 के चुनाव में राजमहल से एमटी राजा को झामूमो टिकट से वंचित कर बीजेपी को जीत दिलाने का कार्य किया गया था। आखिर अनुशासनहीनता किसने किया है। बोरियो से धनंजय सोरेन को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है, जो बरहेट विधायक प्रतिनिधि के मामले में गवाह बना था। जिसे टिकट देकर पुरस्कृत किया गया।हम पार्टी के समर्पित सिपाही रहे है। हेमंत सोरेन के लिए जान न्योछावर है। पर आखिर मुझे टिकट से वंचित कर क्या संदेश देना चाह रहा है। पार्टी को कुछ बाहरी तत्व कमजोर करने में तुला हुआ है।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गुमला का कार्यालय

e-mail→observercellg@gmail.com

**आम सूचना**

झारखण्ड विधन सभा आम चुनाव 2024 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 68–गुमला (अ0ज0जा0)विधान सभा आम चुनाव 2024 क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में Mr. Chhotay Singh, IAS, G-27250, General Observer, 68-(ST) Gumla की नियुक्ति की गई है ।

Mr. Chhotay Singh, IAS, G-27250, General Observer, 68-(ST) Gumla विधान सभा का दिनांक–24-10.2024 को गुमला आगमन हो चुका है। सामान्य प्रेक्षक स्थानीय परिसदन, गुमला के 'नाग फेनी' कमरा में आवासित हैं।

आम नागरिक चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए सामान्य प्रेक्षक से प्रत्येक दिन कार्य दिवस में पूर्वाह्न 9.30 बजे से पूर्वाह्न 10.30 बजे तक मिल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

सामान्य प्रेक्षक, 68–गुमला (अ0ज0जा0)का सम्पर्क संख्या **9430703727** है।

प्रभारी पदाधिकारी, प्रेक्षक कोषांग, गुमला

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह–उपायुक्त, गुमला।

PR.NO.339510 Election(24-25):D



जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (प्रेक्षक एवं प्रोटोकोल कोषांग, विधान सभा आम चुनाव–2024)

**"आम-सूचना"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आसन्न विधान सभा आम चुनाव–2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 26–सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रेक्षक महोदय की प्रतिनियुक्ति की गयी है एवं चतरा जिला में इनका आगमन हो चुका है ।

अतएव आम–जन एवं सभी राजनैतिक दल अपनी शिकायतों एवं समस्या के निराकरण हेतु परिसदन भवन, चतरा के सभागार में सम्बन्धित प्रेक्षक के समक्ष अथवा मोबाईल या ई–मेल के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है । इससे सम्बन्धित विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | प्रेक्षक का नाम | कमरा / भवन का नाम | मिलने का समय | सम्पर्क पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sri Pattanshetti Ravi Subash, IAS कोड–G-32189 (सिमरिया विधान सभा क्षेत्र) मो0–6202728829 Email Id-protocolcellchatra@gmail.com | परिसदन भवन, चतरा के सभागार में | 5:00 PM to 6:00 PM | श्री आलोक कुमार, सहायक अभियंता, मो0–9934930918 |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, चतरा ।

PR.NO.339504 Election(24-25):D



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची (प्रेक्षक कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 हेतु सामान्य प्रेक्षकों की नियुक्ति भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा की गई है, जिनका आगमन राँची जिले में हो चुका है। एतद् द्वारा सभी सर्वसाधारण यथा विभिन्न दलों के प्रत्याशी अथवा स्वतंत्र उम्मीदवार, राजनीतिक दलों एवं आमजनों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 के सामान्य प्रेक्षक का नाम, दूरभाष संख्या, ई–मेल, एवं उनके आवासन तथा मिलने का समय आदि से संबंधित जानकारियाँ निम्नवत् हैं :–

| क्र॰ सं॰ | सामान्य प्रेक्षक का नाम | सम्बद्ध विधानसभा क्षेत्र का नाम | आवासन | मोबाईल सं॰ | टेलीफोन/ ई–मेल | मिलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Shri Venkateshpathy S. IAS (G-21734) | 58- Tamar | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड़, रांची। Room No. 205 | 8539019166 | 0651-2913391 e-mail- observercellranchi2024@gmail.com | 09.00 AM TO 10.00 AM |
| 02. | Shri Amitava Banerjee, IAS (G-33285) | 63- Ranchi | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड़, रांची। Room No. 201 | 9031432994 | | 10.00 AM TO 11.00 AM and 05.00 PM TO 06.00 AM |
| 03. | Shri Dineshan H., IAS (G-24176) | 64- Hatia | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड़, रांची। Room No. 206 | 9122839289 | | 09.00 AM TO 10.00 AM |
| 04 | Shri A. Sivagnanam, IAS (G- 32486) | 65- Kanke | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड़, रांची। Room No. 202 | 8235788235 | | 04.00 PM TO 06.00 PM |
| 05 | Shri R. Girish, IAS (G-23078) | 66- Mandar | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड़, रांची। Room No. 203 | 8809127120 | | 04.00 PM TO 06.00 PM |

अतएव उक्त के आलोक में सभी अभ्यर्थी / निर्वाचन अभिकर्त्ता / राजनैतिक दल के प्रतिनिधि एवं आम मतदाताओं को संसूचित किया जाता है कि यदि उन्हें झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा मामले परिलक्षित हो तो व्यक्तिगत रूप से अथवा उक्त मोबाईल संख्या / दूरभाष / ई–मेल पर सामान्य प्रेक्षक से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची

PR 339531 Ranchi(24-25)#D

कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट ने अपने विभिन्न मांगो को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# कुम्हार द्वारा निर्मित दीए व खिलौने का करें प्रयोग और विदेशी सामानों का करें विरोध : प्रेम किशोर प्रजापति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट ने जिला के उपायुक्त श्री बाघमारे प्रसाद कृष्णा एवं जिले के अन्य पदाधिकारीयों से मुलाकात की एवं सभी पदाधिकारीयों को ट्रस्ट की ओर से दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। जिले के सभी सनातनी बंधुवों से ट्रस्ट अपील करती है कि लोकल वस्तु का उपयोग अधिक से अधिक करे एवं चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करें जिससे कि स्थानीय जो कुम्हार कलाकार हैं उसे लाभ मिल सके। हम सनातनियों के लिए लगभग दो महीना से दीपावली के सजावट के बहुत से समान बना रही हैं इसमें परिवार के एक-एक बच्चा लगा रहता है। इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए इनके द्वारा बनाया गया मिट्टी के दीए व खिलौने का प्रयोग करें और विदेशी सामानों का विरोध करें। उपायुक्त महोदय को एक ज्ञापन दिया गया है उसमें समाज ने यह आग्रह किया है कि मिट्टी के





सामान बेचने वाले लोगों से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्हें प्रोत्साहन हेतु धनतेरस कच्ची दिवाली पक्की दिवाली पूरे नगर क्षेत्र में टैक्स न लिया जाए इस चुनाव के पर्व में सभी राजनीतिक दलों से भी कुम्हार समाज अपील करती है कि केवल आप हमारे मत ना ले बल्कि हमारे समाज में 80त्न लोग इसी जीविका से जीवित है उनके विषय में भी आप लोग सोचे। समाज ने यह निर्णय लिया है कि एनडीए सरकार या यूपीए सरकार जो कुम्हार समाज के विषय में मंथन करेगी वैसे पार्टी को ही मतदान करने का विचार करेंगी। जिला अध्यक्ष श्री प्रेम किशोर प्रजापति ने राजनीतिक दलों से या मांग करती है कि भंग माटी कला बोर्ड का पूर्ण गठन हो सभी प्रखंडों में जहां पर कुम्हार रहते हैं और मिट्टी से काम करते हैं उनके लिए नजदीक के क्षेत्र के गैर मंजुर्बा जमीन मुहैया कराया जाए जिससे कि मिट्टी के बर्तन बनाने में उसका उपयोग हो सके। सभी प्रखंड मुख्यालय में सस्ती दरों पर मिट्टी के समान को पकाने के लिए लकड़ी कोयला की व्यवस्था करेंगे वैसे ही राजनीतिक दल के लोगों को समाज मतदान करेगी। ट्रस्ट के संरक्षक श्री वासुदेव प्रजापति ने सभी सनातन से अपील किए हैं कि अपने-अपने घरों पर कुम्हार से बने हुए वस्तु का अधिक से अधिक उपयोग करें। साथ ही साथ ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार ने काहा की जब शुभ कार्य में विवाह किसी भी अनुष्ठान में हमारे कुम्हार समाज के वस्तु का अधिक से अधिक उपयोग होता है तो इस दीपावली पर भी समाज को प्रोत्साहन करें जिससे कि समाज के लोगों का जीवन स्तर सुधर सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेम किशोर प्रजापति, विनोद प्रजापति, वासुदेव महतो, संजय महतो, अमित कुमार आदि शामिल थे।

## नामांकन के अंतिम दिन सात उम्मीदवारों ने किया नामांकन दाखिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को अभ्यर्थियों द्वारा अपना नामांकन दाखिल करने का सातवां व अंतिम दिन रहा।आज कुल 07 अभ्यर्थियों द्वारा अपना नामांकन अमित कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाची पदाधिकारी,72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय में दाखिल किया गया। सभी दाखिल नामांकन की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर 2024 को होगी।आज नामांकन भरने वाले अभ्यर्थियों की सूची इस प्रकार है। सोमा उराँव, पिता- सुकरू उराँव, दल - निर्दलीय। संतोष भगत, पिता-गंदुरा भगत, दल - निर्दलीय। यशपाल भगत, पिता - मंगरा उराँव दल - बहुजन समाज पार्टी। रामेश्वर लोहरा, पिता-ध्रुव लोहरा दल - निर्दलीय। किशोर उराँव, पिता - खुदी उराँव दल - झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) । राजेश लोहरा, पिता-रामदेव लोहरा दल - निर्दलीय। संजीव कच्छप, पिता-गोवर्धन उराँव दल - निर्दलीय शामिल है। अब तक कुल 18 अभ्यर्थियों ने किया नमांकन।

## निर्वाचन कार्य को लेकर बीडीओ ने किया बैठक, विद्यालय प्रधानाचार्य को दिया गया आवश्यक निर्देश



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय सभागार में 25 अक्टूबर शुक्रवार को प्रखंड सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी छंदा भटाचार्य के अध्यक्षता में विद्यालयों के प्रधानध्यापक व विद्यालय प्रभारियों का बैठक आहुत की गई। बैठक के माध्यम से प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा 13 नवम्बर को लोहरदगा विधानसभा चुनाव की तिथि निर्धारित है जिसके लिए सभी बूथ पर रैम्प, शौचालय, बिजली, पेयजल आदि व्यवस्था को दुरुस्त कराने का निर्देश सभी को दिया साथ ही साथ मतदान के दिन ससमय बूथ पर मतदान कर्मी अपना उपस्थित सुनिश्चित करेंगे ताकि मतदान सुचारू रूप से शतप्रतिशत शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो। मौके पर मनीष बाखला, अमरेंद्र यादव,अमित लकड़ा, शिव कुमार, हरिनंदन उरांव, परदेशी उरांव एवं अंचल व प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

## भाजपा के आलोक चौरसिया है निकम्मा विधायक : रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह भावी विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने चैनपुर प्रखंड के करसो, केलहर, बोड़ी, मतौली शहीत कई दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान को तेज किया एवं लोगों से बदलाव करने की अपील की उन्होंने कहा कि 10 साल में भाजपा के विधायक ने गांव में न तो सड़क बनाया और ना ही गरीबों का आवास बना वहीं कांग्रेस झामुमो की सरकार ने भी 5 साल में केवल लफ्फाजी करने का काम किया अबुआ आवास का कहीं कोई अता-पता भी नहीं चला और प्रधानमंत्री आवास भी गायब रहा ऐसी स्थिति में आम जनता डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा में बदलाव करें एवं भाकपा को मजबूत करें। मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो चटे- पटे है वही नामधारी ने 25 सालों तक केवल लूट का बाजार बनाया ऐसी स्थिति में जनता गोलबंद होकर युवा, कर्मठ,ईमानदार उम्मीदवार रुचिर तिवारी के पक्ष में मतदान करें। जनसंपर्क अभियान में अभय कुमार भूइंया ने कहा कि गरीब दलित आदिवासियों के हित में काम करने वाले गरीबों के चहेता रुचिर तिवारी को इस बार विजई बनावें। जनसंपर्क अभियान में निरंजन कमलापुरी नसीम राइन, सोनू अहमद, शंकर चंद्रवंशी, अभिषेक कुमार, शौकत अली, डॉक्टर फिरोज राजेंद्र प्रसाद, शहीत कई लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार ने संयुक्त रूप से बीएलओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभा भवन में शुक्रवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बीएलओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी, स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता तथा मतदाता पर्ची वितरण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि आगामी पांच नवंबर तक सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि बीएलओ खुद से डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे। इसकी निगरानी नियुक्त



सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा किया जाएगा। मतदाता पर्ची वितरण में किसी भी तरह से लापरवाही होती है, तो सेक्टर मजिस्ट्रेट व बीएलओ पर कार्रवाई तय है। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि भंडरा प्रखंड में 54 मतदान केंद्र है। जिसमें लोहरदगा विधानसभा अंतर्गत 72 में 30 मतदान केंद्र तथा बिशनपुर विधानसभा 69 के अंतर्गत 24 मतदान केंद्र आते है। जिसमें शत-प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का भी आयोजन कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। साथ ही डोर-टू-डोर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करें, ताकि मतदाताओं को 13 नवंबर के दिन मतदान करने में किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना करना ना पड़े। मौके पर अनिता उरांव, सुमित्रा टोप्पो, नीलम कुमारी, विनीता देवी सहित पर्यवेक्षक व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

## कुरडेग और बोलबा ब्लॉक में चिन्हित विद्यालयों के प्रधानाध्यापको के साथ किया गया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरड़ेग और बोलबा ब्लॉक के BRC कार्यालय मे पीरामल फाउंडेशन के द्वारा प्रखंड के चिन्हित विद्यालयों के शिक्षकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उदेश्य बेसलाइन मूल्यांकन से आये हुए परिणामों को साझा करना साथ ही परिणामों को ध्यान मे रखते हुए नौनिहालों के लर्निंग अधिगम बढ़ाने हेतु एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग, स्कूल प्रोसेस मे नवाचार को समेकित करते हुए नवाचारी शिक्षा को बढ़ावा देते हुए नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के अंतर्गत बच्चों मे 21वी शताब्दी की स्किल को बढ़ाना रहा। साथ ही कार्यशाला को फैसिलिटेट कर रही गांधी फेलो रवीना निराला ने TIPPS टूल्स के बारे मे भी बताया की यह टूल्स कैसे शिक्षकों को सेल्फ रिफलेक्शन मे मददगार साबित होते हुए बच्चों



के अधिगम को NEP के अनुसार बढ़ाने मे कारगर साबित होगा। को-फैसिलिटेट कर रहे गांधी फेलो आशीष कुमार ने शिक्षा में निपुण भारत मिशन को कामयाब करने मे FLN किस तरह महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा इस पर प्रकाश डाला। इस पूरे कार्यशाला के दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जया रश्मि और निर्मला लिंडा, पीरामल फाऊंडेशन से प्रोग्राम लीडर अमित चतुर्वेदी, गांधी फेलो आशीष कुमार, रवीना निराला, अमित भगत, विक्की कुमार, सीआरपी, बीआरपी, FLN मास्टर ट्रेनर सुदेश महतो के साथ सभी चिन्हित डेमो स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने मिथिलेश ठाकुर पर लगाये गंभीर आरोप, कहा- 'गरीबों का हक छीना



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा में एनडीए प्रत्याशी सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तिवारी का कहना है कि मंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान सबसे अधिक पिछड़े, दलित और आदिवासी समुदायों पर जुल्म ढाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कल्याण विभाग से मिलने वाली सब्सिडी पर गरीबों को मिलने वाला वाहन मंत्री ने अपने चहेतों को दिलाने का काम किया है।उन्होंने कहा कि मंत्री ने अपने विधायक प्रतिनिधियों को कल्याण विभाग से मिलने वाले सब्सिडी वाले वाहनों का वितरण किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के लोग मंत्री और झामुमो से पूरी तरह मोहभंग कर चुके हैं और भ्रष्टाचार तथा आपराधिक गतिविधियों से तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा, ÷विशेष समुदाय के मंत्री के प्रतिनिधि ने शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी की महिला के साथ खुलेआम मारपीट की, जो किसी से छिपी हुई नहीं है।श्री तिवारी ने यह भी आरोप लगाया कि मंत्री के गुर्गे खुलेआम गरीबों की जमीन लूट रहे हैं और मंत्री ने क्षेत्र के लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को छिन लिया है। उन्होंने कहा कि मंत्री ने एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए आपराधिक छवि के व्यक्तियों को पिस्टल और राइफल का लाइसेंस जारी किया है। बातचीत में उन्होंने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में भाजपा के पक्ष में हवा चल रही है और लोग प्रधानमंत्री मोदी को गारंटी के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाएं गो-गो दीदी योजना के तहत भारी संख्या में फार्म भर रही हैं और भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं के खातों में हर माह 21 सौ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।श्री तिवारी ने संघत मोहल्ला, सोनपुरवा, जोबरईया और अन्य क्षेत्रों में जाकर जनसंपर्क किया और भाजपा तथा पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए कमल फूल के चुनाव चिह्न पर मतदान करने की अपील की।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता हेतु आज स्वीप कोषांग की ओर से लोहरदगा जिला के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों तथा बाल विकास परियोजना पोषक क्षेत्र के दिव्यांग मतदाताओं के जागरूकता हेतु डोर टू डोर विजिट किया गया। इसमें बूथ अवेयरनेस ग्रुप (BAG) द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों/घरों पर भी दिव्यांगजनों को 13 नवंबर 2024 को होने वाले मतदान के तिथि की जानकारी दी गई। बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए कई सुविधाएं दी गयी हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था है। जो बूथ तक नहीं पहुंच सकते हैं उनके लिए वाहन की सुविधा दी जा रही है। आप आएं और मतदान करें। आज के कार्यक्रम में सभी आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा स्वीप कोषांग के पदाधिकारी/कर्मी शामिल हुए।

# विश्रामपुर से कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी ने किया नामांकन दाखिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस सह-इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी ने शुक्रवार को समाहरणालय निर्वाची पदाधिकारी के पास पंहुच कर अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन से पूर्व उन्होंने कांग्रेस भवन पहुंच कर अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर में माथा टेककर पूजा अर्चना की। इसके बाद अपने प्रस्तावकों के साथ वह समाहरणाय निर्वाची पदाधिकार के पास अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी का स्वागत कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन दल के विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका स्वागत किया गया। ढोल, नगाड़ा, झंडा लेकर कचहरी मैदान में सभा किया गया। मौके पर उपस्थित



विधायक प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस को विश्रामपुर की जनता हमेशा अपना आशीर्वाद और समर्थन देती रही है।जिस प्रकार लोकसभा चुनाव में हम सभी जीत हासिल किए हैं। इस प्रकार इस विधानसभा चुनाव में हम सभी को एक होकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना है। एक बार फिर से झारखंड में विकास की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने का काम करना है।

# सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक ने सभी कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक अमित सिंह बंसल, पुलिस प्रेक्षक एम रवि प्रकाश और व्यय प्रेक्षक विमल चन्द्र दास द्वारा आज विधानसभा आम निर्वाचन को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त और त्रुटिरहित संपन्न कराने हेतु आवश्यक बैठक जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत सभी कोषांगों के वरीय/ नोडल/ प्रभारी पदाधिकारी के साथ की गई। बैठक में कोषांगवार उनके कार्यों की समीक्षा की गई और बिंदुवार उन्हें दिशा-निर्देश दिये गये। कार्मिक कोषांग की ओर से निर्वाचन हेतु प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी की जानकारी दी गई। ईडीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग द्वारा फार्म-12 की संख्या, होम वोटिंग की तिथियों



से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मतदान पदाधिकारियों के प्रशिक्षण की तिथियां व चरणवार आयोजित प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। वरीय पदाधिकारी,वाहन कोषांग द्वारा निर्वाचन कार्य हेतु आवश्यक व उपलब्ध एवं प्रयुक्त वाहनों के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग द्वारा बताया गया कि मतदान प्रतिशत की बेहतर उपलब्धि के लिए इस बार 80 प्रतिशत वोट का लक्ष्य लेकर स्वीप की टीम कार्य कर रही है। लोकसभा निर्वाचन में भी बेहतर उपलब्धि रही थी। सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदाताओं के लिए डोर-टू-डोर कैंपेन चलाया जा रहा है। छह डिस्ट्रिक्ट आइकॉन भी स्वीप गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। वरीय पदाधिकारी, ईवीएम/ वीवीपैट कोषांग द्वारा संपन्न प्रथम रेण्डमाइजेशन की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि जिला में पर्याप्त संख्या में ईवीएम हैं। वरीय पदाधिकारी, व्यय कोषांग द्वारा व्यय की मॉनिटरिंग के लिए प्रतिनियुक्त वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो व्युइंग टीम व व्यय कोषांग में प्रतिनियुक्त पूरी टीम की जानकारी दी गई और किये जा रहे कार्यों के बारे बताया गया। प्रत्याशियों के व्यय की जांच के लिए 3, 6 व 10 नवंबर 2024 की तिथियों निर्धारित की गई है। आज की बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जानकारी दी कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के सफल संचालन के लिए कोषांगों का गठन किया गया है जो प्रतिदिन रिपोर्ट कर रही है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर सतत् निगरानी हर स्तर से की जा रही है। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के उपरांत 18 अक्टूबर से नामांकन पत्रों की बिक्री हो रही है और प्रत्याशियों द्वारा नामांकन निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष उनके कार्यालय में दाखिल किया जा रहा है। राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता, व्यय आदि की जानकारी दे दी गई है। एसएसटी टीम व वीएसटी टीम आदर्श आचार सहिंता के उल्लंघन के मामलों की लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं के बिंदु पर कार्य कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा जिला में बीते चुनावों में संवेदनशील बूथों व सामान्य बूथों में मतदान शांतिपूर्ण आयोजित कराए जाने की जानकारी दी और बताया कि सभी तैयारियां कर ली गई हैं। आवश्यक सुरक्षा बल की जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। सामुदायिक सौहार्द्र भी जिला में बनी हुई है। किसी प्रकार की समस्या शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने में नहीं है। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी कोषांगों के वरीय/ नोडल/ प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## इंद मेला हमारी धरोहर है, इससे स्थानीय कलाकारों को मिलता है मंच : जोसिमा खाखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि इंद मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इंद मेला के आयोजन से हम अपनी संस्कृति को जीवित रखने के प्रयास करते हैं। हमारी संस्कृति को बचाये रखने के लिए इंद मेला का आयोजन बहुत जरूरी है। जोसिमा खाखा शुक्रवार को पालकोट के तपकरा में आयोजित इंद मेला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ जोसिमा ने फिटकाट कर किया। इस दौरान स्थानीय एवं बाहर से आये कलाकारों ने गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। कलाकारों की कला देखकर लोगों ने भी खूब तालियां बजाई। जोसिमा खाखा ने कहा कि आधुनिकता के दौर में आज हमारी संस्कृति विलुप्त होने के कगार पर है। हमे मिलकर अपनी संस्कृति को बचाना है। उन्होंने कहा कि संस्कृति



बचाने के नाम पर खुद को हड़िया दारू तक सीमित न रखें। बल्कि जो हमारे समाज और संस्कृति का अहम हिस्सा है उसे बचाकर रखें। जोसिमा ने कहा कि ऐसे आयोजन में ज्यादा से ज्यादा स्थानीय कलाकारों को मौका दें। ताकि उनके कला प्रतिभा में निखार आ सके। उन्हें एक मंच मिल सके। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज से नशापान को दूर करने एवं शिक्षा को बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष विवेक साहू, सचिव रविंद्र महतो, कोषाध्यक्ष नरेश महतो, संरक्षक मोतीलाल राम, पहान बुधवा, मुखिया पति रोहित एक्का, भुनेश्वर राम, माड़वाड़ी सिंह, लीला नाग, अंजली रानी टोप्पो, उर्मिला केरकेट्टा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### राज्यपाल से सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक ने की मुलाकात



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को राजभवन में सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैम्प के महानिरीक्षक कमलजीत सिंह बन्याल ने भेंट की। इस अवसर पर महानिरीक्षक बन्याल ने राज्यपाल को हजारीबाग के सीमा सुरक्षा बल के सहायक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित होने वाले दीक्षांत परेड में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

### पदोन्नत किए गए पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड पुलिस मुख्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड, अजय कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) आर.के. मल्लिक द्वारा चयन में पदोन्नत किए गए पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, पलामू एवं रित्विक श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक, चतरा को बैज लगाकर शुभकामनाएं दी गईं।समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। आर.के. मल्लिक, पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय), संजय आनंद राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान), प्रिया दुबे, अपर पुलिस महानिदेशक (झा0स0पु0), मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय), साकेत कुमार, पुलिस महानिरीक्षक (सीआरपीएफ), अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक (रांची); अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान); प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक (विशेष शाखा); नरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक (पलामू); माइकल राज एस., पुलिस महानिरीक्षक (बोकारो); राजकुमार लकड़ा, पुलिस महानिरीक्षक (जैप); एवं नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक (बजट) सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



# कांग्रेस प्रत्याशी लाल सूरज ने किया नामांकन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी लाल सूरज ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लाल सूरज के समर्थक उपस्थित थे। नामांकन पत्र भरने के बाद लाल सूरज ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के बदहाली को दूर करना उनका मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों ने विकास का कोई कार्य नहीं किया। यही कारण है कि इस क्षेत्र में गरीबी और



बेरोजगारी चरम पर है। लाल सूरज ने कहा कि अगर यहां की जनता उन्हें मौका देती है तो पांकी विधानसभा क्षेत्र से बेरोजगारी और गरीबी दूर करना उनका मुख्य उद्देश्य होगा। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आमूल परिवर्तन किए जाएंगे। यहां ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा बहाल किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा का भी हाल बेहाल है। इन सभी कमियों को दूर किया जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी लाल सूरज ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का भी घोर अभाव है। यहां के किसान पूरी तरह से सिंचाई से वंचित हैं। इसलिए पूरे विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था उनके द्वारा की जाएगी।

## गढ़वा से एआईएमआईएम प्रत्याशी डॉ. एमएन खान ने किया नामांकन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : आगामी विधानसभा चुनाव में गढ़वा विधानसभा सीट से एआईएमआईएम के प्रत्याशी डॉ. एम एन खान ने आज नामांकन दाखिल किया। डॉ. खान ने नामांकन पत्र जमा करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में इस बार बदलाव की स्पष्ट लहर है और जनता एआईएमआईएम को एक नया विकल्प मानते हुए समर्थन दे रही है। डॉ. खान ने गढ़वा क्षेत्र की मौजूदा समस्याओं पर जोर देते हुए कहा कि यहां की जनता लंबे समय से बेरोजगारी, शिक्षा, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान प्रतिनिधित्व इन बुनियादी मुद्दों को हल करने में विफल रहा है, जिससे लोगों में निराशा बढ़ रही है।



उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार गढ़वा की जनता उनके पक्ष में निर्णय लेगी और एआईएमआईएम को विधानसभा में भेजने का मन बना चुकी है। डॉ. खान ने कहा, ÷गढ़वा की जनता बदलाव चाहती है और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं उनके भरोसे पर खरा उतरूंगा। डॉ. खान के नामांकन में उनके समर्थक और पार्टी के कई नेता भी शामिल थे, जिन्होंने जोरदार नारों और समर्थन के साथ उनका हौसला बढ़ाया।

# विश्रामपुर से ब्रह्मदेव प्रसाद ने किया नामांकन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से ब्रह्मदेव प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया। इनके नामांकन के अवसर पर हजारों की संख्या में भीड़ मौजूद थी। नामांकन करने के बाद ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। अभी तक के किसी भी जनप्रतिनिधि में इन समस्याओं को खत्म करने के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि यहां से अगर उनकी जीत होती है तो इस विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेंगे। साथ ही शिक्षा की व्यवस्था में भी आमूल परिवर्तन लाया जाएगा। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में गरीबी और बेरोजगारी चरम पर है। इन दोनों को दूर करने का वह हर संभव प्रयास करेंगे। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का भी घोर अभाव है। यहां सिंचाई सुविधा बहाल करना भी उनकी प्राथमिकता होगी। बता दें कि पिछले दिनों रांची से गया जाने के क्रम में ब्रह्मदेव प्रसाद का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। और वह पूरी तरह से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल पटना में भर्ती कराया गया था। ब्रह्मदेव प्रसाद घायल अवस्था में ही व्हील चेयर पर बैठकर नामांकन पर करने पहुंचे। उनके प्रति लोगों में काफी संवेदना देखी जा रही है।

# आदित्य ठाकरे के खिलाफ मिलिंद देवड़ा लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी

**मुंबई** : महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों की लिस्ट आने लगी है. इस बीच शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने वर्ली से मिलिंद देवड़ा को टिकट दिया है. वर्ली से शिवसेना यूबीटी के प्रत्याशी आदित्य ठाकरे हैं. एक दिन पहले ही आदित्य ठाकरे ने वर्ली से नामांकन किया और फिर शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने देवड़ा को चुनावी मैदान में उतार दिया. बता दें कि मिलिंद देवड़ा अभी राज्यसभा सांसद हैं. वह दक्षिण मुंबई से 3 बार सांसद रहे हैं. इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान वर्ली का जिम्मा देवड़ा के पास था. इसका फायदा भी मिला और आदित्य ठाकरे की सीट होने के बावजूद शिवसेना (यूबीटी)



को सिर्फ 6500 मतों की बढ़त मिल सकी. इसलिए विधानसभा चुनाव में देवड़ा और आदित्य ठाकरे के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकता है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे आदित्य ठाकरे को कड़े मुकाबले में फंसाना चाहते हैं. वर्ली विधानसभा से मनसे ने संदीप देशपांडे को मैदान में उतारा है. इससे मुकाबला और रोचक हो जाता है. आदित्य ठाकरे शिवसेना यूबीटी का बड़ा चेहरा हैं, अगर वह अपनी सीट पर फंसते हैं तो वह दूसरी सीटों के प्रचार में कम ध्यान दे पाएंगे.उधर,नामांकन के बाद आदित्य ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की सरकार बनने जा रही है.

# गढ़वा की तस्वीर बदलने के लिए करें मतदान : मंत्री मिथिलेश

### मेराल जिप सदस्य सहित 300 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा।** मेराल दक्षिणी जिला परिषद सदस्य संजय सिंह सहित भाजपा, बसपा, एआईएमआईएम आदि राजनीतिक दलों को छोड़कर विभिन्न प्रखंडों के 300 से अधिक लोग झामुमो में शामिल हो गये हैं। शुक्रवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पहुंचकर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी संजय कमलापुरी, अमित कमलापुरी सहित मेराल प्रखंड



के चामा एवं दुलदुलवा से उदय गुप्ता, चंदन गुप्ता, सत्यम चंद्रवंशी, सोनू पाल, नितीष पाल, छोटू विश्वकर्मा, राहुल चंद्रवंशी, रंजन पासवान, विनोद चौधरी, गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से सूर्या केशरी, संजू कुमार, विक्की पासवान, अमित प्रजापति, नीरज कुमार, नितीश यादव, सरफराज, गौरव शुक्ला, हिमांशु पटेल, टाईगर कुमार रवि, श्रवण कुमार, रोहित कुमार, सन्नी पंडित, सरफु अंसारी, रंका प्रखंड के खपरो से भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य गुलजार अंसारी, सक्साद खलीफा, अनिस अंसारी, शमशेर अंसारी, रंका के रबदा से भाजपा व बसपा छोड़कर अशोक राम, संजय चंद्रवंशी, चंदन कुमार, भोला राम, मनोज राम, हरि भुईयां, धनंजय दुबे, उत्सव तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, रंका उत्तरी जिला परिषद प्रतिनिधि राहुल तिवारी, खपरो से मनोज भारती, इंद्रदेव राम, लाल बाबु, राम स्वार्थ राम, भोला कुमार, सुरज सिंह, आशीष कुमार रंजन, विवेक कुमार, गढ़वा प्रखंड के जुटी से जमील अख्तर, संजर अंसारी, सकील अंसारी, शहजाद अंसारी, कल्याणपुर पंचायत से मंजर खान के नेतृत्व में टेंपु चालक संघ के अध्यक्ष जुबरैल खान, सचिव सरफराज खान, शदाब अंसारी, पिंटु शर्मा, अमानत हजाम सहित 300 से अधिक लोग शामिल हैं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी लोग वोट लूटने वालों से सावधान रहें। अपने क्षेत्र में जनता को भी इस बात से अवगत कराएं कि जो लोग सिर्फ चुनाव के समय वोट लूटने आते हैं, कोई चिकनी-चुपड़ी तो उल्टी-सीधी बातों में फंसा कर जनता को गुमराह करते हैं। वैसे लोगों के झांसे में कभी नहीं आएं। लोकतंत्र के इस महापर्व में एक-एक वोट काफी महत्वपूर्ण है। सभी लोग सोच समझकर क्षेत्र का विकास करने वाले व्यक्ति को ही वोट दें। जो वोट लेकर जीतने के बाद क्षेत्र में कोई काम नहीं करता है, वैसे लोगों को कभी वोट न दें। गढ़वा की तस्वीर बदलने के लिए तीर धनुष छाप पर ही अपना मतदान करें।

### रांची में तालाब में मिला छात्र का शव



**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चडरी तालाब से सरला बिरला स्कूल के छात्र का शव मिला है। छात्र की पहचान रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के इरगु टोली के रहने वाले रौनक (19) के रूप में हुई है। वह गुरुवार को आठ बजे कॉलेज के लिए निकला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि रौनक के पिता गुरुवार की शाम उसकी तस्वीर लेकर थाने में आए थे लेकिन उन्होंने कोई लिखित आवेदन नहीं दिया। सिर्फ रौनक की तस्वीर देकर थाने से लौट गए। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान से हिंसा बंद करने का किया आग्रह

एजेंसी

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि गुलमर्ग में हुए हमले जैसे हमले तब तक होते रहेंगे जब तक भारत और पाकिस्तान दोस्ती का रास्ता नहीं खोज लेते और ऐसे जम्मू-कश्मीर की परेशानियां खत्म नहीं होंगी। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग के पास गुरुवार को आतंकवादियों ने सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला किया जिसमें तीन सैनिक और दो सेना के पोर्टर मारे गए हैं।

हमले में एक अन्य सैनिक और एक पोर्टर घायल हो गए।अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि इस राज्य में ऐसे हमले होते रहेंगे। आप जानते हैं कि वे कहां से आते हैं और यह तब तक नहीं रुकेगा जब तक इस परेशानी से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिल जाता। मैं पिछले



30 सालों से यह देख रहा हूं, निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में अशांति फैलाने के बजाय पाकिस्तान को अपनी दुर्दशा पर ध्यान देना चाहिए और अपनी बेहतरी के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा वे खुद तो बर्बाद हो ही रहे हैं साथ ही हमें भी बर्बाद कर रहे हैं। अब्दुल्ला ने पाकिस्तान से हिंसा रोकने और भारत के साथ दोस्ती का रास्ता तलाशने की अपील की। उन्होंने कहा अगर वे कोई रास्ता नहीं तलाशते हैं तो भविष्य बहुत मुश्किल होगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने गुरुवार के हमले में मारे गए दो कुलियों और तीन सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मैं उन लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं जो शहीद हुए हैं। मैं उनके परिवारों से माफी मांगता हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि हाल के विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान हताश है, अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि क्या हुआ।

# अगले पांच वर्षों में मेडिकल की 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी: जेपी नड्डा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के 53वें स्थापना दिवस समारोह और दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में एमबीबीएस और एमडी की सीटों में 100 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इसके साथ आने वाले पांच सालों में सरकार एमबीबीएस की 75 हजार सीटें और बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि बुनियादी शिक्षा हर किसी का जन्मसिद्ध अधिकार है लेकिन व्यावसायिक शिक्षा एक विशेषाधिकार है जो समाज केवल कुछ ही लोगों को प्रदान करता है।

सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र के लिए 30-35 लाख रुपये खर्च करती है। उन्होंने नए डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे अपने पेशेवर करियर को आगे बढ़ाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। नड्डा ने स्वास्थ्य पेशेवरों को देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए सुनिश्चित करने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि आपके प्रयास %विकसित भारत% के हमारे राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आकार देने पर केंद्रित होने चाहिए। केंद्र सरकार ने 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में बदलाव किया, जिसने स्वास्थ्य देखभाल को केवल उपचारात्मक दृष्टिकोण से पहले एक समग्र दृष्टिकोण में बदल दिया, जो निवारक, एकीकृत और साथ ही उपचारात्मक स्वास्थ्य देखभाल को पूरा करता है। नड्डा ने स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा समाज में किए गए महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला और स्नातकों से अपने काम को करुणा, अखंडता और समर्पण के साथ करने का आग्रह किया। उन्होंने देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए सुलभ हों। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में 22 नए एम्स, नए मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना की गई।

# जीआरएसई ने भारतीय नौ सेना के लिए सातवां एंटी-सबमरीन युद्ध जलयान किया

एजेंसी

**कोलकाता :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे आठ एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) में से सातवें जलयान का शुक्रवार को शुभारंभ किया। इस जलयान का शुभारंभ नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस की अध्यक्ष संध्या पेंढारकर द्वारा किया गया। वे पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर की पत्नी हैं। इस अवसर पर वाइस एडमिरल पेंढारकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में जीआरएसई के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर कमोडोर पी आर हरी (सेवानिवृत्त), भारतीय नौसेना के रियर एडमिरल संदीप मेहता, निदेशक (शिपबिल्डिंग) कमांडर शांतनु बोस (सेवानिवृत्त) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। जलयान का लॉन्च एक महत्वपूर्ण अवसर होता है जब जहाज को पहली बार पानी में उतारा जाता है और उसे नाम दिया जाता है। एक युद्धपोत के लॉन्च के समय ही उसका नामकरण होता है और यह उसे जन्म देने जैसा माना जाता है। जिस महिला द्वारा जलयान लॉन्च किया जाता है, उसे उस युद्धपोत की %माता% माना जाता है जब तक कि उसे दशकों की सेवा के बाद निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता। संस्कारों के बाद, इस एंटी-सबमरीन युद्ध शैलो वॉटर क्राफ्ट (यार्ड 3032) का नाम संध्या पेंढारकर ने ÷आईएनएस अभय÷ रखा। ये एंटी-सबमरीन युद्ध शैलो वॉटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) 2.7 मीटर के गहरे पानी में ही संचालन करने में सक्षम हैं और तटीय क्षेत्रों के नजदीक काम कर सकते हैं। ये कम तीव्रता समुद्री संचालन और खदान




बिछाने के कार्यों में भी सक्षम हैं। 77.6 मीटर लंबा और 10.5 मीटर चौड़ा यह शक्तिशाली युद्धपोत तटीय जल के साथ-साथ विभिन्न सतहों और उप-सतह की पूर्ण निगरानी में सक्षम है और विमानों के साथ समन्वित एंटी-सबमरीन अभियानों में भाग ले सकता है। एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी पानी के जेट से चलने वाले जहाज हैं जो अधिकतम 25 नॉट्स की गति तक पहुंच सकते हैं। इन जहाजों में हल्के टॉरपीडो, एएसडब्ल्यू रॉकेट और खदानें शामिल होती हैं, जो एक प्रभावी एंटी-सबमरीन सेटअप का हिस्सा हैं। इन्हें 30 मिमी क्लोज-इन वेपन्स सिस्टम और 12.7 मिमी स्थिर रिमोट-कंट्रोल गन से भी सुसज्जित किया गया है। इसके साथ ही, इन जहाजों में हल-माउंटेड सोनार और लो-फ्रीक्वेंसी वैरिएबल डेप्थ सोनार लगे हैं, जो पानी के नीचे निगरानी में सहायक हैं। वर्तमान में भारतीय नौसेना में एक आईएनएस अभय पहले से ही सेवा में है, जो पूर्व में सोवियत संघ में निर्मित एएसडब्ल्यू कोरवेट्स की अभय श्रेणी की अगुआई करता है। 1989 में भारतीय नौसेना में शामिल हुए इस जलयान के अन्य तीन जहाजों को पहले ही सेवामुक्त कर दिया गया है। 35 वर्ष पुराना आईएनएस अभय जल्द ही सेवामुक्त हो जाएगा, जिसके बाद इस नई उन्नत क्षमताओं वाले जलयान को उसकी जगह दी जाएगी, जो आधुनिक युग के सब-सतह खतरों से निपटने के लिए अधिक सक्षम है। वाइस एडमिरल पेंढारकर ने भारतीय नौसेना को आधुनिक युद्धपोतों की आपूर्ति में जीआरएसई के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारतीय शिपयार्डों में 63 युद्धपोत निर्माणाधीन हैं और भविष्य में नौसेना को और अधिक जहाजों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, भारतीय जलक्षेत्र में दुश्मन की पनडुब्बियों के होने की संभावना हमेशा बनी रहती है।